सूर्योदय 5:45 सूर्यास्त 7:7

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 23.0 अधि |
| धर्मशाला | 20.5 न्यू | 26.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78759.40 |
| निफ्टी | 24055.60 |
| सोना | 70,580 |
| चांदी | 81,072 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




कंगना आज करेगी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 6 अगस्त 2024 | 22 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 230, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### केजरीवाल को हाईकोर्ट से झटका, याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को अरविंद केजरीवाल की सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। साथ ही जमानत याचिका के लिए निचली अदालत जाने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि सीबीआई की केजरीवाल की गिरफ्तारी बिना किसी ठोस कारण से की गई है। कोर्ट ने 29 जुलाई को इसी मामले में हुई सुनवाई में फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### कश्मीर में दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके से सुरक्षाबलों ने दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि जुबैर अहमद और हिजाज नजीर को अवंतीपोरा इलाके में आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से दो पिस्तौल और अन्य प्रतिबंधित सामग्री बरामद की गई है।

### भारत में होगा पहला बिम्सटेक शिखर सम्मेलन

**नई दिल्ली।** भारत 6-8 अगस्त तक राजधानी दिल्ली में पहले बिम्सटेक बिजनेस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है। विदेश मंत्रालय, भारतीय उद्योग परिसंघ के सहयोग से तीन दिवसीय इस कार्यक्रम की मेजबानी करेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर व्यापार शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि सम्मेलन में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अन्य बड़े नेता अपनी बात रखेंगे।

### के. कविता की जमानत याचिका स्थगित



**नई दिल्ली।** बीआरएस नेता के. कविता को कोर्ट से झटका लगा है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने कविता की दिल्ली आबकारी नीति केस में जमानत याचिका पर सुनवाई 7 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। कविता के वकील ने कोर्ट से बहस के लिए समय मांगा है।


### सिसोदिया की याचिका पर अब 12 को सुनवाई



**नई दिल्ली।** शराब नीति और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सोमवार को भी सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। अब 12 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में फिर सुनवाई होगी। सिसोदिया को पिछले साल 26 फरवरी को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- पांवटा साहिब में ड्रग माफिया से 59 लाख रुपए बरामद -पेज 3
- मलाणा में फंसे पर्यटकों को किया रेस्क्यू -पेज 11
- एरियर ग्रेच्युटी का भुगतान एकमुश्त करे सरकार -पेज 12
- 10 साल में स्वास्थ्य बजट आवंटन में 164 फीसदी वृद्धि : नड्डा -पेज 13
- भारत महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में-पेज 14





## श्रावण अष्टमी मेलों से मंदिरों में रौनक




श्रावण अष्टमी मेले के पहले दिन सोमवार को मां ज्वालाजी, नयना देवी और चिंतपूर्णी सहित प्रदेशभर के मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ा। सुबह से ही मंदिरों में मां के दर्शन के लिए लोग कतारबद्ध हो गए। देवभूमि हिमाचल में सावन माह में माहौल पूरी तरह से भक्तिमय हो गया है।

# बांग्लादेश में तख्तापलट

## शेख हसीना का पीएम पद से इस्तीफा, छोड़ा देश, सेना बनाएगी अंतरिम सरकार

**एजेंसी, ढाका**

**बांग्लादेश** में आरक्षण के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन और हिंसक झड़पों के बीच सोमवार को सरकार का तख्तापलट हो गया। पीएम शेख हसीना इस्तीफा देने के बाद देश छोड़कर चली गई हैं। इस बीच सेना ने देश की कमान संभालते ही प्रदर्शनकारियों से शांति की अपील की है।

हजारों प्रदर्शनकारियों ने कर्फ्यू का उल्लंघन करते हुए सड़कों पर मार्च किया। प्रदर्शनकारी पीएम आवास में घुस आए। हसीना की पार्टी आवामी लीग के दफ्तर व असदुजमन खान के घर को भी आग के हवाले कर दिया। वहीं, पुलिस-प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में 6 लोग मारे गए हैं।



### बांग्लादेश सेना प्रमुख बोले- अंतरिम सरकार चलाएंगे

**शेख** हसीना के इस्तीफे के बाद बांग्लादेश सेना के प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि आपकी जो मांग है, उसे हम पूरा करेंगे। देश में शांति वापस लाएंगे। हम इस देश को अंतरिम सरकार से चलाएंगे। प्रदर्शनकारियों से कहा कि तोड़फोड़-आगजनी मारपीट से दूर रहिए। आप लोग हमारे साथ मिलकर चलेंगे, तो हालात सुधरेंगे। मारपीट हिंसा से कुछ नहीं मिलेगा। संघर्ष और अराजकता से दूर रहिए।

### भारत पहुंचीं हसीना


**शेख** हसीना का विमान गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस में लैंड हुआ है। यहां वह सेफ हाउस में हैं। बांग्लादेश वायुसेना के विमान से भारत पहुंचीं शेख हसीना को भारतीय वायुसेना के उच्च अधिकारियों ने उन्हें एयरबेस पर रिसीव किया है। शेख हसीना के साथ उनकी बहन भी मौजूद हैं। वहीं, अजीत डोभाल ने दिल्ली में शेख हसीना से मुलाकात कर बांग्लादेश के हालातों की जानकारी ली।

### एडवायजरी जारी

**भारत** सरकार ने भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक बांग्लादेश की यात्रा न करने की सलाह दी है। बांग्लादेश में भारतीय अधिकारियों ने अस्थिर स्थिति को देखते हुए नागरिकों से सतर्क रहने को कहा है।

### दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग की बढ़ाई सुरक्षा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा के बाद चाणक्यपुरी स्थित बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा बढ़ा दी है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।



### प्रदर्शनकारियों ने तोड़ी मुजीबुर्रहमान की प्रतिमा

**भीड़** ने ढाका में शेख हसीना के पिता और बंग बंधु के नाम से पहचाने जाने वाले शेख मुजीबुर्रहमान की प्रतिमा को भी तोड़ दिया। प्रदर्शनकारियों ने मूर्ति पर बुलडोजर चलाया। शेख मुजीबुर्रहमान बांग्लादेश के जनक थे। शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद प्रदर्शनकारियों ने अवामी लीग चीफ शेख हसीना के दफ्तर को भी आग के हवाले कर दिया है। इसके बाद प्रदर्शनकारी पीएम आवास में घुसे और उस पर कब्जा कर लिया।

# चंबा में बनेगा हिमाचल का पहला ग्रीन हाइड्रोजन आधारित मोबिलिटी स्टेशन

## शिलान्यास के बाद बोले सुक्खू- 2025 तक परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला से सोमवार को चंबा में हिमाचल के पहले ग्रीन हाइड्रोजन आधारित मोबिलिटी स्टेशन का शिलान्यास किया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्टेशन ग्रीन हाइड्रोजन मोबिलिटी क्षेत्र में प्रदेश का मार्ग प्रशस्त करेगा। प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी हरित पहल का निर्माण नेशनल हाइड्रो पावर कॉर्पोरेशन (एनएचपीसी) की ओर से 14 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया जाएगा और अगस्त 2025 तक इस परियोजना के पूरा किया जाएगा।

सीएम ने कहा कि यह परियोजना एनएचपीसी चमेरा-3 पावर स्टेशन के निकट स्थापित की जाएगी और ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए इसे 300 किलोवॉट ग्रिड के सौर ऊर्जा संयंत्र से जोड़ा जाएगा। यह संयंत्र प्रतिदिन 20 किलोग्राम ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादित करेगा और ग्रीन हाइड्रोजन बस में भरने के लिए 450 बार या इससे अधिक के दबाव से संग्रहित किया जाएगा।



शिमला से ऑनलाइन प्रदेश के पहले ग्रीन हाइड्रोजन आधारित मोबिलिटी स्टेशन का शिलान्यास करने के बाद संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### बस सुविधा के लिए होगी हाइड्रोजन डिस्पेंसर यूनिट भी स्थापित

**बस** सुविधा के लिए एक हाइड्रोजन डिस्पेंसर यूनिट भी स्थापित की जाएगी। सीएम ने कहा कि इस नवीन पहल के माध्यम से क्षेत्र में पहली बार ग्रीन हाइड्रोजन बसों की शुरुआत की जाएगी और प्रदेश सरकार की इस नवोन्मेषी पहल से भारत के दुर्गम क्षेत्रों में ग्रीन हाइड्रोजन के प्रति जागरूकता फैलाने में सहायता मिलेगी। इस संदर्भ में एनएचपीसी ने चंबा के लिए एक ग्रीन हाइड्रोजन बस खरीद के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की है, ताकि पायलट परियोजना के शुरू होने पर इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

### परियोजना के शुरू होने से पैदा होंगे रोजगार के अवसर

**सुक्खू** ने कहा कि इस परियोजना के शुरू होने से चंबा जिला में राजस्व और रोजगार सृजन के अवसर पैदा होंगे और प्रदेश के आर्थिक विकास में योगदान सुनिश्चित होगा। हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य के रूप में 31 मार्च, 2026 तक स्थापित करने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए, वर्तमान प्रदेश सरकार हरित ऊर्जा विकल्पों का समुचित दोहन सुनिश्चित कर रही है और हरित ऊर्जा उद्योगों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

### कोचिंग सेंटर मामला : केंद्र व दिल्ली सरकार को नोटिस, मांगा जवाब

# डेथ चैंबर बन चुके कोचिंग सेंटर : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने पिछले सप्ताह दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत के मामले का सोमवार को स्वत: संज्ञान लिया। कोर्ट ने इस मामले पर केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी करके जवाब तलब किया।



शीर्ष अदालत ने कहा कि कोचिंग सेंटर 'डेथ चैंबर (मौत का कुआं)' बन गए हैं और छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि हाल ही में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना, जिसमें तीन युवा अभ्यर्थियों की जान चली गई, जिन्होंने अपना करियर बनाने के लिए कोचिंग सेंटरों में प्रवेश लिया था, सभी के लिए आंख खोलने वाली है। इसलिए, हम कार्यवाही के दायरे का विस्तार करना और केंद्र एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को नोटिस जारी करना उचित समझते हैं, ताकि वे कारण बताएं कि अब तक क्या सुरक्षा मानदंड निर्धारित किए गए हैं और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए क्या प्रभावी तंत्र विकसित किया गया है।

### बच्चों की जिंदगी के साथ खेल रहे कोचिंग सेंटर

**कोर्ट** ने कहा कि हम कोचिंग सेंटर्स की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। कोचिंग सेंटर्स बच्चों की जिंदगी के साथ खेल रहे हैं। हमारा यह सोचना है कि अगर कोचिंग सेंटर सेफ्टी नॉर्म को पूरा नहीं करते तो इनको ऑनलाइन मोड में पढ़ाई शुरू कर देनी चाहिए। बेंच ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने पर कोचिंग सेंटर फेडरेशन के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया। हाईकोर्ट ने मुखर्जी नगर कोचिंग हादसे के बाद जिन कोचिंग सेंटर के पास फायर एनओसी नहीं है, उन्हें बंद करने का आदेश दिया था।

# लाहौल-स्पीति में बादल फटने से भारी तबाही

## चिचिम, दारचा-शिंकुला, जोबरंग, दलदल नाला व हुरलिंग में फटे बादल

**कमलेश वर्मा, केलांग/काजा**

**लाहौल**-स्पीति जिले में सोमवार को बादल फटने से आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। जिले में पांच जगह चिचिम, दारचा-शिंकुला, जोबरंग, दलदल नाला व हुरलिंग में बादल फटे हैं। बाढ़ की चपेट में खेत व पुल आए हैं।

चंद्रभागा का जलस्तर बढ़ने से तडंग गांव को खाली करवा दिया है। धांदल नाले में बाढ़ से बीआरओ के पुल को नुकसान पहुंचा है। मयाड़ घाटी में हालात तो और खराब हैं। दारचा शिंकुला मार्ग पर फिर बादल फटने से बाढ़ आई है। वहीं, चार दिन से जंस्कार का मनाली से संपर्क कटा हुआ है। जिंगजिंगबार में बाढ़ आने से मनाली लेह मार्ग चार घंटे बंद रहा। (अनंत ज्ञान)



### समदो-काजा मार्ग बंद, सुरक्षित निकाले लोग

**समदो**-काजा मार्ग बंद हो गया है। दारचा मैदान में सड़क क्षतिग्रस्त होने से लगभग 300 वाहन फंस गए थे। वाहन चालकों व लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने बताया कि जिले में बारिश से भारी नुकसान हो रहा है।



### डोगरी और डकोलढ में मिले चार शव

**अनंत ज्ञान टीम।** प्रदेश में छह जगहों पर बादल फटने के बाद लापता हुए लोगों की तलाश में सोमवार को भी सर्च अभियान जारी रहा। शिमला के सुन्नी डैम के पास डोगरी गांव से दो शव बरामद हुए हैं। एक शव 17 वर्षीय लड़की और दूसरा करीब 22 साल के युवक का है। यह जानकारी एसडीएम रामपुर निशांत तोमर ने दी। वहीं, समेज के डकोलढ में भी दो शव मिले हैं। डीसी अनुपम कश्यप ने बताया कि शवों की पहचान नहीं हो पा रही है। इसके साथ ही मृतकों की संख्या 15 हो गई है। वहीं, श्रीखंड में लापता हुए दो लोगों की जानकारी अब मिली है। प्रदेशभर में अब भी 45 लोग लापता हैं।

# एमसीडी में सीधे 'एल्डरमैन' नियुक्त कर सकते हैं एलजी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने कहा कि कानून दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) को एमसीडी में 'एल्डरमैन' नामित करने का स्पष्ट रूप से अधिकार देता है व एलजी इस मामले में मंत्री परिषद की सलाह मानने के लिए बाध्य नहीं हैं।

**सुप्रीम ने कहा पार्षदों को मनोनीत करने के लिए दिल्ली सरकार से सलाह जरूरी नहीं**

दिल्ली नगर निगम में 10 मेंबर (एल्डरमैन) नॉमिनेट करने के एलजी के फैसले को मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह की आवश्यकता नहीं है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि एमसीडी में सदस्यों को नामित करने की एलजी की वैधानिक शक्ति है, न कि कार्यकारी शक्ति। सुप्रीम कोर्ट ने उपराज्यपाल के 10 एल्डरमैन नियुक्त करने के फैसले को बरकरार रखा। पहले 2023 में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था।

### 'आप' ने फैसले पर जताई असहमति

**आम** आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लोकतंत्र और संविधान के लिए बड़ा झटका बताया है। उन्होंने फैसले पर अपनी असहमति व्यक्त करते हुए कहा कि कोर्ट का फैसला मामले की सुनवाई से एक दम उलट है। सांसद ने कहा कि दिल्ली को अन्य राज्यों की तरह यह अधिकार मिलना चाहिए।

# सुक्खू कैबिनेट की मीटिंग आठ को होगी

**शिमला।** प्रदेश की सुक्खू सरकार ने 8 अगस्त को दोपहर 12 बजे कैबिनेट मीटिंग बुलाई है। प्रदेश सचिवालय में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। इससे पहले 25 जुलाई को मंत्रिमंडल की बैठक हुई थी, जिसमें सैकड़ों पदों को भरने का निर्णय लिया था। अब 14 दिन बाद फिर से कैबिनेट की बैठक होने वाली है। बैठक में विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को भरने और नए पदों को सृजित करने पर मुहर लग सकती है। वहीं, 15 अगस्त को कर्मचारियों को डीए की किस्त जारी होने की उम्मीद है। कर्मचारियों को दिए जाने वाले डीए को लेकर चर्चा हो सकती है।




## न्यूज ब्रीफ

### कंगना आज करेगी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला ।** मंडी संसदीय क्षेत्र से सांसद कंगना रनौत 6 अगस्त को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों समेज का दौरा करेगी। इस दौरान वह सुबह 9 बजे समेज में पहुंचेगी और प्रभावितों से मिलेगी। वहीं इस दौरान कंगना राहत बचाव कार्य का भी जायजा लेगी। इसके उपरांत कंगना रनौत कुल्लू जिले के निरमंड उपमंडल के बागीपुल 12 बजे के करीब पहुंचेगी, जहां पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगी। उसके बाद वापस निरमंड लौटेगी। बता दें कि रामपुर के समेज व कुल्लू जिले के बागीपुल में 31 जुलाई को भारी बाढ़ आने के के जान माल का भारी नुकसान हुआ है। जिसमें कई लोगों जिदा लापता हुए हैं, जिनकी तलाश में यहां पर प्रशासन की और से सर्चआपरेशन चलाया जा रहा है।

### बाहंग के पास नदी में गिरे व्यक्ति का शव बरामद

**अनंत ज्ञान, मनाली ।** पर्यटन नगरी मनाली के समीप बाहंग में ब्यास नदी में गिरे व्यक्ति का शव बरामद कर लिया है। मृतक की पहचान पन्ना लाल पुत्र विणु राम गांव उम्र 54 साल परशा डाकघर अरछंडी तहसील व जिला कुल्लू के रूप में हुई है। पन्ना लाल की पत्नी मणी देवी व बेटे प्रताप ने शव की शिनाख्त की है। यह व्यक्ति रविवार को बाहंग के पास व्यास नदी में गिर गया था। कुछ देर बाद व्यक्ति का कोई अता पता नहीं लगा। शाम के समय शव मनालसु नाले के समीप नदी के बीच में फंस गया। दोनों तरफ पानी होने के कारण शव को निकालना आसान नहीं था, लेकिन पुलिस ने एडवेन्टर टूअर एसोसिएशन के सदस्यों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि थाना में सूचना प्राप्त हुई कि गोशाल व बाहंग के बीच नदी में एक व्यक्ति का शव फसा हुआ है। सूचना पर सहायक उप निरीक्षक कमलकांत मौका पर पहुंचे। एडवेन्टर टूअर एसोसिएशन की रैस्क्यु टीम की मदद से नदी में फसे हुए शव को बाहर निकाला। पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

### मजदूर की बेटी ने बनाई मेरिट में जगह



**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा 12वीं कक्षा की परीक्षा का पुनर्मूल्यांकन परिणाम घोषित होने के बाद बोर्ड द्वारा जारी पहली मेरिट सूची में भी बड़ा बदलाव हो गया है। भाटगढ़ स्कूल की वंदना देवी ने पुनर्मूल्यांकन के बाद टॉप -10 में जगह बनाई है। स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी परिणामों से असहमति रखने वाले बहुत सारे बच्चों ने अपनी परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया था, जिसका बोर्ड द्वारा का परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा पुनर्मूल्यांकन परिणाम में कई बच्चों के अंकों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, जिससे बोर्ड द्वारा जारी की गई मेरिट सूची में भी बड़ा बदलाव हो गया है। पुनर्मूल्यांकन के बाद कई बच्चों ने पहले जारी की गई मेरिट सूची मे शामिल बच्चों से ज्यादा अंक प्राप्त किए है। ऐसा ही एक वाक्या जिला सिरमौर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाटगढ़ का है जहां की छात्रा वंदना देवी ने अंकों में पुनर्मूल्यांकन के बाद 14 अंकों की वृद्धि हुई है, जिसमें राजनीतिक शास्त्र और हिन्दी विषय में 7 अंकों की बढ़ौतरी हुई है और अब उनके 500 में से 485 अंक हो गए है, जो कि 97 प्रतिशत बनते है और बोर्ड द्वारा पहले जारी मेरिट सूची में चौथे नंबर के छात्रों से अधिक है। ऐसे में पुनर्मूल्यांकन परीक्षा के परिणाम बाद भाटगढ़ स्कूल की बंदना देवी ने पुरे प्रदेश मे तीसरा स्थान हासिल किया है। आपको बता दें कि पूरे प्रदेश मे तीसरा स्थान हासिल करने वाली जिला सिरमौर के शिक्षा खंड ददाहू के भाटगढ़ स्कूल की छात्रा वंदना देवी के पिता धनवीर ठाकुर मजदूरी करते है और माता गृहणी है।

### मनाली-लेह मार्ग पर पलटा ट्रक, चालक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग ।** मनाली लेह मार्ग पर सरचू के आगे लेह क्षेत्र में ट्रक के लुढ़कने से ट्रक चालक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान लाछो पुत्र ज्ञानू गांव जुवांस डाकघर भांदल तहसील सलूणी जिला चंबा के रूप में हुई है। लेह पुलिस ने शव लाहौल स्पीति पुलिस के हवाले कर दिया है। दर्घटना सरचू से आगे लेह क्षेत्र में हुई इस कारण शव की शिनाख्त करने में देरी हुई। लाहौल-स्पीति पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार करीब चार बजे ट्रक चालक मनोहर लाल निवासी सलूनी, जिला चंबा जो लेह से सरचू की तरफ आ रहा था। उसने पुलिस पोस्ट सरचू में जानकारी दी की लगभग 20 किलोमीटर लेह की तरफ लद्दाख क्षेत्र में एक ट्रक नंबर (एचपी 73ए 4158) पलट गया है।

# श्रावण अष्टमी मेले के पहले दिन उमड़ी श्रद्धा की भीड़


बज्रेश्वरी देवी


मां नयना देवी


मां चिंतपूर्णी

# लोक निर्माण विभाग को आपदा से अब तक 300 करोड़ का नुकसान

## बैली ब्रिजों के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दिए 20 करोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में आपदा से काफी नुकसान हुआ है। अगर लोकनिर्माण विभाग की बात की जाए तो आपदा से अब तक 300 करोड़ का नुकसान हुआ है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बैली ब्रिजों के लिए 20 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। ताकि आपदा के समय निपटने के लिए तत्परता दिखाई जा सके।

प्रदेश में अब तक 82 सड़कें बंद हैं जिनमें से करीब 38 सड़कों को आज शाम तक खोल दिया जायेगा। सबसे ज्यादा नुकसान पुलों और सड़कों का हुआ है।

उन्होंने बताया कि पद्धर में 8 शव निकाले जा चुके हैं। प्रभावितों को 50 हजार रुपए फौरी राहत के रूप में दिए जा रहे हैं। समेज में अतिरिक्त पोकलेन मशीनें तैनात की गई है। अभी 5 पोकलेन और जेसीबी काम में लगी हैं।

शिमला जिला में 6 शव मिल चुके हैं जबकि 30 अभी भी लापता है। सभी टीमें मिलकर काम कर रही हैं और जल्द रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा कर लिया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सीएम से बात कर साडा और टीसीपी नियमों को सख्ती से लागू किया जाएगा। और नदी तटों से 10 मीटर तक कोई निर्माण न हो ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। 30 करोड़ रुपए की 200 मशीनें हाल ही में खरीदी है जिन्हे अलग अलग क्षेत्रों में भेजा गया है। जरूर हुई तो और भी मशीनें खरीदी जाएगी।



पहाड़ी क्षेत्रों में 100 से 200 आबादी वाले गांव को भी प्राथमिकता के साथ सड़कों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र से एनडीआरएफ के तहत कोई सहयोग नहीं मिला है। जबकि हिमाचल के चार सांसद भाजपा के हैं वे प्रधानमंत्री से मिलकर प्रदेश के लिए राहत और आर्थिक पैकेज दिलाए ताकि राहत दिलाई जा सके। समेज के प्रभावितों को किसी अन्य जगह शिफ्ट करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं इसकी जिम्मेदारी डीसी शिमला को दी गई है। रिपोर्ट बनाने के बाद उन्हें जमीन दिलाने के प्रयास किए जाएंगे।

# आपदा प्रभावितों को मिले राहत पैकेज के तहत सहायता : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में आई आपदा से भारी तबाही हुई है। आपदा प्रभावितों को सरकार की तरह से राहत पैकेज के तहत ही धनराशि उपलब्ध करवाई जाए, क्योंकि जन और धन की बहुत हानि हुई है। चाहे इस साल की आपदा हो या पिछले साल की, नुकसान को एक नजर से ही देखना होगा।

सभी जगहों पर राहत और बचाव कार्य और तेज करने की आवश्यकता है, जिससे लापता लोगों को जल्दी से जल्दी तलाशा जा सके। सभी प्रभावितों को तत्काल सहायता प्रदान की जाए। केंद्र सरकार सहयोग कर रही है और आगे भी करेगी। प्रधानमंत्री से जब मैं मिला तो उनके पहले शब्द ही यही थे कि हिमाचल को क्या हो गया। इस बार भी इतनी बड़ी त्रासदी चिंता का विषय है।

उन्होंने हर प्रकार से प्रदेश के सहयोग का भरोसा दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने हिम केयर को निजी अस्पतालों में बंद करने के सवाल के जवाब में कहा कि मुख्यमंत्री संवेदनहीन बातें कर रहे हैं। यदि किसी निजी अस्पताल में किसी तरह का घोटाला हुआ है तो सरकार उसके खिलाफ तय कानून के तहत कार्रवाई करे।

# पूर्व मंत्री रंगीला राम राव ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री रंगीला राम राव ने लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्र सरकार पर तीखे प्रहार किए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले वर्ष आई त्रासदी से लोग अभी उभर भी नहीं पाए थे कि एक बार फिर राज्य में आपदा ने कहर बरपाया है। राव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने पिछले वर्ष मांगी गई 900 करोड़ रुपए की सहायता अभी तक प्रदान नहीं की है, और इस बार भी केंद्र से मदद की कोई उम्मीद नहीं दिखाई दे रही।

उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार प्रदेश को आवश्यक सहायता प्रदान करे और आपदा से हुए नुकसान की भरपाई करे। (अनंत ज्ञान)

# पूर्व सैनिक कल्याण कार्यालयों में 50% स्टाफ नहीं

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश को वीरों की भूमि भी कहा जाता है, क्योंकि प्रदेश के प्रत्येक जिला में पूर्व सैनिक और सेवारत सैनिक देश सेवा में सबसे आगे रहते हैं। पूर्व सैनिकों के समस्याओं का निवारण करने के लिए प्रत्येक जिला में पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा कार्यालय खोले गए हैं, लेकिन पिछले 4-5 वर्षों में इन कार्यालयों में स्टाफ की काफी कमी चली हुई है।

या यूं कहें कि कार्यालयों में 50 प्रतिशत स्टाफ के पद खाली चले हुए हैं जिन्हें प्रदेश सरकार भरने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। हमीरपुर जिला की ही बात करें तो जिला पूर्व सैनिक कल्याण विभाग कार्यालय में एक क्लर्क के सहारे काम चलाया जा रहा है।

कार्यालय में जो स्टाफ तैनात था वह सेवानिवृत हो चुका है और उसके बाद कोई भी भर्ती स्टाफ की नहीं की गई। जिला हमीरपुर में 30 हजार पूर्व सैनिक हैं और हजारों की संख्या में सेवारत सैनिक हैं जिनके कार्य इस कार्यालय में किए जाते हैं। ऐसे में एक क्लर्क पर 30 हजार से अधिक पूर्व सैनिकों और सेना में कार्यरत सैनिकों का कार्यभार है जिसे संभाला बहुत मुश्किल हो चुका है। हालांकि पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा पूर्व सैनिक निदेशालय को कई बार इन पदों को भरने के लिए लिखा गया, लेकिन इसका फैसला प्रदेश सरकार को करना होता है। प्रदेश सरकार कैबिनेट की बैठक में तय करती है कि किस विभाग में कितने पद भरे जाने हैं और इसकी मंजूरी दी जाती है। पिछले कई वर्षों से प्रदेश सरकार को पत्राचार के माध्यम से इन कार्यालयों में रिक्त पदों को भरने बारे जानकारी दी गई, लेकिन फिर भी प्रदेश सरकार इन खाली पदों को भरने की जहमत नहीं उठा रही है। पूर्व सैनिक कल्याण विभाग कार्यालय में पूर्व सैनिकों के आश्रितों के प्रमाण पत्र, जिन पूर्व सैनिक के परिवार के सदस्यों के नाम आर्मी रिकॉर्ड में गलत हैं उनको ठीक करना और पूर्व सैनिक परिवारों के लिए जो योजनाएं चलाई जाती हैं उनकी जानकारी देना और पूर्व सैनिकों को ग्रांट भी इसी कार्यालय से जारी की जाती है।



इस बारे में पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक स्कॉर्डन लीडर मनोज राणा ने बताया कि पूर्व सैनिक निदेशालय को कई बार फील्ड स्टाफ के रिक्त पदों को भरने के लिए लिख चुके हैं और निदेशालय ने प्रदेश सरकार को इन पदों को भरने के लिए पत्राचार भी किया है।

उन्होंने बताया कि जितने स्टाफ की जरूरत है उन पदों पर भर्ती शीघ्र की जानी चाहिए। इस बारे में पूर्व सैनिक निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर एमएस शर्मा ने बताया कि पूर्व सैनिक कल्याण विभाग में पोस्टे जल्दी खाली हो जाती हैं क्योंकि यहां पर पूर्व सैनिकों को लगाया जाता है जो 4-5 साल बाद सेवानिवृत्त हो जाते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार को इस विभाग में रिक्त पदों को भरने बारे लिख चुके हैं अब कैबिनेट कमेटी ही फैसला लेगी तभी इन कार्यालयों में पदों को भरा जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

## वायरल वीडियो पर मनाली पुलिस की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली ।** मनाली में नशा कर रहे युवक-युवती की सोशल मीडिया में वायरल हो रही वीडियो पर मनाली पुलिस ने कारवाई अमल में लाई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि वीडियो में जो लड़के व एक लड़की भूतनाथ पार्किंग के पास घुमते हुए दिख रहे थे, छानबीन के दौरान वही दो लड़के व एक लड़की वहां पर मौजूद पाए गए, जिनकी पहचान विकेश शर्मा (36) पुत्र हेम राज शर्मा गांव त्रांबली तहसील व जिला कुल्लू, विकास चौहान (25) पुत्र ध्यान सिंह निवासी गांव जमथला तहसील लड़भडोल जिला मंडी, युवती दीपा प्रधान (25) पुत्री स्व. इनरा प्रधान सिक्किम किराएदार ध्यान चन्द टावर कालौनी चिचोगा मनाली के रूप में हुई है।

पुलिस ने वीडियो आधार पर नशे की पुष्टि करने के लिए इन तीनों का चिकित्सीय परीक्षण सिविल अस्पताल मनाली में करवाया, जिसमें नशे की पुष्टि नहीं हो पाई है।

# पांवटा साहिब में ड्रग माफिया से 59 लाख रुपए बरामद

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**




जिला सिरमौर पुलिस ने ड्रग माफिया के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है , जिसके चलते पुलिस ने नशे का कारोबार करने वाले तस्करों की धर पकड़ तेज कर दी है। गत माह जहां पुलिस ने जिला मुख्यालय नाहन में तीन पीढ़ियों को एक साथ नशीले पदार्थों और लाखों की साथ गिरफ्तार किया है। वहीं पांवटा साहिब में पुलिस ने आज एक ड्रग माफिया के घर में दबिश दी। जहां से पुलिस को 59 लाख रुपए की नगदी बरामद हुई है।

पांवटा साहिब के देवी नगर के वार्ड नंबर 10 के रहने वाले संजय कुमार पुत्र मंगत राम और उसकी पत्नी पूनम के घर से पुलिस ने नगदी बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली कि संजय कुमार लंबे समय से नशीले पदार्थ का कारोबार करता है, जिसके चलते पुलिस ने घर पर दबिश दी। इस दौरान संजय कुमार पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो गया। पुलिस ने जब घर की तलाशी ली तो संजय कुमार के घर के बेडरूम में एक गुप्त अलमारी से पुलिस को 59 लाख 10 हजार, 100 रुपए नगद मिले हैं।

मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक सिरमौर रमन कुमार मीणा ने बताया कि पांवटा साहिब के देवी नगर के वार्ड नंबर 10 के रहने वाले संजय कुमार के घर से पुलिस ने 59 लाख 10 हजार, 100 रुपए नकदी बरामद की।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संजय कुमार के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस के तहत कई मामले दर्ज है। पुलिस ने नकदी को बीएनएसएस की धारा-106 के तहत कब्जे में ले लिया है।

## अधिकारियों पर भी शिकंजा कसने की जरूरत : गुरमेल

**अनंत ज्ञान, बीबीएन ।** प्रदेश सरकार के सीपीएस राम कुमार चौधरी व उनका परिवार इन दिनों अवैध खनन के मामलों को लेकर प्रदेश भर में चर्चाओं में है। यह परिवार पिछले कई दशकों से अवैध खनन के कार्यों में संलिप्त है और सत्ता की धौंस से ऐसे अनेकों कारोबार औद्योगिक क्षेत्र बद्दी व बरोटीवाला क्षेत्र में चला रहे हैं। सरकार की शह उन पर है और उनकी पसंद से ही इस क्षेत्र में अधिकारियों की तैनाती होती है ताकि उनके अवैध कारोबार पर कोई हाथ न डाल सके।

यह बात भाजपा जिला सचिव गुरमेल चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भी अर्चंभित है कि जब जनता ऐसे अवैध कारोबार का वीडियो बनाकर वायरल कर सकती है तो फिर सरकार के अधिकारी क्यों आंखें मूंद कर बैठे हैं। ऐसे अधिकारियों पर भी शिकंजा कसने की जरूरत है।

**राजनीति**

## भाजपा-कांग्रेस दोनों दलों में बदले 'करदार', स्ट्रांग एक्शन से परहेज

# भितरघातियों पर कार्रवाई का 'रिस्क' ठंडे बस्ते में

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

'विद्रोह' के नफे-नुकसान के आंकलन के बीच लगता है भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के नेता चुनावों में भितरघात के मामले को लेकर स्ट्रांग एक्शन लेने से परहेज कर चुके हैं। कार्रवाई का डंडा 'ठंडा' पड़ चुका है। कारण यह है कि नेतृत्व को चुनौती दे रहा कार्यकर्ता बड़े नेताओं की 'चाल' को समझ चुका है।

उसे यह भी मालूम हो गया है कि 'मलाई' खाने वालों के पास वोट नहीं हैं। इसीलिए राजनीति का किरदार अब जीत-हार के मामले में बदल चुका है। जिन्होंने जमकर भीतरघात किया, वे फिलहाल 'साइलेंट' मोड पर हैं। अपने आकाओं को देख रहे हैं लेकिन बदले हुए इस माहौल में अब संगठनात्मक ढांचा वन मैन शो रहेगा? ऐसा कतई भर नहीं दिख रहा। लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों में हमीरपुर जिला में जो कुछ देखा गया, वह भाजपा के लिए गुदगुदाने वाला जरा भर भी नहीं है। यहां पार्टी का ढांचा मुकम्मल तौर पर चरमरा चुका है। हाईकमान के आदेशों की कार्यकर्ता ने तो किरकिरी की ही।



संगठन से जुड़े हुए नेताओं ने भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। इसीलिए उसके बाद हाईकमान को जो रिपोर्ट्स गई हैं, उन पर बहुत जल्दी कोई कार्रवाई होने की फिलहाल संभावना दिख नहीं रही है। क्योंकि डंडे का हवाला अब ज्यादा मजबूत नहीं रहा है। भाजपा की बैठकें मंडल स्तर पर जहां-जहां हुई हैं, भीतरघात करने वालों की स्थिति को जिस तरीके से ढकने का प्रयास किया गया है। इसका मतलब यही है कि कार्रवाई को लेकर जल्दबाजी नहीं है। ना ही संगठन के ढांचे में बदलाव बहुत जल्दी होने वाला है। बड़सर हमीरपुर और सुजानपुर तीनों विधानसभा क्षेत्र में इनकी परिस्थितियों अलग-अलग हैं। इसीलिए फिलहाल छेड़छाड़ नहीं होने वाली। लेकिन जिन्होंने उल्टा पुल्टा काम किया है। वे अब परिस्थितियों को भी समझ चुके हैं और नेता भी वेट एंड वॉचकी स्थिति अख्तियार कर गए हैं।

सुजानपुर में पार्टी प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक राजेंद्र राणा हालांकि दम भर रहे हैं की जिन्होंने गड़बड़ की है उनके खिलाफ कार्रवाई होगी और हाई कमान को भी जानकारी भेजी जा चुकी है। यही स्थिति बड़सर की है और कमबख्त हमीरपुर में तो जो कुछ हुआ है, वह सरेआम हुआ है। यहां की परिस्थितियां बाकी दोनों क्षेत्रों से अलग नहीं है। हालांकि यहां पर चुनाव अकेला हुआ है, इसलिए यहां जो कुछ भाजपा के अंदर और बाहर देखा गया, वह उसकी भीतरी व्यवस्था की पोल खोल चुका है।

लेकिन विरोध के बावजूद तीन में से दो क्षेत्र में भाजपा की फिर भी जीत हुई। जिला भर की राजनीति में इन चुनावों के बाद संगठनात्मक ढांचे के रूप स्वरूप को बदलने के लिए जिस तरीके से अब नई बुनियाद रखने की तैयारी हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

## आगे की सोचो, कांग्रेस की भी यही रणनीति दिखती

**ऐसा** नहीं है कि कांग्रेस के भीतर इन चुनाव के दौरान अंतर्कलह न रही हो? बड़सर में हमीरपुर में कांग्रेसियों ने सब कुछ देखा है। मगर स्थिति वही है, कार्रवाई के लिए हिम्मत कौन जुटाएगा? जब तक समय आएगा। तब तक नए चुनाव आ जाएंगे, जिन्होंने काम उल्टा पुल्टा किया वे भी जानते हैं कि कार्रवाई को अंजाम देना इतना आसान नहीं है। क्योंकि कार्यकर्ता यहां भी नए माहौल में है। कांग्रेस का संगठन आत्मक ढांचा भी इस जिला में कभी मजबूत नहीं हो पाया यही कारण है कि जिला की राजनीति में कांग्रेस के सामने भी बहुत सारी समस्याएं हैं। भले ही प्रदेश सरकार के मुखिया का यह गृह जिला हो। इसलिए चुनाव में जो हो गया सो हो गया अब शांत हो जाओ, आगे की सोचो, कांग्रेस की भी यही रणनीति दिखती है।

# कहलूर खेल परिसर में लगेगा ट्रांसफार्मर

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर के ऐतिहासिक कहलूर खेर परिसर में जल्द ही साढ़े 12 लाख की लागत से ट्रांसफार्मर लगने जा रहा है। इस ट्रांसफार्मर की क्षमता थ्री फेस की होगी, जिससे पूरे खेल मैदान में लाइटस की किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं होगी।

यहीं नहीं, खेल विभाग बिलासपुर का दावा है कि ट्रांसफार्मर लगने के बाद यहां पर फल्ड लाइट्स लगाने की भी प्लानिंग है, जिसके बाद यहां पर यूरोपियन खिलाड़ियों की तर्ज पर बिलासपुर में भी खिलाड़ी अभ्यास करेंगे।

रात्रि के समय में भी यहां पर खिलाड़ी अपना अभ्यास जारी रख सकते है। ट्रांसफार्मर लगने की यहां पर अधिक आवश्यकता है, क्योंकि यहां पर बिजली का अधिक लोड़ होने की वजह से कई बार काफी दिक्कतें भी पेश आती है, जिसके चलते इस सभी दिक्कतों को देखते हुए विभाग अब यहां पर ट्रांसफार्मर लगाने जा रहा है।

गौरतलब है कि बिलासपुर का कहलूर खेल परिसर में एथलेटिक्स, कबड्डी, हैंडबॉल, हॉकी, बॉलीवाल खेलों के लिए मैदान है, लेकिन यहां पर फल्ड लाइट्स की सुविधा नहीं है। परंतु अब अगर ट्रांसफार्मर लगता है तो यहां पर फल्ड लाइट्स लगाने की भी विभाग पूरी प्लानिंग कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

## फ्लड लाइट्स लगाने की भी प्लानिंग






कहलूर खेल परिसर में साढ़े 12 लाख की लागत से ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा, जिसके लिए कवायद आरंभ हो गई है। जल्द ही यह कार्य शुरू हो जाएगा। ट्रांसफार्मर लगने के बाद यहां पर विभाग खिलाड़ियों को कई अन्य आधुनिक सुविधा देने की भी प्लानिंग कर रहा है। ताकि खिलाड़ियों को हर प्रकार की सुविधा मिल सके।
**-रवि शंकर, जिला खेल अधिकारी बिलासपुर**

# सीकर में है 'हारे का सहारा' खाटू श्याम का सबसे लोकप्रिय मंदिर

**भारत में लाखों मंदिर हैं। हर मंदिर के बनने के पीछे कोई न कोई रहस्य छिपा हुआ है। राजस्थान के सीकर के खाटू गांव में ऐसा ही एक रहस्यमयी और चमत्कारिक मंदिर है खाटू श्याम मंदिर। यह मंदिर देशभर में श्रीकृष्ण भगवान के मंदिरों में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध और लोकप्रिय है। आज लाखों लोग न केवल खाटू बाबा को मानते हैं, बल्कि हर मौके पर यहां भक्तों की भीड़ उमड़ती है। मान्यता है कि जो लोग यहां आकर भगवान खाटू के दर्शन करते हैं, उनके जीवन की हर समस्या दूर हो जाती है। बता दें कि बाबा को हारे का सहारा कहा जाता है। इसलिए लोग यहां अपनी परेशानियां लेकर आते हैं। इस मंदिर की काफी मान्यता है। ऐसा कहा जाता है कि श्याम बाबा से भक्त जो भी मांगता है, वो उन्हें लाखों-करोड़ों बार देते हैं, यही वजह है कि खाटू श्याम को लखदातार के नाम से भी जाना जाता है।**





## श्रीकृष्ण का कलियुग अवतार हैं खाटू बाबा

**आज** पूरा भारत जिन्हें खाटू श्याम बाबा के रूप में पूजता है, असल में वे श्रीकृष्ण का कलियुग अवतार हैं। इसलिए उनका जन्म भी कार्तिक शुक्ल देवउठनी ग्यारस के दिन मनाया जाता है। इस दिन परिसर में विशाल मेला लगता है, जो ग्यारस मेले के नाम से मशहूर है।

## खाटू में मिला था बर्बरीक का शीश

**मान्यता** के अनुसार, महाभारत का युद्ध खत्म होते ही श्रीकृष्ण ने बर्बरीक के शीश को रूपवती नदी में बहा दिया था, जिसके बाद यह खाटू गांव की जमीन में दफन हो गया। एक दिन वहां से गाय गुजरी, तो उसके थन से अपने आप ही दूध बहना लगा। यह देखकर गांव वाले हैरान रह गए और यह खबर खाटू के राजा तक पहुंचाई गई।

## खाटू श्याम मंदिर की वास्तुकला

1027 ई. में रूप सिंह द्वारा बनाए गए मंदिर को मुख्य रूप से एक भक्त द्वारा मोडिफाई किया गया था। दीवान अभय सिंह ने 1720 ई. में इसका पुनिर्माण कराया था। इस प्रकार मूर्ति को मंदिर के मुख्य गर्भगृह में स्थापित किया गया। मंदिर का निर्माण पत्थरों और संगमरमर का उपयोग करके किया गया है। द्वार सोने की पत्ती से सुशोभित है। मंदिर के बाहर जगमोहन के नाम से जाना जाने वाला प्रार्थना कक्ष भी है।

## ऐसे पहुंचें

**खाटू** श्याम का मंदिर जयपुर से 80 किमी दूर खाटू गांव में मौजूद है। खाटू श्याम जी पहुंचने के लिए सबसे पास का रेलवे स्टेशन रिंगस है। जहां से बाबा के मंदिर की दूरी 18.5 किमी है। रेलवे स्टेशन से निकलने के बाद आपको मंदिर के लिए टैक्सी और जीप ले सकते हैं। अगर आप फ्लाइट से जा रहे हैं, तो सबसे नजदीकी एयरपोर्ट जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। यहां से मंदिर की दूरी 95 किमी है। अगर आप दिल्ला से बाय रोड खाटू श्याम मंदिर जा रहे हैं, तो आपको पहुंचने में करीबन चार से पांच घंटे का समय लगेगा।

## कौन हैं खाटू श्याम बाबा

**वनवास** के दौरान, जब पांडव अपनी जान बचाते हुए इधर-उधर घूम रहे थे, तब भीम का सामना हिडिंबा से हुआ। हिडिंबा ने भीम से एक पुत्र को जन्म दिया जिसे घटोत्कच कहा जाता था। घटोत्कच से पुत्र हुआ बर्बरीक। इन दोनों को अपनी वीरता और शक्ति यों के लिए जाना जाता था। बर्बरीक तीन बाण धारी शक्तिशाली योद्धा थे। जब कौरव और पांडवों के बीच युद्ध होना था, तब बर्बरीक ने युद्ध में भाग लेने का निर्णय लिया था। श्रीकृष्ण ने जब उनसे पूछा कि वो युद्ध में किसकी तरफ हैं, तब उन्होंने कहा था कि जो पक्ष हारेगा वो उसकी तरफ से लड़ेंगे। ऐसे में श्री कृष्ण युद्ध का परिणाम जानते थे और उन्हें डर था कि ये कहीं पांडवों के लिए उल्टा न पड़ जाए। ऐसे में श्रीकृष्ण ने बर्बरीक को रोकने के लिए दान की मांग की। दान में उन्होंने उनसे शीश मांग लिया। दान में बर्बरीक ने उनको शीश दे दिया, लेकिन आखिर तक उन्होंने अपनी आंखों से युद्ध देखने की इच्छा जाहिर की। श्रीकृष्ण ने इच्छा स्वीकार करते हुए उनका सिर युद्ध वाली जगह पर एक पहाड़ी पर रख दिया। युद्ध के बाद पांडव लड़ने लगे कि जीत का श्रेय किसको जाता है, इसमें बर्बरीक कहते हैं कि श्रीकृष्ण की वजह से उन्हें जीत हासिल हुई है। श्रीकृष्ण इस बलिदान से काफी खुश हुए और उन्हें कलियुग में श्याम के नाम से पूजे जाने का वरदान दे दिया।

## बर्बरीक को मिला था वरदान

**बताया** जाता है कि महाभारत के दौरान श्रीकृष्ण ने बर्बरीक से शीश दान में मांगा था। बर्बरीक ने कुछ सोचे बिना उन्हें अपना शीश दान दे दिया। तब श्रीकृष्ण ने प्रसन्न होकर उन्हें वरदान दिया था कि कलियुग में तुम मेरे नाम से जाने जाओगे। जो हारा हुआ भक्त तुम्हारे पास आएगा, तुम उसका सहारा बनोगे। इसी वजह से उन्हें हारे का सहारा कहा जाता है।

## सपने में राजा को श्रीकृष्ण ने दिया आदेश

**खाटू** के तत्कालीन राजा रूप सिंह चौहान को मंदिर बनवाने का सपना आया। राजा जब यह देखने के लिए उस जगह पहुंचे, तो उन्हें याद आया कि कुछ दिन पहले रात को उन्हें सोते समय एक ऐसा ही सपना आया था। सपने में भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें आदेश दिया था कि एक जगह पर जमीन में शीश दफन है उस जमीन से शीश को निकालकर खाटू गांव में ही स्थापित कर मंदिर का निर्माण करवाना होगा, जिसके बाद खाटू के राजा ने उस जगह की खुदाई करने का आदेश दिया और वहां जमीन से एक शीश निकला। इस प्रकार राजा रूप सिंह चौहान के कहने पर उस शीश को खाटू में ही एक जगह पर स्थापित कर मंदिर का निर्माण करवाकर मूर्ति स्थापित की गई । आज वह मंदिर बाबा खाटू श्याम के नाम से पूरे भारत में मशहूर है।

# बिल्व पत्र का महत्व

**त्रिदलं त्रिगुणाकारं त्रिनेत्रं च त्रयायुधम्।**
**त्रिजन्मपापसंहारं बिल्वपत्रं शिवार्पणम्!!1॥**

*तीन दल वाला, सत्त्व, रज एवं तमः स्वरूप, सूर्य, चन्द्र तथा अग्नि- त्रिनेत्र स्वरूप और आयुधत्रय स्वरूप तथा तीनों जन्मों के पापों को नष्ट करने वाला बिल्वपत्र मैं भगवान शिव के लिए समर्पित करता हूं॥1॥*

**त्रिशाखैर्बिल्वपत्रैश्च ह्यच्छिद्रैः कोमलैः शुभैः। शिवपूजां करिष्यामि बिल्वपत्रं शिवार्पणम्॥2॥**

छिद्ररहित, सुकोमल, तीन पत्ते वाले, मंगल प्रदान करने वाले बिल्वपत्र से मैं भगवान् शिव की पूजा करूंगा। यह बिल्वपत्र शिव को समर्पित करता हूं॥2॥

**अखण्डबिल्वपत्रेण पूजिते नन्दिकेश्वरे। शुद्ध्यन्ति सर्वपापेभ्यो बिल्वपत्रं शिवार्पणम्॥3॥**

अखण्ड बिल्वपत्र से नन्दिकेश्वर भगवान की पूजा करने पर मनुष्य सभी पापों से मुक्त होकर शुद्ध हो जाते हैं। मैं बिल्वपत्र शिव को समर्पित करता हूं॥ 3॥

**शालग्रामशिलामेकां विप्राणां जातु अर्पयेत्। सोमयज्ञमहापुण्यं बिल्वपत्रं शिवार्पणम्॥4॥**

मेरे द्वारा किया गया भगवान्न शिव को यह बिल्वपत्र का समर्पण,कदाचित ब्राह्मणों को शालग्राम की शिला के समान तथा सोमयज्ञ के अनुष्ठान के समान महान पुण्यशाली हो। (अतःमैं बिल्वपत्र भगवान्न शिव को समर्पित करता हूं)॥4॥

**दन्तिकोटिसहस्राणि वाजपेयशतानि च। कोटिकन्यामहादानं बिल्वपत्रं शिवार्पणम्॥5॥**

मेरे द्वारा किया गया भगवान शिव को यह बिल्वपत्र का समर्पण हजारों करोड़ गजदान, सैकड़ों वाजपेय- यज्ञ के अनुष्ठान तथा करोड़ों कन्याओं के महादान के समान हो। (अतः मैं बिल्वपत्र भगवान शिव को समर्पित करता हूं)॥5॥

**लक्ष्म्याः स्तनत उत्पन्नं महादेवस्य च प्रियम्। बिल्ववृक्षं प्रयच्छामि बिल्वपत्रं शिवार्पणम्॥6॥**

विष्णु- प्रिया भगवती लक्ष्मी के वक्षःस्थल से प्रादुर्भूत तथा महादेव जी



-डॉ. अमन कुमार शर्मा
करसोग

# चींटियों ने वृत्ताकार ढंग से बनाया था तेबनी महादेव का मंदिर

**मान्यताओं के अनुसार, तेबनी महादेव का प्रकटोत्सव सराहन (सुकेत) में हुआ था। ऐसी मान्यता है कि सराहन से चींटियों ने लंबी पंक्ति को माध्यम बनाकर तेबन नामक स्थान तक आकर वृत्ताकार आकृति दिखाई और फिर वहीं तेबनी महादेव का भव्य मंदिर का निर्माण हुआ।**

## क्या कहता है इतिहास


**मान्यता** यह भी है कि सराहन गांव में एक दिन किसान हल चला रहा तो जमीन के नीचे से आवाज आई कि धीरे-धीरे चलाओ दर्द हो रहा है। किसान हैरान हुआ और जमीन के नीचे देखा तो एक मूर्ति मिली जिसे बाद में तेबन लाया गया। तभी से महादेव यहां अचल रूप में प्रतिष्ठित हो गए। यहां श्री तेबनी महादेव का एक विशाल भव्य मंदिर है। मंदिर में एक प्राचीन हल भी विद्यमान है। वर्षों पूर्व मंदिर में भुंडा उत्सव भी आयोजित होता था, जिसका प्रमाण मंदिर की दीवारों पर टंगे रस्सों से लगाया जाता है। हालांकि काफी सालों से अब भुंडा उत्सव नहीं मनाया जाता है।



## यहां पर भी है पांडवों द्वारा निर्मित बेखल का ढोल

**यहां** एक विशाल भेखल के कांटे से बना ढोल भी विद्यमान है, जिसकी लंबाई लगभग छह फुट के करीब है। ऐसी मान्यता है कि यह ढोल भीम द्वारा बनाया गया है। तेबनी महादेव के दर्शन के लिए लोग दूर-दूर से मन्नत लेकर आते हैं। यहां लगभग वर्ष भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। भक्तों व स्थानीय लोगों का कहना है कि इस देव की बहुत मान्यता है। यहां समूचे प्रदेश व अन्य कई जगहों से लोग आते हैं। लोगों का कहना है कि महादेव के दरबार में सच्ची श्रद्धा से जो भी आता है उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है, वहीं, महादेव तेबनी बहुत शक्ति शाली व तप से युक्त है जो क्षेत्रवासियों के संकटों का हरण करते हैं। क्षेत्र में सूखा, बाढ़, अकाल व महामारी जैसी आपदाओं से बचाने में महादेव की अहम भूमिक रहती है। *-पीयूष शर्मा, करसोग*

**किसी व्यक्ति की कुंडली में प्रत्येक घर किसी न किसी चीज को दर्शाता है। उस भाव का सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि उस भाव में कौन सा ग्रह स्थित है। बेहतर ढंग से समझने के लिए, आपको सबसे पहले यह जानना होगा कि ज्योतिष में प्रत्येक भाव क्या दर्शाता है।**




# कुंडली में भाव और उनके अर्थ

**प्रथम भाव** : कुंडली का पहला भाव 'स्व' का भाव होता है।
**दूसरा भाव** : कुंडली में दूसरा भाव 'धन' और 'परिवार' पहलुओं पर शासन करता है।
**तीसरा भाव** : तीसरा भाव 'भाई-बहन', 'साहस' और 'वीरता' का भाव है।
**चौथा भाव** : 'मां' और 'खुशी' व्यक्ति के चौथे भाव से निरूपित किया जाता है।
**पंचम भाव** : पंचम भाव कुंडली है 'बच्चों' और 'ज्ञान' का भाव
**छठा भाव** : छठा भाव 'शत्रु', 'कर्ज' व 'बीमारियों' का भाव है।
**सप्तम भाव** : कुंडली में सप्तम भाव 'विवाह' और 'साझेदारी' को दर्शाता है
**आठवां भाव** : आठवां घर 'दीर्घायु' या 'आयु भव' का भाव है।
**नवम भाव** : यह 'भाग्य', 'पिता' और 'धर्म' का भाव है
**दसवां भाव** : कुंडली में दसवां भाव 'करियर या पेशे' का भाव है।
**एकादश भाव** : जातक की 'आय' और लाभ' कुंडली के ग्यारहवें भाव से दर्शाए जाते हैं।
**बारहवां भाव** : कुंडली में बारहवां भाव 'व्यय और हानि' का भाव है।

### भाव का स्वामी

ज्योतिष में भी भगवान का बहुत महत्व है। किसी विशेष भाव का स्वामी 9 ग्रहों में से एक हो सकता है। स्वामी के रूप में, ये ग्रह अपनी विशेषताओं को एक विशेष भाव में लाते हैं। उदाहरण के लिए मान लीजिए कि दशम भाव का स्वामी शनि है, तो शनि के अशुभ प्रभाव आपके करियर पर दिखाई दे सकते हैं (क्योंकि 10वां भाव करियर का प्रतिनिधित्व करता है)। दूसरी ओर, जैसा कि शनि कड़ी मेहनत को भी दर्शाता है, इसलिए दसवें भाव के स्वामी के रूप में, यह आपको जीवन में अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित कर सकता है जिससे आपको पेशेवर सफलता मिल सकती है। इसे देखने का एक और तरीका है, उदाहरण के लिए, यदि दसवें घर का स्वामी शनि है, तो आपके जीवन पर शनि का प्रभाव बदल जाएगा यदि कोई अन्य ग्रह शनि के साथ बैठने के लिए दसवें भाव में प्रवेश करता है। अर्थात सूर्य, चंद्र और मंगल शनि के शत्रु ग्रह हैं, इसलिए यदि ये ग्रह दसवें भाव में प्रवेश करते हैं, तो ये आपके करियर को बाधित कर सकते हैं।

### कुंडली में भाव के स्वामी को कैसे खोजें?

**कुंडली** में लिखी गई संख्याएं राशियों को दर्शाती हैं, प्रथम भाव में '11' लिखा हुआ देखा जा सकता है, जो दर्शाता है कि एकादश राशि यानि कुंभ लग्न या प्रथम भाव में है। इसी प्रकार बारहवें भाव या मीन राशि दूसरे भाव में स्थित है। हमने पिछले पाठ में पढ़ा है कि कुंभी व मीन राशि के स्वामी क्रमशः शनि और बृहस्पति हैं। *-अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर*

# जोगिंद्रनगर के लांगणा में स्थापित है पंचमुखी महादेव की भव्य मूर्ति

**मंडी** जिले के जोगिंद्रनगर उपमंडल के तहत लांगणा गांव में भगवान शिव की पंचमुखी मूर्ति स्थापित है। इस मूर्ति के पंचमुख होने पर इसे पंचमुखी महादेव के नाम से भी जाना जाता है। कई वर्षों तक यह मूर्ति खुले आसमान के नीचे ही रही। बाद में एक छोटे से मंदिर का निर्माण कर इसे मंदिर के भीतर स्थापित किया गया है।

आज भी यह मूर्ति इसी छोटे से मंदिर में विराजमान है तथा श्रद्धालुओं की इसके प्रति गहरी आस्था है। हर वर्ष श्रावण मास में बेलपत्र से महादेव की पूजा की जाती है तथा प्रतिवर्ष 5 अगस्त से 15 अगस्त तक शिव महापुराण कथा का भी आयोजन किया जाता है। कहते हैं कि यह विशाल मूर्ति ब्यास नदी में बहकर आई है। इस मूर्ति का इतिहास सैकड़ों वर्ष पूर्व का माना जाता है। क्षेत्र के बुजुर्गों का कहना है कि भगवान शिव की यह पंचमुखी मूर्ति का इतिहास ब्रिटिश शासन के समय से ही जुड़ा रहा है। बताते हैं कि इस मूर्ति को ब्यास नदी के दूसरे छोर की ओर ले जाने के लिए कई लोगों ने प्रयास किए परंतु उन्हे हमेशा असफलता ही मिली।

## ब्यास नदी में बहकर आई पंचमुखी मूर्ति को पाबो गांव का पंडित लेकर पहुंचा था कठियार

जनश्रुति के अनुसार, ग्राम पंचायत धार के पाबो गांव का एक पंडित ब्यास नदी पार कर अपने घर पाबो की ओर जा रहा था। जैसे ही वह पंडित नाव से उतरा तो उसे पता चला है कि भगवान शिव की मूर्ति नदी में बहकर यहां आई है। इस मूर्ति को ले जाने के लिए नदी के दूसरे छोर के लोग पहुंचे हुए थे, लेकिन इसे ले जाने में असफल हो रहे थे। इस बीच पंडित ने शीशम पेड़ की जड़ में भगवान शिव की इस मूर्ति को देखा। उन्होंने मूर्ति को प्रणाम कर स्पर्श किया तो मूर्ति डगमगाने लगी। पंडित ने मूर्ति को बड़ी आसानी से सिर पर उठा लिया तथा गांव धार पाबो की ओर चल पड़े। चलते-चलते जब पंडित वर्तमान मंदिर के समीप एक स्थान पर पहुंचे, जहां कभी मंडी राजा का कठियार हुआ करता था। इस स्थान पर पीपल के नीचे अटियाला बना हुआ था। पंडित मूर्ति को रखकर आराम करने लगा, बाद में जब दोबारा मूर्ति को उठाने का प्रयास किया तो मूर्ति जरा भी न हिल पाई। पंडित भगवान शिव को प्रणाम कर अपने गांव की ओर चल निकले। कहते हैं कि उस समय से लेकर वर्ष 1970 तक यह मूर्ति इसी तरह कठियार वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लांगणा के समीप खुले आसमान के नीचे ही रही।

## मूर्ति ने पुन्नू नामक व्यक्ति को दिया स्वप्न, शूल में मंदिर बनाने का किया आग्रह

लांगणा स्कूल के समीप ही एक निजी मकान में पशु औषधालय हुआ करता था। इस औषधालय में पुन्नू राम नामक कर्मचारी कार्यरत था। एक रात पुन्नू राम को सपने में भगवान शिव की मूर्ति ने बताया कि आप निःसन्तान हो, समीप के तालाब (शूल) के पास एक छोटा सा मंदिर बनवा कर मेरी स्थापना करवाना। संतान के रूप में पुत्र र की प्राप्ति होगी। सुबह पुन्नू राम ने लांगणा स्कूल पहुंचकर सारी बात अध्यापकों के साथ साझा की। स्वपन अनुसार बताई जगह पर मंदिर निर्माण को सभी ने सहमति जताई। यथायोग्य चंदा इकट्ठा कर एक छोटे से मंदिर का निर्माण कर बडी धूम-धाम से इस विशाल पंचमुखी मूर्ति की स्थापना की गई। कहते हैं कि मंदिर में मूर्ति स्थापना के बाद पुन्नू राम के घर एक पुत्र का जन्म हुआ। आज भी यह मूर्ति इसी छोटे से मंदिर में विराजमान है। इस मूर्ति के पांच मुख होने के चलते इसे पंचमुखी महादेव के नाम से जाना जाने लगा। मंदिर में समय-समय पर कई साधु महात्माओं ने भी निवास किया। यहां पर बाबा चरण गिरि की समाधि भी स्थापित की गई है। वर्तमान में बाबा बसंत गिरि यहां रहते हैं।



## मंदिर विकास को गठित की है पंचमुखी महादेव मंदिर समिति

**मंदिर** कार्य चलाने के लिए पंचमुखी महादेव मंदिर समिति गठित की गई है। यह समिति पंजीकृत है। मंदिर समिति के सचिव कालिदास सकलानी ने बताया कि मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं के सहयोग से सराय भवन, रसोई घर, लंगर हॉल, सत्संग भवन तथा निवास करने वाले महात्मा के लिए कुटिया का निर्माण करवाया है। पंचमुखी महादेव के भव्य मंदिर निर्माण के लिए समिति द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं।

## कैसे पहुंचें मंदिर

**ब्यास** नदी तथा सिकंदर धार के बीच बसा यह पंचमुखी महादेव का मंदिर जोगिंदरनगर की ग्राम पंचायत लांगणा के शूल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के समीप स्थित है। यहां पर पहुंचने के लिए जोगिंद्रनगर से सरकाघाट की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर नेरी गांव से लडभड़ोल-बैजनाथ सड़क पर लगभग अढ़ाई किलोमीटर चलकर पहुंचा जा सकता है। नेरी गांव से आगे चलकर कोटला-प्रैण लिंक रोड के माध्यम से मंदिर के प्रांगण तक गाड़ी से भी पहुंचा जा सकता है।

**अप्सु देवो मनुष्याणां दिवि देवो मनीषिणाम् । काष्ठलोष्ट्रेषु मूर्खाणां युक्तस्यात्मनि देवता ।।**

**मनुष्य** सोचते हैं भगवान आप (जल या पंचमहाभूतों) में वास करते हैं, मनीषिगण सोचते हैं वे स्वर्ग (दिव्य लोक) में वास करते हैं। मूर्ख जन उन्हें काठ और पत्थर (मूर्तियों या प्रतीकों) में ढूंढते हैं, परंतु योगी उन्हें अपनी आत्मा में पाता है।

## हैप्पी बर्थडे



बड़सू के आर्यवीर ठाकुर पुत्र दीपक और निशा ठाकुर को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



मोहड़धार के नित्यम शर्मा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## कृतिका ने 12वीं की मेरिट में पाया आठवां स्थान

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ की कृतिका कटोच ने बाहरवीं कक्षा में विज्ञान संकाय में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में टॉप टेन मेरिट में आठवां स्थान हासिल किया है।



कृतिका के 500 में से 483 अंक थे वह केवल एक अंक से टॉप 10 में आने से वंचित रह गई थी। लेकिन रिवैल्युएशन करवाने पर उसके तीन अंक बढ़ गए और उसने 500 में से 486 अंक उत्तीर्ण कर टॉप 10 मेरिट में आठवां स्थान हासिल किया। कृतिका को मिलाकर अब भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ में कक्षा प्लस टू सत्र 2023- 24 में टॉप 10 मेरिट में आए विद्यार्थियों की संख्या चार हो गई है। छात्रा कृतिका का लक्ष्य भविष्य में डॉक्टर बनना है। स्कूल के निदेशक नवनीत डोगरा ने इस कामयाबी पर कृतिका और उसके माता-पिता और स्कूल के स्टाफ को बधाई दी है।

# बेटी को सहन नहीं हुआ मां का अपमान, बन गईं पुलिस अधिकारी

**एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री**
**विशेष बातचीत**



**यूपीएससी** परीक्षा हमारे देश की एक ऐसी परीक्षा है, जिसे क्रैक करने के लिए एक अभ्यर्थी कड़ी से कड़ी मेहनत करता है, ताकि वह आईएएस या आईपीएस बनने के अपने सपने को साकार कर सके। परीक्षा पास करने के बाद वह उस मुकाम पर पहुंच जाता/जाती है, जहां पर सबके लिए प्रेरणा बन जाता/जाती है। युवाओं के लिए एक ऐसी ही प्रेरणा बनी हैं हिमाचल के ऊना जिला के एक छोटे से गांव से संबंध रखने वाली मध्यम परिवार की बेटी, जिसने प्रदेश ही नहीं, अपितु पूरे देश में अपने क्षेत्र और माता-पिता का नाम रोशन किया है। जी हां हम बात कर रहे हैं जिला कांगड़ा की पहली महिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ. शालिनी अग्निहोत्री की। डॉ. शालिनी अग्निहोत्री के पिता एक बस कंडक्टर हैं, बावजूद इसके उन्होंने अपनी बेटी को उच्च शिक्षा दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अनंत ज्ञान समाचार पत्र की रिपोर्टर सोनाली संधू ने जब उनसे विशेष बातचीत की तो उन्होंने अपने बचपन से लेकर एसपी बनने तक के सफर के बारे में बहुत सारी रोचक बातें बताईं। पेश हैं इस विशेष बातचीत के कुछ अंशः

***सवालः आईएएस या आईपीएस अधिकारी बनने का सपना आपने कब देखना शुरू किया?***

*जवाबः एक बार मैं अपनी मां के साथ बस में सफर कर रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति ने मेरी मां की सीट के पीछे हाथ लगा रखा था, जिस कारण वह ठीक से बैठ नहीं पा रही थीं। मेरी मां ने कई बार उस व्यक्ति को हाथ हटाने के लिए कहा, लेकिन उसने एक नहीं सुनी। कई बार कहने के बाद व्यक्ति गुस्सा हो गया और बोला, 'तुम कहीं की डीसी लगी हो क्या'। बस तभी से मैंने तय कर लिया कि मैं भी बड़ी होकर एक अफसर बनूंगी।*

***सवालः आपने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कब शुरू की। क्या इसके लिए कोई कोचिंग भी ली?***

*जवाबः मैंने धर्मशाला के डीएवी स्कूल से 12वीं करने के बाद पालमपुर स्थित हिमाचल प्रदेश एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी से कृषि में अपनी ग्रेजुएशन पूरी की। मैंने ग्रेजुएशन के साथ ही यूपीएससी की भी तैयारी शुरू कर दी थी। मैं कॉलेज के बाद यूपीएससी एग्जाम की तैयारी करती थी। हालांकि मैंने इसकी जानकारी अपने घरवालों को भी नहीं दी थी क्योंकि मुझे लगता था कि इतनी कठिन परीक्षा है, अगर पास नहीं हुई तो कहीं घरवाले निराश न हो जाएं। जहां तक कोचिंग की बात है तो यूपीएससी एग्जाम की तैयारी के लिए मैंने न तो कोई कोचिंग ली और न ही किसी बड़े शहर का रुख किया। मैंने सेल्फ स्टडी कर 2011 में यूपीएससी सिविल सेवा की परीक्षा पास की और 285वीं रैंक के साथ आईपीएस बनीं।*

***सवाल : एक महिला अफसर होने के नाते आपने महिलाओं के लिए क्या काम किए हैं?***

*जवाब : मैं हिमाचल के विभिन्न जिलों में बतौर एसपी सेवा दे चुकी हूं। अभी कांगड़ा जिला की पहली महिला एसपी बनकर यहां सेवाएं दे रही हूं। हैदराबाद में अपनी ट्रेनिंग पूरी करने के बाद मुझे बेस्ट ट्रेनी अवॉर्ड से भी नवाजा गया था एक महिला अफसर के तौर पर मैंने कांगड़ा जिले में महिलाओं के लिए काफी कार्य किया है, चाहे वह घरेलू हिंसा हो या दुष्कर्म से जुड़े मामले। मैंने ऐसे मामलों से जुड़े अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया है तथा आगे भी करती रहूंगी। इसके अलावा नशा माफिया के खिलाफ भी कई कार्य किए हैं, आगे भी ऐसे ही काम करती रहूंगी।*

## न्यूज ब्रीफ

### शाहपुर के पूर्व सैनिक की हार्ट अटैक से मौत

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर की नगर पंचायत शाहपुर के गांव झुलाड़ से संबंध रखने वाले पूर्व सैनिक नायक सुभाष चंद का 75 वर्ष की आयु में हार्ट अटैक के कारण मौत हो गई। उनका सोमवार को अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने 22 साल तक ईएमई कोर में सेवाएं दीं। उनको एक्ससर्विस लीग शाहपुर की ओर से चेयरमैन कैप्टन संसार सिंह की अगुवाई में पूर्व सैनिकों ने श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कैप्टन संसार सिंह, कैप्टन राकेश कुमार, कैप्टन विजय कुमार, रिंकू कुमार, गगन और बंटू राम आदि पूर्व सैनिकों ने उनको श्रद्धांजलि दी। परिवार की तरफ से स्टेशन हेडक्वॉटर धर्मशाला सूचित किया था, लेकिन किसी कारणवश वह नहीं आ पाए।



### घास काटने वाली मशीन में करंट आने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** थाना डमटाल के अंतर्गत गांव टिप्परी में सामवार को उस समय माहौल गमगीन हो गया, जब घास काटने वाली मशीन में अचानक करंट आने से एक नौजवान की दर्दनाक मौत हो गइ। जानकारी देते हुए मृतक लड़के की माता वंदना ने बताया कि उसका बेटा मनीष कुमार (22) अपने चाचा की घास काटने वाली मशीन पर जब सुबह 8 बजे के करीब घास काटने लगा तथा मशीन में करंट आने से वह एकदम बेहोश हो गया। उसे तुरंत लोगों की सहायता से पठानकोट के निजी अस्पताल में ले जाया गया, परंतु डॉक्टर ने वहां उसे मृतक घोषित कर दिया। ज्ञात रहे के मृतक के पिता की मौत करीब 12 साल पहले हो चुकी है तथा वह तीन बहनों का इकलौता भाई था। तीनों बहनों की अब शादी हो चुकी है तथा मां और बेटा दोनों इकट्ठे रहते थे। अब नौजवान बेटे की दर्दनाक मौत होने से मां का एकमात्र सहारा उससे छिन्न गया। सारे इलाके में माहौल काफी गमगीन तथा शोक का वातावरण बना हुआ है।

### सहौड़ा में पशुशाला गिरी, बाल-बाल बच्चे पशु

**अनंत ज्ञान, गगल।** रविवार रात हुई भारी बारिश में गांव सहौड़ा में एक पशुपालक मस्तराम की पशुशाला गिरकर पूरी तरह ध्वस्त हो गई। घटना के समय पशुशाला में एक दुधारू गाय, दो बछियां और 6 भेड़-बकरियां थीं, जिन्हें बड़ी मुश्किल से बाहर निकाल गया। गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। पंचायत प्रधान किरण वाला ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र पशुपालक के हुए नुकसान का जायजा लिया जाए तथा उचित राशि सहायता के रूप में प्रदान की जाए। वहीं, मस्तराम ने बताया कि काई और जगह न होने के कारण उसे अपना पशुधन बाहर खुले में ही बांधना पड़ा।

### डॉ. प्रदीप ने संभाला कॉलेज प्राचार्य का पदभार

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने सोमवार को बैजनाथ डिग्री कॉलेज में प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि डिग्री कॉलेज व छात्र हितों के लिए होने वाले सभी कार्य को प्राथमिकता पर पूर्ण करने के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे।

### खाद्य निगम खुली बिक्री से बेचेगा चावलः सेठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय खाद्य निगम के महाप्रबंधक हिमाचल क्षेत्र अराबिंदा सेठी ने कहा कि भारत सरकार ने खुले बाजार में चावल की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने एवं मूल्यों को स्थिर तथा नियंत्रित रखने हेतु चावल खुली बिक्री के माध्यम से बेचने का निर्णय लिया है। इसी के कार्यान्वयन में भारतीय खाद्य निगम हिमाचल प्रदेश क्षेत्र ने ई-टेंडर के माध्यम से 2000 मीट्रिक टन चावल की बिक्री की जानी है, जिसकी विस्तृत जानकारी भारतीय खाद्य निगम की वेबसाइट पर दी गई है।

### महिला तस्कर को हिरासत में रखने के आदेश



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** जिला पुलिस नूरपुर द्वारा नशा माफिया के खिलाफ अभियान में 28 मार्च को रूवी निवासी छन्नी से 26.18 ग्राम चिट्टा बरामद किया था तथा आरोपिया के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त महिला इससे पहले भी एनडीपीएस मामले में गिरफ्तार रह चुकी है, लेकिन उसने इसके बाद भी नशे का अवैध कारोबार जारी रखा। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने 8 मई को हिमाचल प्रदेश सचिव (गृह) हिरासत प्राधिकारी को रूवी के खिलाफ प्रस्ताव भेजा, जिस पर हिरासत प्राधिकरण ने आरोपियों को तीन माह तक हिरासत में रखने के आदेश पारित किए। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि यह हिमाचल प्रदेश का तीसरा मामला है, जिसमें हिरासत प्राधिकरण ने किसी व्यक्ति के विरुद्ध हिरासत में रखने के आदेश पारित किए हैं।

### देहरा थाने में दंपती पर मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, देहरा।** जिला के पुलिस थाना देहरा के तहत गाली-गलौज व मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार चन्नौर में नरेश ठाकुर व उसकी प ी बीना निवासी बार्ड नं. 5 चन्नौर तहसील डाडासीबा ने शालू व सरोज कुमारी निवासी बार्ड नं. 5 चन्नौर के घर के आंगन में आकर इनके साथ गाली- गलौज व मारपीट की है। संदर्भ में पुलिस थाना देहरा में मामला दर्ज किया गया है।

### रास्ता रोककर की मारपीट, थाने में मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** जिला के पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत रास्ता रोक कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बलधर में लक्की निवासी बलधर तहसील नगरोटा बगवां व अन्य व्यक्तियों ने लाल सिंह व राजीव कुमार निवासी बलधर का रास्ता रोककर राजीव कुमार के साथ मारपीट की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना नगरोटा बगवां में मामला दर्ज किया गया है।

### घर में आकर की मारपीट, तोड़ दिया सामान

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** जिला के पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत घर में मारपीट के अलावा सामान तोड़ने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बलधर में गोल्डी, गगन, बबू निवासी बलधर तहसील नगरोटा बगवां व अन्य व्यक्तियों ने पूजा देवी निवासी बलधर के घर में आकर गाली-गलौज व मारपीट की है तथा सामान की भी तोड़फोड़ की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना नगरोटा बगवां में केस दर्ज किया गया है।

# प्राइवेट बस ऑपरेटर्स ने नगरोटा में एनएच पर किया चक्का जाम

## करोड़ों रुपए की ठगी मामले में एक आरोपी को नहीं पकड़ने पर की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां में प्राइवेट बस ऑपरेटर के साथ हुई करीब 14 करोड़ रुपए की ठगी मामले में सोमवार को नगरोटा बगवां संघर्ष समिति के आह्वान पर सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक दो घंटे राष्ट्रीय उच्च मार्ग पठानकोट-मंडी पर चक्का जाम किया गया। पुराने बस स्टैंड नगरोटा बगवां में किए गए प्रदर्शन में प्रेम बस सर्विस के ड्राइवरों-कंडक्टरों, कर्मचारियों और कुछ स्थानीय लोगों व संघर्ष समिति के सदस्यों ने प्रशासन व पुलिस के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस चक्का जाम में कुछ प्राइवेट बस ऑपरेटर ने भी प्रेम बस के सदस्यों का साथ दिया। जानकारी के अनुसार प्रेम बस सर्विस के संचालकों के साथ हुए लेनदेन में ठगी के कथित मामले को लेकर के पुलिस प्रशासन द्वारा दो आरोपियों को पकड़ने के बाद नगरोटा बगवां के स्थानीय आरोपी को आज दिन तक न पकड़े जाने पर यह प्रदर्शन किया गया।

चक्का जाम में स्वयं प्रेम बस के मालिक पवन सोनी संघर्ष समिति के सदस्य मनोज मेहता, आशीष सोनी, विनेश बस्सी, जिला कांगड़ा निजी बस ऑपरेटर के प्रधान रवि कुमार आदि उपस्थित रहे। इसके उपरांत उन्होंने एसडीएम कार्यालय में जाकर के एसडीएम मुनीश शर्मा को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।

एसडीएम मुनीश शर्मा ने कहा कि इन्होंने ज्ञापन में मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपी को पकड़ा जाए और उस पर उचित कार्रवाई की जाए।

### आवाजाही बाधित करने पर मामला

**नगरोटा बगवां।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवाजाही को बाधित करने पर मामला भी दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को पुराना बस स्टैंड नगरोटा बगवां में पवन सोनी मालिक प्रेम बस ट्रांसपोर्ट, आशा वालिया, हिमांद्री सोनी पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद नगरोटा बगवां, स्वर्णा वालिया पार्षद नगरोटा बगवां, पुनीत खोसला पूर्व पार्षद नगर परिषद नगरोटा बगवां, रेनू बाला पार्षद नगरोटा बगवां, विनेश वस्सी, मनोज मैहता, अमित, मनी निवासी नगरोटा बगवां व अन्य 50 से 60 लोगों पर एनएच-154 पर आवाजाही को अवरुद्ध करने व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने के खिलाफ पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# 'पारदी गैंग' से चोरी के गहने खरीदने वाला ज्वेलर गिरफ्तार

**शुभम शर्मा, देहरा**

**देहरा पुलिस ने पंजाब के होशियारपुर से पकड़ा आरोपी ज्वेलर**

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**



अंतरराज्यीय 'पारदी गैंग' की परते अब धीरे-धीरे खुलकर सामने आने लगी हैं। चोरी किए सोने-चांदी के जेबरात उपरोक्त लुटेरों ने कहां बेचे, देहरा पुलिस अब उस ठिकाने तक पहुंच चुकी है। मामले में पुलिस ने पंजाब के होशियारपुर के एक ज्वेलर को चोरी के जेबरात खरीदने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे सोमवार को देहरा की अदालत में पेश किया गया। होशियारपुर में ज्वेलर को पकड़ने पहुंची देहरा पुलिस व पंजाब पुलिस का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी अनिल कुमार ने बताया कि मध्य प्रदेश की इस पादरी गैंग ने गत दिनों देहरा में हुई चोरी को भी कबूल लिया है। अब यह गिरोह धीरे-धीरे और भी बड़े खुलासे कर सकता है। डीएसपी ने बताया कि जेबरात की रिकवरी के लिए पुलिस की टीम गठित गई है और उन्हें सोमवार को होशियारपुर भेजा गया था। गौरतलब रहे कि डीएसपी देहरा अनिल कुमार के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की इस पारदी गैंग के दस लोगों को बनखंडी के एक होटल में पकड़ा था। उपरोक्त गिरोह देहरा, ज्वालामुखी, रक्कड़ आदि कई इलाकों में चोरी की कई वारदातों को अंजाम दे चुकी है। बहरहाल सभी आरोपी पांच दिन के पुलिस रिमांड पर हैं। सात अगस्त को इन सभी को पुनः अदालत में पेश किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# कर्मचारियों ने फूंका पंजाब सरकार का पुतला

## पुरानी पेंशन बहाल करने और पे कमीशन का बकाया देने की उठाई मांग

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पंजाब सरकार द्वारा कर्मचारियों और पेंशनर्स की मांगें पूरी न होने के विरोध में पीएसएसएफ जिला अध्यक्ष रवि दत्त की अध्यक्षता में पंजाब सरकार का पुतला जलाया गया। इस मौके पर पीएसएसएफ जिला अध्यक्ष रवि दत्त, पीडब्ल्यूडी फील्ड एंड वर्कशाप वर्कर्स यूनियन चेयरमैन सतीश शर्मा, महासचिव सुरेश कुमार, प्रधान राजिंदर कुमार,सरपसत मंगत सिंह, युद्धवीर सिंह, कोषाध्यक्ष मोहन सिंह,अमरजीत सिंह ने कहा कि जालंधर उपचुनाव में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा जो सभी जत्थेबंदियों के साथ कर्मचारियों की मांगें मानी गई थीं उन्हें पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा कर्मचारियों पेंशनरों संगठनों को दो बार समय देकर बैठक को रद्द किया गया है।

उन्होंने कहा कि अब 22 अगस्त का समय दिया गया है। उन्होंने कहा कि 22 अगस्त को कर्मचारियों पेंशनरों की मांगें नहीं पूरी हुईं तो पंजाब सरकार के खिलाफ सभी कर्मचारी संगठन संयुक्त होकर आंदोलन करेंगे।

उन्होंने कहा कि केंद्र तथा चंडीगढ़, जम्मू कश्मीर, हरियाणा, हिमाचल सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को डीए 50 फीसदी दिया जा रहा है, जबकि पंजाब सरकार द्वारा कर्मचारियों को 38 फीसदी डीए दिया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि पुरानी पेंशन को बहाल किया जाए, पे कमीशन का बकाया दिया जाए व सरकार ने जो चुनावी वादे किए हैं, उनको पंजाब सरकार शीघ्र पूरा करे। (अनंत ज्ञान)

### धर्मशाला में बरसात से 3.50 करोड़ का नुकसान

**धर्मशाला।** बारिश और भूस्खलन के कारण लोक निर्माण विभाग के तहत करीब आधा दर्जन सड़कें अवरुद्ध हो गई थीं, जिनको बहाल करने के लिए विभागीय मशीनरी लगाई गई। एक्सईएन विनय मेहरा ने बताया कि क्षेत्र में हुई बारिश के कारण विभाग को करीब 3.50 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। गोरखा भवन के पास भूस्खलन होने के कारण डंगा क्षतिग्रस्त हो गया। थातरी में लाल घार के पास भूस्खलन हुआ है। कालापुल में भारी भूस्खलन के कारण सड़क को काफी नुकसान पहुंचा है।

### एनसीसी कैडेट्स प्रशिक्षण कैंप के लिए रवाना



अनंत ज्ञान, बैजनाथ। पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के 56 एनसीसी कैडेट्स को सोमवार को 10 दिन के लिए रेनबो वर्ल्ड स्कूल भवारना में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के लिए भेजा गया है। यह ट्रेनिंग 5 हिमाचल प्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी धर्मशाला द्वारा 5 अगस्त से 14 अगस्त तक आयोजित की जा रही है। ट्रेनिंग शिविर पर जाने से पहले महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विक्रम सिंह ने सभी कैडेट्स को जरूरी दिशा-निर्देश दिए तथा हरी झंडी दिखाकर उन्हें बस में रवाना किया।

# मां ज्वालाजी मंदिर में विधायक संजय रत्न ने कन्या पूजन के साथ किया नवरात्र का शुभारंभ

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**



विधायक संजय रत्न परिवार सहित ज्वालाजी मंदिर में मां के दर्शन करते हुए।

शक्तिपीठ ज्वालाजी मंदिर में सोमवार को श्रावण अष्टमी नवरात्र का भव्य आगाज हुआ है। मंदिर के कपाट सुबह ही खुल गए थे। हालांकि बारिश के कारण कम भक्त ही मां ज्वाला की पवित्र ज्योतियों के दर्शन करने पहुंचे। ज्वालामुखी विधायक संजय रत्न, मंदिर अधिकारी व तहसीलदार मनोहर लाल शर्मा, न्यास सदस्यों आदि ने विधिवत पूजा-अर्चना व कन्या पूजन से श्रावण अष्टमी नवरात्र का आगाज किया। बता दें कि नवरात्र के दौरान नारियल, ढोल-नगाड़े ले जाना पूर्णतया बंद किया गया है, और धारा 144 लागू होने पर किसी भी प्रकार के हथियार या आग्नेय वस्तु मंदिर क्षेत्र में ले जाना वर्जित है।

पहले नवरात्र पर विधायक संजय रत्न परिवार सहित मंदिर पधारे और उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना सहित कन्या पूजन के साथ श्रावण नवरात्र का आगाज किया। विधायक संजय रत्न ने सभी प्रदेशवासियों को श्रावण नवरात्र की बधाई दी और माता ज्वाला से कामना की है कि प्रदेश में सभी सुखी रहें और समृद्धि हो और माता ज्वाला का आशीर्वाद सभी पर बना रहे और बरसात में सभी सुरक्षित रहें। (अनंत ज्ञान)

### फूलों से सजाया मां बज्रेश्वरी मंदिर

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में सोमवार को माता के श्रावण मेलों का शुभारंभ हो गया। प्रशासन द्वारा माता के दर पर आने वाले भक्तों की सुविधा हेतु विशेष प्रयास किए गए हैं। एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने समस्त विभागों के अधिकारियों को यात्रियों की सुविधा हेतु हर समय सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

मंदिर में आने वाले यात्रियों के ठहरने के लिए उचित व्यवस्था की गई है। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। पीने के पानी की उचित व्यवस्था की गई है। मंदिर को फूलों से सजाया गया है। श्रद्धालुओं के लिए लंगर में सफाई की विशेष की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सुविधा हेतु सुरक्षा बलों की उचित व्यवस्था की गई है। बाणगंगा में नहाने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था के साथ-साथ सहायक उपकरणों की भी व्यवस्था की है। एसडीएम इशांत जसवाल और मंदिर अधिकारी मोहित रत्न, जेई मंदिर विजय कुमार, मुख्य पुजारी, और ट्रस्ट सदस्यों ने मां के दर पर आने वाले भक्तों को श्रावण मेलों की शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

# 8वीं, 10वीं और 12वीं पास भी कर सकेंगे अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**छह महीने से तीन वर्ष होती है ट्रेनिंग की अवधि स्टाइपेंड का भी प्रावधान**

नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के अंतर्गत 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके आठवीं, दसवीं, बारहवीं, आईटीआई युवा हिमाचल में स्थित विभिन्न सरकारी, अर्ध सरकारी, निजी प्रतिष्ठानों उद्योगो में अपेंटिसशिप ट्रेनिंग कर सकते है। इसके लिए इच्छुक उम्मीदवार डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अंप्रेटिसशिपइंडिया डॉटडॉटइन पर अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत इस पोर्टल पर रजिस्टर्ड प्रतिष्ठानों में प्रशिक्षु लगने हेतू पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

आईटीआई दाड़ी के प्रिंसिपल राजेश पुरी ने बताया कि ट्रेनिंग 6 माह से 3 वर्ष होती है। 5000 से 9000 रुपए तक स्टाइपेंड का प्रावधान भी होता है। प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों को अखिल भारतीय शिक्षुता परीक्षा उतीर्ण होने पर राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

उन्होंने कहा कि आवेदकों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन में स्वयं की ईमेल, मोबाइल नंबर व आधार नंबर सही दर्ज करें क्योंकि सभी सूचनाएं उम्मीदवार की ईमेल आईडी व मोबाइल नंबर पर ही भेजी जाती हैं। इसके अलावा इस स्कीम की सारी जानकारी ऊपर बताए वेब पोर्टल में उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए संस्थान के दूरभाष नंबर 01892-223182 पर संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

**स्थापना दिवस** भागसू पहल सोसायटी दाड़ी ने गोरखा भवन शामनगर में मनाया 5वां स्थापना

# भागसू पहल सोसायटी ने सम्मानित की 50 विभूतियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



भागसू पहल सोसायटी दाड़ी ने अपना पांचवां स्थापना दिवस गोरखा भवन शामनगर में मनाया। इस दौरान मेजर हेमंत गुरुंग ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि ओम सिंह गुरुंग व हेमलता गुरुंग वशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस दौरान भागसु पहल सोसायटी की संस्थापक व अध्यक्ष कुसुम राणा, रीता कारकी, ममता राणा वह समस्त भागसू पहल सोसायटी के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

स्थापना दिवस पर समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए सोसायटी ने 50 लोगों को सम्मानित किया। और साथ ही छह बच्चों को पढ़ाई के लिए सहायता धन राशि के साथ-साथ लेखन सामग्री भी वितरित की।

**चंबा के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अजय शर्मा को भी किया सम्मानित**

वहीं, समिति की अध्यक्ष कुसुम राणा ने बताया कि सोसाइटी निस्वार्थ भाव से शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, गरीबों,और खेलों के ऊपर कार्य कर रही है। जहां किसी को भी पढ़ाई करने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जहां किसी भी गरीब परिवार को मदद की जरूरत है। वहां सोसायटी पूर्ण रूप से उनकी मदद के लिए कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़ी हो जाती है।

इस मौके पर जिला चंबा के पहले अंतरराष्ट्रीय पैरा वालीबॉल खिलाड़ी अजय शर्मा भी मौजूद रहे। अजय शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए उनको काफी ज्यादा पैसों की जरूरत थी, लेकिन उनके पास कोई पैसा नहीं था। तभी उनकी मदद के लिए सबसे पहले टीम भागसु पहल सोसाइटी आगे आई थी, जिनकी वजह से वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए जा पाए थे। समाज सेविका साधना नेपाली कुसुम राणा, रीता कारकी, सुनील दूरदराज, रेडक्रॉस सोसायटी धर्मशाला डीसी कांगड़ा निपुण जिंदल, एचएएस विजय शर्मा करनाल जीवी थापा, टीम धर्मशाला लोकल एनएफसीआई चंबा समस्त मीडिया बंधु और क्राउड फंडिंग में कई लोगों ने उनका सहयोग किया था। अजय शर्मा ने सभी लोगों का आभार जताया।

## न्यूज ब्रीफ

### यश को डीसी चंबा ने किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के दौरान हुए बैडमिंटन टूर्नामेंट में उदयपुर निवासी यश विशिष्ट ने फाइनल मुकाबला जीत कर जिले का नाम प्रदेश भर में रोशन किया। इस अवसर पर यश को सम्मानित करते डीसी चंबा मुकेश रपसवाल, साथ हैं अन्य।

### स्कूली बच्चों को पोक्सो अधिनियम की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मटाहणी में प्रधानाचार्य रेणु कौशल की अध्यक्षता में स्कूली बच्चों को पोक्सो अधिनियम के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान स्मार्ट क्लास रूम में वीडियो के माध्यम से बच्चों को अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम प्रभारी एवं भूगोल की प्रवक्ता निशा शर्मा ने भी स्कूली बच्चों को जागरूक किया तथा ऐसी घटनाओं की शिकायत करने की बात कही। इस अवसर पर सभी अध्यापक मौजूद रहे।

### भगवती स्कूल के बच्चों ने किया पौधरोपण



**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाडी में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम पर पौधरोपण किया गया । इस दौरान विभिन्न पौधों को विद्यालय परिसर में छात्रों द्वारा लगाया गया और विद्यालय परिसर के आस पास भी छात्रों द्वारा पौधरोपण किया गया। छात्रों और अध्यापकों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। स्कूल की प्रिंसीपल आरती कटोच ने सभी बच्चों को बताया कि जीवन में पौधों की बहुत उपयोगिता है। पेड़ पौधों के बिना सृष्टि में जीवन नहीं हो सकता।

पेड़ ही हमारे प्राण है जो हमें ऑक्सीजन देते है और सारे वातावरण को शुद्ध रखने में हमारी मदद करते है। इसलिए पौधारोपण कार्यक्रम किसी एक दिन नहीं पूरा साल करना चाहिए और पौधे लगाने के वाद उसकी सही तरीके से रख रखाव व देखभाल करना भी बहुत जरूरी है।

# सीएम ने दी 120.44 करोड़ की सौगात

**ओपी शर्मा, चंबा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज वर्चुअल माध्यम से अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने इस मौके पर 120.44 करोड़ रुपए की लागत की विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और पूर्व विधायक हरभजन सिंह भज्जी भी मुख्यमंत्री के साथ उपस्थित थे। उन्होंने मिंजर मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिकूल मौसम के कारण वह व्यक्तिगत रूप से मिंजर मेले के समापन समारोह में शामिल नहीं हो पाए। उन्होंने मिंजर मेले के सफल आयोजन के लिए क्षेत्र के लोगों और जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने आज चंबा के लिए 120.44 करोड़ रुपए की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण और आधारशिला रखीं। उन्होंने चंबा में 35.38 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले मिनी सचिवालय भवन और पुलिस मैदान



वर्चुअल माध्यम से मिंजर मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू ।

चंबा में 11.12 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले इंडोर स्टेडियम का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि चंबा में पांच करोड़ रुपए की लागत से पार्किंग एवं व्यावसायिक परिसर का निर्माण कार्य 18 माह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा । उन्होंने 4.64 करोड़ रुपए की लागत से बहुद्देशीय हॉल और डाइट सरू पुस्तकालय की आधारशिला रखी।

मुख्यमंत्री ने पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल चंबा में 10.38 करोड़ रुपये से नव-निर्मित ट्रॉमा केयर सेंटर और 20.58 करोड़ रुपए से निर्मित विद्युत उप-केंद्र का लोकार्पण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने राजकीय डिग्री कॉलेज चंबा में 11.57 करोड़ रुपए से निर्मित पीजी ब्लॉक, तीसा में 1.68 करोड़ रुपए से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भागीगढ़ और तीसा के भंजराड़ु में 6.11 करोड़ रुपए से नवनिर्मित बस अड्डे का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चंबा हेलीपोर्ट का शीघ्र ही शिलान्यास किया जाएगा और यहां उड़ानों के लिए सब्सिडी भी दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि चंबा-चुवाड़ी-जोत सुरंग निर्माण की कंसल्टेंसी के लिए चार करोड़ रुपए उपलब्ध करवाए गए हैं। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार चंबा जिला की सभी विकासात्मक आवश्यकताओं को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि चंबा चिकित्सा महाविद्यालय के लिए 165 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं और इसके भवन का निर्माण कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। विधायक नीरज नैयर ने जिला चंबा की विकासात्मक आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### सरकार ने लिखी विकास की नई गाथाएं : पठानिया

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान विकास की नई गाथाएं लिखी हैं। रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और संसाधनों को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने चंबा के विकास के लिए जो घोषणाएं की हैं, उनके लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध करवाया गया है।

## मेले के समापन पर संक्षिप्त सम्मान समारोह आयोजित

# अधिकारी व खिलाड़ी किए सम्मानित



प्रशासनिक अधिकारी को सम्मानित करते विधायक नीरज।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 2024 के 4 जुलाई को विधिवत समापन के उपरांत 5 अगस्त को चौगान मैदान में एक संक्षिप्त सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय विधायक नीरज नैयर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में नीरज नैयर ने मेले के सफल आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले प्रशासनिक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा विभिन्न खेल गतिविधियों में शामिल पदाधिकारियों तथा खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मिंजर मेले के सफल आयोजन के लिए प्रशासनिक तथा अन्य विभागीय अधिकारियों ने दिन-रात कड़ी मेहनत की जिसकी बदौलत मेले का आयोजन पूरी तरह सफल रहा। उन्होंने मेला आयोजन से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों तथा समस्त जिला वासियों को बधाई दी।

इस अवसर पर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा, एसडीएम अरुण शर्मा, एसी टू डीसी पृथ्वी पाल सिंह, के अलावा पुलिस तथा प्रशासन संबंधित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# पीलिया रोगियों को मिलेंगी मुफ्त दवाइयां : जीवन ठाकुर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में पीलिया के मरीजों के लिये प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने अपनी एनजीओ ,एक पहल माउंटेन सेवा समिति के माध्यम से पीलिया के रोगियों के अब मुफ्त दवाइयां उपलब्ध करवायेगा।

इस बात की जानकारी देते हुए जीवन ठाकुर ने कहा कि अब इस बात संशय नहीं है कि जोगिंद्रनगर में पीलिया रोग अपने पांव पसार चुका है। इस समय जरूरत मरीजों को सुविधाएं व दवाईयां उपलब्ध करवाने की है। जिसके लिये सरकार अपने स्तर पर पूरे प्रयास कर रही है तथा अस्पताल में दवाईयां उपलब्ध करवाई जा रही है, लेकिन यह समय गरीब लोगों के साथ खड़े होने का है तथा उनकी जरूरतों को पूरा करने का है। ठाकुर ने कहा कि एह पहल माउंटेन सेवा समिति अब मरीजों को निशुल्क



मरीजों का हाल चाल पूछते और निशुल्क दवाइयां वितरित करते जीवन ठाकुर।

दवाईयां उपलब्ध करवायी जाएगी। मरीजों को किसी प्रकार का कोई पैसा अब पीलिया के रोग पर खर्च करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि बाहर दुकान से भी कोई मरीज दवाइयां लेगा उसको उसकी राशि का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कोरोना काल में भी इसी तरह लोगों की मदद की थी।

ठाकुर ने कहा कि समिति के लोग अस्पताल के बाहर बैठेंगे तथा जहां से भी मरीज आयेगें जहां से भी दवाइयां खरीदी जाएगी सेवा समिति उनका भुगतान करेगी। पेयजल स्त्रोतों को साफ किया जा रहा है। अस्पताल में भी पानी की समस्या थी उसको भी ठीक कर दिया गया है। जीवन ठाकुर के साथ समिति के अन्य लोग भी उनके साथ रहे।

# महिला अभ्यर्थियों के लिए नर्सिंग प्रशिक्षण में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग बोंखरीमोड़ (बाथरी) में महिला अभ्यर्थियों हेतु जीएनएम (नर्सिंग प्रशिक्षण) हेतु प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है।

बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने उक्त आश्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीएनएम प्रशिक्षण हेतु शैक्षणिक योग्यता सामान्य श्रेणी की अभ्यर्थियों हेतु 40 प्रतिशत अंकों के साथ जमा दो उतीर्ण व अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की अभ्यर्थियों हेतु शैक्षणिक योग्यता 35 प्रतिशत अंकों के साथ जमा दो कक्षा उत्तीर्ण रहेगी।

जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व ओबीसी व अल्पसंख्यक वर्ग की अभ्यर्थियों



को जीएनएम प्रशिक्षण हेतु सरकार द्वारा छात्रवृति भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग बोंखरीमोड़ में आधुनिक सुविधाओं व उपकरणों से लैस भवन में नर्सिंग प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। बट्ट ने कहा कि कॉलेज में सरकार द्वारा जीएनएम प्रशिक्षण हेतु 40 सीटें स्वीकृत हैं। ऐसे में उन्होंने पात्र अभ्यर्थियों से जल्द जल्द प्रवेश लेने की अपील की है।

### जोगिंद्रनगर में चोरों ने नकदी व गहनों पर किया हाथ साफ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** गांव संगनेहड़ हार में चोरों ने सेंध लगाकर नकदी व गहनों को चुरा ले गए हैं। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के संगनेहड़ हार निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र मथुरु राम के घर से देर रात चोरों ने ताले तोड़कर कमरे में रखी आलमारी और अन्य स्थानों में रखे हुए घरेलू सामान को उथल-पुथल कर घर में रखे कई चीजों को उड़ा कर ले गए हैं, जबकि राजेंद्र कुमार की माता ने कहा कि उनका बेटा अपने परिवार के साथ लुधियाना में रहता है।

इस चोरी की घटना गांव ने सुबह पता चला जब वह अपने बेटे के घर में गए तो देखा कि सारा सामान उथल-पुथल था और घर के अंदर अलमारी से भी सामान गायब था, जोगिंद्रनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# बस अड्डा चंबा के पास व्यक्ति नीचे गिरा दमकल विभाग ने किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा के मुख्य बस अड्डे के समीप एक व्यक्ति अचानक से नीचे गिर गया, गनीमत यह रही की उक्त व्यक्ति सड़क पर से गिरने के बाद रावी नदी के तट पर बनी पक्की चट्टान पर ठहर गया, अगर थोड़ा सा और आगे जाता तो सीधा रावी नदी के तेज बहाव में बह सकता था।



पहाड़ी से गिरे हुए व्यक्ति को बाहर निकालते हुए।

बताते चले यह मामला रविवार दोपहर का है का बताया जा रहा है। और जब यह व्यक्ति बस स्टेंड से कन्ही जा रहा था तो अचानक से उसका संतुलन बिगड़ा और सीधा रावी नदी के किनारे लगभग 50,फूट खाई में जा गिरा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उस अज्ञात व्यक्ति ने काफी मात्रा में शराब पी रखी थी

जिस कारण यह हादसा घटित हुआ। जैसे ही इस व्यक्ति के गिरने का पता चला लोगों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी, अग्निशमन विभाग के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और बिना समय गवाए उन्होंने उस व्यक्ति का रेस्क्यू शुरू किया करीब आधे घंटे की मुशक्त के बाद अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने उस व्यक्ति को सकुशल

सड़क पर ले आए। इस बीच सड़क के किनारे सैकड़ो लोगों का तांता लग गया और जैसे ही उस व्यक्ति को अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने उस व्यक्ति को सकुशल सड़क पर पहुंचाया लोगों ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए नारे भी लगाए।

### सूडोकु 0018 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0017 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

6 अगस्त, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण, **तिथि** द्वितीया: (07:54) **: नक्षत्र :** मघा (5:56), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** वरियान (10:59) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59 - 12:53), **राहुकाल** (03:47 -05:27) ।

**विशेष दिन**

- 6 अगस्त 2024 : मंगला गौरी व्रत आज।
- 6 अगस्त 2024 : सिंजारा आज।

**मेष:** बोलने से पहले सोचें। आज दुखद समाचार मिल सकता है। कारोबार में विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। थोड़े प्रयास से अधिक लाभ होगा।

**वृषभ:** कम बोलें पर अच्छा बोलें। आज कई स्त्रोतों से धनलाभ संभव है। घर-परिवार की चिंता से तनाव रहेगा। निजी कार्यों से भागदौड़ अधिक होगी।

**मिथुन:** समय की अनुकूलता का आभास होगा। बड़े सौदों के लिए समय शुभ है। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। आर्थिक लाभ होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**कर्क:** आज पसंदीदा भोजन का आनंद मिलेगा। आज यात्रा का कार्यक्रम टाल देवें। नौकरी में परिश्रम निरर्थक होगा। आप की लापरवाही से लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे।

**सिंह:** दिन की शुरुआत में आलस की अधिकता रहेगी। करियर के प्रति निर्णय लेने में संकोच रहेगा। धन प्राप्ति सुगमता से होगी। यात्रा सफल रहेगी।

**कन्या:** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यस्थल परिश्रम अधिक होगा। बुजुर्गजनों को पुरानी व्याधि से कष्ट होगा।

**तुला:** नई व्यापारिक योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। राजकीय सहयोग मिलेगा, उन्नति होगी।

**वृश्चिक:** जिम्मेदारी को समझें। गृहस्थ सुख मिलेगा। आज धनलाभ होगा। व्यवसायिक प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। आलस्य की अधिकता से कार्यों में विलंब होगा।

**धनु :** बातों से लोगों का दिल जीत लेंगे। संतान के लिए समय अनुकूल है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे।

**मकर:** आज का दिन प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। आज की गई यात्रा-निवेश सफल रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी, जोखिम न लें।

**कुंभ:** न चाहते हुए भी फालतू खर्च बढ़ेगा। मामूली चोट, विवाद आदि से हानि संभव है। कुसंगति कष्टकारक रहेगी, जोखिम न लें। तीर्थयात्रा संभव है।

**मीन:** आज किया निवेश शुभ रहेगा। स्वजनों के साथ पार्टी-पिकनिक का आनंद मिलेगा। काम की अधिकता रहेगी। झूठ बोलने से बचें। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

# 8वीं संध्या में गायक जावेद अली ने बांधा समां

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की अंतिम व आठवीं सांस्कृतिक संध्या को बालीवुड के पार्श्व गायक जावेद अली ने बेहरतीन गायकी के जरिए यादगार बना दिया। इसके अलावा हिमाचली लोकगायक पीयूष राज, अजय भरमौरी व सारेगामा फेम राजीव थापा ने भी शानदार प्रस्तुतियों के जरिए सांस्कृतिक संध्या में सशक्त उपस्थिति दर्ज करवाई। मिंजर मेला की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में सदर विधायक नीरज नैयर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल ने मुख्यातिथि को सम्मानित करने की रस्म अदा की। इस दौरान मुख्यातिथि ने मिंजर मेला 2024 की स्मारिका का विमोचन भी किया। जावेद अली ने एक दिन तेरी राहों में, तू ही हकीकत, कैसे कहें अलविदा, जश्ने बहारा, गुजारिश, दीवाना कर रहा है, खामोश तन्हाइयों सहित कई बेहतरीन गाने गाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।वहीं पीयूष राज व तारिक मलिक ने और राजीव थापा ने भी बेहतरीन गीत पेश किए।

इससे पहले सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत दिन में मुसाधा गायन के साथ हुई। वहीं अन्य कलाकारों में प्रभजोत चंबा, सुनील मस्ती कांगड़ा, सोनू पुलिस चंबा, कर्ण बाथरी, दिव्य श्रीवास्तव मनमोहन शिमला, भुवनेश भारत चंबा, खुशी शुभ चंबा व तनोरा डांस मंडी ने प्रस्तुति दी।





जावेद अली व लोक गायक बहादुर भारद्वाज।





अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के दौरान मैदान में मौजूद लोग व (दाएं) मेले के दौरान कलाकार।



मिंजर मेले की संध्या में प्रस्तुति पेश करते कलाकार।

# नेरी महाविद्यालय ने मनाया वन महोत्सव

**अनंत ज्ञान, गलोड़**

हर वर्ष की तरह इस बार भी औद्योनिकी एवं वानिकी महाविद्यालय नेरी ने मानसून के आगमन पर जैव प्रौद्योगिकी विभाग के परिसर में पौधारोपण कर सोमवार को वन महोत्सव का आगाज किया।

इस उत्सव का मुख्य उदेश्य पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए जागरूक करना था। यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जो पर्यावरण के प्रति उत्साह और आपसी समझ को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर देता है। इस उत्सव को मानसून के आगमन पर मनाने का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण को संतुलित करना था। इस उत्सव के दौरान नेरी



पौधरोपण के दौरान छात्र व अन्य।

महाविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सभी छात्रों और इस विभाग से जुड़े हुए कर्मचारी और अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने महोगनी, मिलिया, दुबिया, हिबिस्कस, दुरांटा और चांदनी आदि पौधरोपण किया। विभाग के सभी सदस्यों ने उत्साह पूरक इस कार्यक्रम में अपना योगदान दिया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. डीपी शर्मा ने सभी अध्यापकों एवं छात्रों को इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# हिमाचल में कैंसर मरीजों को मिलेगी मुफ्त दवाइयां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में कैंसर से ग्रसित मरीजों को मुफ्त दवाइयां प्रदान की जाएगी और उनका इलाज भी पूरी तरह से नि:शुल्क पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ये घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को स्टेट एडवाइजरी बोर्ड ऑन कैंसर एंड पल्लिएटिव केयर प्रोग्राम की प्रथम बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों में कैंसर के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। हिमाचल प्रदेश कैंसर के मामलों में देश में दूसरे स्थान पर आ गया है। यह चिंता का विषय है तथा इसी के दृष्टिगत कैंसर के मरीजों को राहत प्रदान करने के लिए यह क्रांतिकारी निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह सुविधा विभिन्न सरकारी अस्पतालों में प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी अस्पतालों में कैंसर के मरीजों को उनके उपचार के लिए 42 दवाइयां मुफ्त प्रदान करेगी। इन दवाइयों को राज्य की अनिवार्य दवा सूची में शामिल किया गया है। इन दवाइयों में कैंसर उपचार के लिए प्रयुक्त होने वाला ट्रासटूजुम्ब टीका भी शामिल है, जिसकी कीमत लगभग 40 हजार रुपए होती है। ब्रेस्ट कैंसर के मरीज को इलाज के लिए वर्ष में ऐसे 18 टीकों की आवश्यकता होती है।

> खुश लोग अपनी आंतरिक दुनिया का निर्माण करते हैं, दुखी लोग अपनी बाहरी दुनिया को दोष देते हैं। –दलाई लामा

## संपादकीय

# बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता

सआखिर वही हुआ जिसका अंदेशा पहले से था। पड़ोसी देश बांग्लादेश में जारी हिंसक आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। उनके देश छोड़ते ही राजनीतिक अस्थिरता पैदा हो गई है और सेना ने कमान अपने हाथ में ले ली है। यानी वहां तख्तापलट हो गया है। आखिर इसके लिए दोषी कौन है? प्रदर्शनकारी छात्र या शेख हसीना का रवैया? सियासी माहिर इस घटनाक्रम पर गहन चिंतन कर रहे हैं। क्या हिंसा किसी समस्या का समाधान हो सकता है? निश्चित रूप से इसका जवाब न होगा। हिंसा समस्या को और जटिल बना देती है। हिंसा से निपटने के लिए बातचीत, समझौता और शांतिपूर्ण तरीके से समस्या का समाधान निकालना बेहतर होता है। देश में राजनीतिक अस्थिरता होने पर प्रधानमंत्री का देश छोड़ना भी वाजिब नहीं है। प्रधानमंत्री को देश की स्थिति को स्थिर करने और समस्या का समाधान निकालने के लिए काम करना चाहिए था। प्रधानमंत्री के देश छोड़ने के बाद से समस्या और जटिल हो गई है। प्रधानमंत्री को शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए समय रहते उचित कदम उठाने चाहिए थे।

इसके अलावा उन्हें विपक्षी दलों और अन्य हितधारकों के साथ बातचीत करनी चाहिए थी। शायद वो कोई ऐसा सुझाव दे देते जो देश हित में होता। जब जनता हिंसा पर उतारु होकर सड़कों पर उतर जाती है तो सरकार को उससे निपटना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऐसी समस्या का समाधान निकालने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से काम करना ही उचित रहता है, क्योंकि देश की सुरक्षा सर्वोपरि होती है और जनकल्याण को सुनिश्चित करना सरकार का काम होता है। अगर प्रधानमंत्री समझदारी से काम लेती तो देश की राजनीतिक अस्थिरता को दूर करने और समस्या का समाधान निकालने में सफल हो सकती थी, लेकिन देश छोड़कर भाग जाना समस्या का हल नहीं है। किसी भी देश में राजनीतिक अस्थिरता कई कारणों से हो सकती है। राजनीतिक दलों के बीच मतभेद तो अक्सर चलते ही रहते हैं और वे एक-दूसरे के साथ सहयोग नहीं कर पाते हैं, तो इससे राजनीतिक अस्थिरता हो सकती है। आर्थिक समस्याएं जैसे कि बेरोजगारी, महंगाई, और आर्थिक मंदी भी राजनीतिक अस्थिरता का कारण बन सकती हैं। जब समाज में असमानता होती है, जैसे कि जाति, धर्म, या वर्ग के आधार पर भेदभाव, तो इससे राजनीतिक अस्थिरता हो सकती है। जब शासन में भ्रष्टाचार होता है, तो इससे लोगों का विश्वास सरकार में कम हो जाता है। विदेशी हस्तक्षेप भी राजनीतिक अस्थिरता का कारण बन सकता है। संवैधानिक संकट, जैसे कि सरकार के भीतर मतभेद या संविधान के उल्लंघन भी राजनीतिक अस्थिरता का कारण बन सकता है। आतंकवाद और हिंसा भी राजनीतिक अस्थिरता के कारण बन सकते हैं। ये सब कारण सरकार की स्थिरता को खतरे में डालते हैं। इन कारणों से राजनीतिक अस्थिरता पैदा हो जाती है, जिससे देश की शांति और स्थिरता खतरे में पड़ जाती है। बांग्लादेश में हिंसा की जड़ सरकारी नौकरियों में आरक्षण है। दरअसल, यहां सरकारी नौकरियों में 56 फीसदी आरक्षण है। इसमें तीस फीसदी आरक्षण बांग्लादेश में स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए दिया गया था।

इसी आरक्षण के विरोध में बांग्लादेश में प्रदर्शन हो रहे हैं। हालांकि छात्रों के आंदोलन के बाद शेख हसीना सरकार ने कुछ कोटे को कम जरूर किया है, लेकिन लगातार जारी हिंसा के बीच छात्र प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग पर अड़े हुए थे। इस आंदोलन पर काबू पाने के लिए पिछले महीने ही सरकार ने सेना को बुलाया था। बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के कारण देश में अंतरिम सरकार बनाने की घोषणा हुई है, जिसका असर देश की राजनीति पर पड़ना तय है। अभी तो सेना ने देश की कमान संभाल ली है, लेकिन निकट भविष्य में किसी दूसरी पार्टी का अब सत्ता में आना तय है। अंतरिम सरकार के गठन के साथ नए नेतृत्व का उदय हो सकता है, जो देश की राजनीति में नई दिशा की ओर ले जा सकता है।तख्तापलट के कारण देश में सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भी पड़ सकता है, जिससे देश की राजनीति में बदलाव हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिक्रिया हो सकती है, जिससे देश की राजनीति में बदलाव हो सकता है। कुल मिलाकर बांग्लादेश में हुए तख्तापलट का देश की राजनीति पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

# शास्त्रों में निहित जीवन का वास्तविक मूलधन

जो हुआ वह अच्छा हुआ, जो हो रहा है वह अच्छा हो रहा है और जो होगा, वह भी अच्छा ही होगा। आपने यह संदेश, मोबाइल फोन या अन्य साधनों के जरिए गीता सार के रूप में अवश्य पढ़ा या सुना होगा। जबकि बहुत कम लोग यह जानते हैं कि इस तरह का तथाकथित उपदेश भगवान श्री कृष्ण द्वारा गीता में कहीं नहीं कहा गया है। हालांकि, यह एक प्रेरणादायक कथन जरूर है, पर इसका सीधा अर्थ भगवदगीता के किसी भी श्लोक से मेल नहीं खाता। बावजूद इसके गीता सार कहकर इसका खूब प्रचार किया जाता है। हां, इसके अनुरूप भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को कर्म और जीवन के मूल सिद्धांतों को जानने व समझाने के उद्देश्य हेतु ऐसा अवश्य कहा गया है। जिसमें कर्म के नीयत श्रीमद्भगवत गीता के अध्याय 2 के श्लोक संख्या 47 में सबसे महत्वपूर्ण पंक्तियां कहीं गई हैं, 'कर्मण्यवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि।' अर्थात, तुम्हें अपने कर्म (कर्तव्य) करने का अधिकार है, किंतु कर्म के फलों के तुम अधिकारी नहीं हो।

तुम न तो कभी अपने आपको अपने कर्मों के फलों का कारण मानो, न ही कर्म न करने में कभी आसक्त होओ (भगवदगीता यथारूप)। इसी एक श्लोक से कर्म के विषय में सारी भ्रांतियों से संशय स्वत: ही दूर हो जाता है। फिर जो हो रहा है अच्छा हुआ, जो होगा अच्छा ही होगा, कहने का तो कोई प्रश्न ही नहीं उठता। खैर, मोबाइल पर प्राप्त होने वाले ऐसे प्रेरक वाक्यों या उपदेशों से जीवन में सकारात्मकता के भाव तो जरूर उत्पन्न किए जा सकते हैं, किंतु आज की युवा पीढ़ी पर इसका एक नकारात्मक असर भी देखने को मिल रहा है। उदाहरणार्थ, आज का युवा वर्ग मोबाइल के जरिए प्राप्त होने वाली जानकारी को ही यथार्थ समझ लेता है। नतीजतन, मूल बात या मूल ज्ञान तक वह कभी पहुंच ही नहीं पाता। वैसा ही हाल आध्यात्मिक ज्ञान का है। मोबाइल से प्राप्त हो रहे आध्यात्मिक ज्ञान में मूलत: अध्यात्म कहीं भटकता नजर आ रहा है।


लेखक : शिवालिक अवस्थी
शीला चौक, सिद्धपुर, धर्मशाला

इसके परिणामस्वरूप जैसे-जैसे हमारा देश वक्त के साथ आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे हमारी संस्कृति कोसों पीछे जाती हुई दिख रही है। अध्यात्म आज भी कई जगह तर्क-वितर्क का शीर्षक बना हुआ है। अध्यात्म के प्रति ज्यादातर लोगों का मत पृथक ही देखने को मिलेगा, जिसके चलते हम वास्तविक ज्ञान तक कभी पहुंच ही नहीं पाते। इसके मुख्यत: दो प्रमुख कारण हैं, पहला – शास्त्रों के स्वाध्याय में व्यक्तिगत रुचि न होना और दूसरा-शास्त्रों के स्वाध्याय के लिए समय का अभाव होना। दोनों ही कारण तर्कसम्मत नहीं हैं, क्योंकि जब हम अपने अन्य निजी कार्यों के लिए समय का उपयोग कर सकते हैं तो कुछ समय शास्त्रों/पुराणों के अध्ययन के लिए भी निकाला जाना दुस्साध्य नहीं है। हम शास्त्रों या पुराणों का स्वाध्याय नहीं करते, यही कारण है जो हम ज्ञान की खोज में अमूमन बाबाओं आदि की शरण में जाकर अपनी परेशानियों का समाधान ढूंढने लगते हैं। वैसे भी हमारे समाज के ज्यादातर लोग अंधविश्वास जैसी कुरीतियों को अपनाने में तनिक भी संकोच नहीं करते। नतीजतन, ढोंगी बाबाओं की संख्या में दिन-प्रतिदिन इजाफा होते जा रहा है।

इसी विषय को गंभीरता से लेते हुए विभिन्न अखाड़ों के प्रमुख संतों ने 2025 के महाकुंभ के लिए मेला प्राधिकरण के साथ बैठक कर नकली बाबाबों पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिशें भी की हैं। नकली बाबाओं की संख्या में बढ़ोतरी एक चिंतनीय विषय है। अभी हाल ही में घटित हुई हाथरस जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना, जिसमें तकरीबन 121 के करीब लोगों को मौत का सामना करना पड़ा, शायद ही किसी को भूली होगी और नकली बाबाओं से जुड़ी अन्य ऐसी कई विवादास्पद घटनाएं हैं, जो आज तक समाज की आंखें खोल पाने में कारगर सिद्ध नहीं हो सकी हैं। न जाने हमारा समाज किस अप्रिय घटना के घटित होने का इंतजार कर रहा है जो ईश्वर प्राप्ति की खोज में बाबाओं के चक्करों में फंसा हुआ है।

इसके अलावा यदि, सोशल मीडिया की बात करें तो पिछले कुछ सालों से न जाने कितने नकली बाबा अपने अनुयायियों साथ अचानक से प्रकट होने लगे हैं, जिनका आंकलन कर पाना भी मुश्किल है। नजर दौड़ाने पर यह भी सामने आता है कि ज्यादातर दुखी या मजबूर इंसान ही पाखंडी बाबाओं का सहारा लेने को सबसे आसान राह समझने लगता है। जिसकी मजबूरी अथवा शराफत का फायदा उठाना इन जैसे बाबाओं के लिए बाएं हाथ का खेल होता है। यही बात भला समाज के लोगों को कौन समझाए कि ऐसी कोई जादुई छड़ी किसी के हाथ में नहीं होती जो आपके दुखों को एक मिनट में छूमंतर कर दे और तो और, कई परिजनों द्वारा ढोंगी बाबाओं के शिविरों में अपने बीमार बच्चों तक का इलाज करवाने ले जाया जाता है। यह जानते हुए भी कि उक्त बाबा का डॉक्टरी की पढ़ाई से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है, फिर भी आध्यात्मिकता की आड़ में ऐसे बाबा प्राय: भोले-भाले लोगों को गुमराह करने में सफलता प्राप्त कर ही लेते हैं। ऐसे बाबा खुद को भगवान का फरिश्ता तक बताने में कोई गुरेज नहीं करते। यही कारण है जो इनके अनुयायी भी जगह-जगह तैयार होने लगते हैं। ऐसे बाबा सुखी जीवन की काल्पनिक परिभाषा तैयार करके आम लोगों को ऐसे गुमराह करते हैं, जिससे लोग वास्तविक सुख की अपेक्षा, भ्रामक परिभाषा को सत्य मान बैठते हैं।

फिर यही अनुयायी/शिष्य इन तथाकथित बाबाओं को भगवान की तरह पूजने में और इनका प्रसार करने से भी पीछे नहीं हटते। यह भी एक बड़ी वजह है जो पाखंडी बाबाओं का साम्राज्य तेजी से फैल रहा है। इन सब बातों के यदि निष्कर्ष की ओर जाया जाए तो हम यह कह सकते हैं कि कोई इंसान किसी पर तभी हावी हो सकता है जब सामने वाले में ज्ञान का अभाव हो। ज्ञान का उपार्जन बेहद जरूरी है और यह सब गुरु के बिना हो पाना असंभव है। अब प्रश्न यह उठेगा कि एक तरफ बाबाओं के पाखंड की बात की जा रही है और दूसरी ओर गुरु की। भला, कैसे पता चले कि कौन गुरु जीवन के लिए हितकारी है। यह जानने के लिए हम सभी को अपने धार्मिक ग्रंथों का आश्रय लेना जरूरी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# नवीन शिक्षा नीति में शिक्षा में नवाचार

आज जनसंख्या में वृद्धि के कारण बच्चों में कोई भी प्रतियोगिता परीक्षा जैसे आईआईटी, जेईई, राज्य के इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षा कठिन होते जा रहे हैं। इस हेतु शिक्षा में नवाचार की आवश्यकता है। नवाचार का विकास तभी संभव है, जब शिक्षक नवाचार के द्वारा नवीन शिक्षण तरीकों को प्रयोग में लाए उन कौशलों से अवगत हो और उनकी प्रतिभा में निखार ला सकें। जिससे छात्रों में उस विषय में रुचि पैदा हो सके। नवाचार (नव+आचार) का अर्थ किसी उत्पाद प्रक्रिया या सेवा में थोड़ा या बहुत बड़ा परिवर्तन लाने से है। नवाचार के अंतर्गत कुछ नया और उपयोगी तरीका अपनाया जाता है।


लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

व्यक्ति एवं समाज में हो रहे परिवर्तनों का प्रभाव शिक्षा पर भी पड़ा है। शिक्षा को समयानुकूल बनाने के लिए शैक्षिक क्रियाकलापों में नूतन प्रवृत्तियों ने अपनी उपयोगिता स्वयंसिद्ध कर दी है। जो कई अर्थों में प्रकट होती है. बालक की भिन्नताओं के होते हुए भी प्रकृति तथा स्वभाव संबंधी सामान्य विशेषताएं होती हैं। बालक के द्वारा अनुभव किए जाने योग्य अमूर्त वस्तुओं के अध्ययन के लिए कक्षा में नवाचार क्यों, विषय प्रवेश एवं कक्षाकक्ष के वातावरण को अच्छा बनाने में प्रयोग करते हैं। विश्वकवि रवींद्रनाथ टैगोर भारत के उच्च कोटि के साहित्यकार हैं। विद्यालयों में सीखने का माहौल बनाने और बच्चों को प्रेरित करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, अगर सरल शब्दों में कहें तो स्कूल एक ऐसी जगह है जहां छात्र-शिक्षक आपस में विभिन्न शैक्षणिक सामग्री का उपयोग करके संवाद और बातचीत के माध्यम से सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में शामिल होते हैं।

अध्यापक अपने अनुभवों को समृद्ध करता है। बच्चे पुराने अनुभवों के जमीन पर नए अनुभवों को जोड़ते हुए ज्ञान निर्माण की प्रक्रिया से अवगत होता है यहां वह पढ़ना-लिखना, खुद को अभिव्यक्त करना, बाकी बच्चों के साथ समायोजन करना, खेल और अन्य सामूहिक गतिविधियों में शामिल होने का कौशल विकसित करता है, अगर किसी स्कूल में छात्र-शिक्षक अनुपात संतुलित नहीं है, तो बच्चों के सीखने की प्रक्रिया बाधित होती है। परीक्षाओं के समय विद्यार्थियों के मन में चिंता एवं भय उत्पन्न होता है कि परीक्षा कैसी होगी। परीक्षा में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे। कौन से प्रश्न परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं। विषयवार मॉडल प्रश्न पत्र परीक्षा के भय एवं तनाव से मुक्त रखने के लिए मंडल द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों के लिए विषयवार कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रश्न बैंक तैयार करना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## नेहरी रात


अनिल शर्मा नील

छिपी गया सूरज आई गई नेहरी रात
बरसणे लगी अंबरा ते यह केहड़ी बरसात ।
सुतया टब्बर देखो सुतया ई रही गया
आई गई मौत दित्ती नी कोई आवाज ।
बही गया गांव मिटी गया नाव नशान
कित्ती कहर बार कित्ती गया सै समाज ।
बही गया सब कुछ रहेया पत्थर गट्टा
रहे न खेत खलयाल कित्ती सै नकसा आज ।
न स्कूल न पाणिए री स्कीमां रईयां
था थी थे च हुणी हुण गल्लबात ।
अपणेयां जो टोलदी रिगडा च अक्खी
बछोडे पाई गई आई यह केहड़ी बरसात ।
जिंदे जिउए रे मेले केहड़ा बैर बरोध
प्यार प्रेमा रा लई लो सबक आज।

# मैं पहाड़ हूं! आखिर मेरी भी सहनशक्ति की एक सीमा है

मैं पहाड़ हूं। अब और ज्यादा बोझ नहीं सह सकता। आखिर, मेरी भी सहनशक्ति की एक सीमा है। मानो ऐसा लग रहा है कि कमोबेश यही कुछ कहना चाह रहा है, दुनिया के पर्वतों का सरताज हिमालय। अगर हिमालय की बात करें, तो पिछले कुछ वर्षों से चाहे बात हिमाचल की हो, उत्तराखंड की हो या फिर दूसरे हिमालयी राज्यों की। प्रतिवर्ष हमारे पहाड़ों में प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप वर्ष दर वर्ष बढ़ता जा रहा है। बीते वर्ष की भांति अगला वर्ष इन प्राकृतिक आपदाओं का एक भयावह मंजर लेकर हम सबके सामने होते हैं। इन प्राकृतिक आपदाओं के कारण जहां प्रत्येक वर्ष सैकड़ों लोगों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ रहा है, तो वहीं करोड़ों की संपत्ति पलक झपकते ही कब मिट्टी हो गई, पता ही नहीं चलता है।

चंद मिनटों में ही हम इंसानों के वर्षों संजोय सपने कब धराशायी हो जाए, इसकी कोई गारंटी नहीं। इन प्राकृतिक आपदाओं में जब कोई अपने सबसे करीबी को खोता है, तो उसका दर्द, उसकी पीड़ा तो केवल अपनो को खोने वाला व्यक्ति ही महसूस कर सकता है, लेकिन अब प्रश्न यही खड़ा हो रहा है कि आखिर देवता तुल्य हमारे ये पहाड़ हमसे इतने रुष्ट क्यों हो चले हैं। आखिर हम इंसानों ने ऐसा क्या कर दिया है कि कभी अच्छी वर्षा के लिए ईश्वर से गुहार लगा रहे लोगों के लिए मात्र चंद घंटों की बारिश विनाश लीला लिख दे रही है। प्रत्येक वर्ष यह बरसात हमें ऐसे जख्म दे रही है, जो शायद ही कभी भरें। क्या हमने इस ओर कभी सोचने का प्रयास किया है। ऐसा नहीं है कि हमारा यह हिमालय पर्वत अभी-अभी खड़ा हुआ हो। इसने न जाने कितनी उठती, खिलखिलाती, बिखरती व खंडहर होती पीढ़ियों को अपनी गोद में खिलाया है। यह वही हिमालय पर्वत है जिससे निकलने वाली अनेक नदियां हमें जीवन दे रही हैं। यह वही हिमालय है, जिसने जल रूपी जीवन देकर अनेक सभ्यताओं को फलने-फूलने का अवसर प्रदान किया।


लेखक : राजेश कुमार जसवाल
एपीआओ, जोगिंद्रनगर

इसी हिमालय के आगोश में बैठकर ऋषि मुनियों ने घोर तप कर मोक्ष की अनुभूति की है। यह वही हिमालय पर्वत है, जिसके आंचल में करोड़ों देवी-देवता वास करते हैं। करोड़ों इंसानों के साथ-साथ जीव जंतुओं व पेड़ पौधों का घर भी है। फिर यह हिमालय राज आज हम इंसानों से इतने रुष्ट क्यों हो गए हैं। क्यों हमें इतनी कठोर सजा दे रहे हैं। क्या हम इंसानों ने कभी इन प्रश्नों के उत्तर को अपने भीतर टटोलने का प्रयास किया है। क्या हमारे पास इतना समय है कि हमने पहाड़ों की खूबसूरत प्रकृति को कभी समझने की ओर कदम बढ़ाए हैं।

खैर मन में ऐसे असंख्य प्रश्न खड़े हो रहे हैं, जिनका शायद कोई अंत ही न हो, लेकिन लगता है प्रतिवर्ष हो रही पहाड़ों की इस विनाशलीला को रोकने के लिए कठोर कदम उठाने का समय आ गया है। हमें अब इस बात पर गंभीरता से मंथन करना होगा कि आखिर ऐसा क्या हो गया है कि मन को सुकून देने वाले ये खूबसूरत पहाड़ इतने रुष्ट हो चले हैं कि अब तो यहां रहने पर भी डर लगने लगा है। क्या हम इंसान इसके लिए प्रकृति को ही दोषी ठहरा देंगे या फिर अपनी जिम्मेदारी का भी एहसास करेंगे।

हम शायद यहां कुछ भूल कर रहे हैं कि आखिर इन पहाड़ों की भी सहनशक्ति की कोई सीमा तो होगी। कहीं ऐसा तो नहीं कि हम इंसानों ने स्वार्थ की पूर्ति के लिए पहाड़ों का इतना दोहन कर दिया हो कि अब वो हमारा बोझ उठाने में ही सक्षम न रहे हों। लगता है कि हम इंसानों ने स्वार्थ की पूर्ति के लिए पहाड़ों पर इतना अतिक्रमण कर लिया है कि देवता तुल्य ये पहाड़ अब हमसे नाराज हो चले हों। कहीं ऐसा तो नहीं पहाड़ों के कण-कण में वास करने वाले असंख्य देवी-देवताओं के प्रति हमने निर्धारित लक्ष्मण रेखा को ही पार तो नहीं कर दिया है। हमें इस बात पर भी गौर करना होगा कि कहीं हमारे यह पहाड़ भविष्य में किसी बड़ी प्राकृतिक आपदा के प्रति हमें सजग, सचेत व सर्तक तो नहीं कर रहे हैं, लेकिन अब यह प्रश्न खड़ा हो रहा है कि क्या हम इंसान पहाड़ों को छोड़कर मैदानों की ओर चले जाएं। आखिर यह भी तो संभव नहीं है। ऐसा भी तो नहीं है कि पहाड़ों में रहने वाले केवल हम अकेले इंसान हों। सदियों से लोग यहां रहते आए हैं, तो फिर ऐसा हम क्या कर सकते हैं कि हम भी सुरक्षित रहें और देवता तुल्य हमारे ये पहाड़ भी। तो क्या हम इस दृष्टिकोण के साथ कुछ लक्ष्य निर्धारित नहीं कर सकते हैं।

मुझे लगता है कि सबसे पहले हम इंसानों को जहां विकास रूपी मॉडल की परिभाषा को पहाड़ों की दृष्टि से पुन: परिभाषित करना होगा। हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि पहाड़ों व मैदानों में विकास का एक जैसा मॉडल हम तय नहीं कर सकते हैं। हम पहाड़ों में चंडीगढ़, दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों की अपेक्षाकृत न तो गगनचुंबी इमारतों को खड़ा कर सकते हैं न ही प्रत्येक आंगन को सड़क सुविधा से जोड़ने की इच्छा ही रख सकते हैं।

हम शायद यह भूल कर बैठते हैं कि पहाड़ विकास के नाम पर वह सब नहीं सह सकते जो हमारे मैदानी इलाकों में होता है। आखिर हमारे इन पहाड़ों की सहनशक्ति की भी एक सीमा है,लेकिन हम इंसान अपनी सुविधाओं को बढ़ाने के लिए इन पहाड़ों को कभी सड़क के नाम पर, तो कभी रास्तों के नाम पर, तो कहीं बहु मंजिला भवन बना कर चीर हरण करने में भी तो कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।


हद तो तब हो जाती है जब हम लालच में आकर नदी-नालों के मुहानों पर अतिक्रमण ही नहीं बल्कि बंद करने से भी गुरेज नहीं करते हैं। ऊपर से पर्यटन व धार्मिक यात्राओं के नाम हम पहाड़ों पर सुकून प्राप्त करने तो जाते हैं, लेकिन कई तरह का कूड़ा कचरा भी हम इंसान ही तो छोड़कर आ रहे हैं। हकीकत तो यह है कि हम इंसानों ने सुख सुविधाओं की लालसा में पहाड़ों को इतना छलनी कर दिया है कि अब लगता है कि वे हमारा बोझ उठाने में असमर्थ हो रहे हैं। नतीजा हमारी प्रकृति कहीं भू-स्खलन, कहीं बाढ़, कहीं पेड़ गिरने, तो अब बादल फटने जैसी अनेक घटनाएं हमें आए दिन पीड़ा रूपी जख्म दे रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## गुजरात और मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल

**केएम चांडी** स्वतंत्रता सेनानी तथा गुजरात और मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल थे। उन्होंने राजनीति में 17 वर्ष की उम्र से ही हिस्सा लेना शुरू कर दिया था। उस समय वे 12वीं कक्षा के छात्र थे। सन 1946 में जब केएम चांडी मीनाचिल तालुक कांग्रेस कमेटी के सचिव थे, तब उन्हें राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया, पर वे स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेते ही रहे। केएम चांडी ने पलई में 'सेंट थामस कॉलेज' की स्थापना में योगदान दिया था। इस कॉलेज में उन्होंने 1950 में अध्यापन कार्य भी किया। 15 मई, 1982 को केएम चांडी पांडिचेरी के उपराज्यपाल बने। वे 6 अगस्त, 1983 को गुजरात के राज्यपाल बनाए गए। बाद में मध्य प्रदेश के राज्यपाल का पदभार उन्होंने 19 मई, 1984 को ग्रहण किया। केएम चांडी ने राजनीति में 17 वर्ष की उम्र से ही हिस्सा लेना शुरू कर दिया था। उस समय वे चंगनाचेरी के 'सेंट वर्च मेन कॉलेज' में इंटमीडिएट के विद्यार्थी थे। उन्होंने त्रिवेंद्रम में राज्य कांग्रेस के नेताओं का अभिनंदन करने वाले विद्यार्थियों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में हड़ताल का नेतृत्व किया था। हड़ताल के कारण कुछ और विद्यार्थियों के साथ उन्हें महाविद्यालय से निकाल दिया गया, किंतु महाविद्यालय के समक्ष जन-सत्याग्रह होने पर उन्हें तथा अन्य विद्यार्थियों को कॉलेज में वापस लिया गया। ■


**केएम चांडी**
**जन्म :** 6 अगस्त, 1921
**मृत्यु :** 7 सितंबर,1998

कविता

## लगा पेड़ पौधे हरियाली बचा लो


डॉ. कौमार्या मनोज

*सावन है यारों,*
*मतवालों का मौसम ।*
*युवाओं का मौसम,*
*दिलवालों का मौसम।।*
*जहां देखते हम,*
*है वहीं हरियाली ।*
*जन्नत है दिखता,*
*फूलों में दिखे लाली ।।*
*जहां पेड़ पौधे,*
*वहां सम्मान पानी ।*
*जहां निर्जन धरती,*
*वहां किल्लत है पानी।।*
*हम है कि पेड़ों को*
*हैं काट लाते ।*
*जंगल से राहें,*
*जमीं काट लाते।।*
*न किसी की फिकर है,*
*न किसी से मोहब्बत ।*
*कभी ठंडक का रोना,*
*कभी गर्मी की सोहबत ।।*
*दिले सुकून यारों*
*नहीं है मुक्कमल।*
*हम न होते किसी के,*
*न कोई होता मेरा कल।।*
*अब भी तो संभलो,*
*तुम खुद को बचा लो ।*
*लगा पेड़ पौधे ,*
*हरियाली बचा लो ।।*
*तब सावन की गरिमा,*
*जब रौनक बढ़ेंगे ।*
*फूल घर-घर खिलेंगे,*
*घर आंगन महकेंगे।।*
*युवाओं को जोर,*
*सावन मारने लगा है।*
*मिलन होंगी उनसे,*
*तन संवरने लगा है।।*
*मन भींगाता है सावन,*
*तन भींगाता है पानी ।*
*करते इंतजार उनका*
*न यूं बीते जवानी।।*
*सावन है यारों,*
*मतवालों का मौसम।*
*युवाओं का मौसम,*
*दिलवालों का मौसम ।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# पाठकों के पत्र...

**जयसिंहपुर** के कंगेहन में स्थित गो सदन को सुचारु रूप से चलाने के लिए आपके समाचार पत्र के माध्यम से एक सुझाव प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन को देना चाहता हूं । लंबागांव विकास खंड के तहत आने वाली 49 पंचायतों के निवासियों से मेरी प्रार्थना है कि हर महीने उनके मामूली से सहयोग से यह गो सदन सुचारु ढंग से चलाया जा सकता है और यह मॉडल सफल रहे तो पूरे प्रदेश में इसे लागू किया जा सकता है । मेरा सुझाव है कि प्रत्येक पंचायत में प्रति राशन कार्ड एक परिवार गो सदन के लिए हर महीने 20 रुपए दे तो यह गो सदन आराम से चल सकता है। मान लीजिए एक पंचायत में 500 राशन कार्ड हैं तो हर माह उस पंचायत से 10 हजार रुपए इकट्ठा हो । और यह मान लिया जाए सभी 49 पंचायतों में 500-500 राशन कार्ड हैं तो हर महीने गो सदन के नाम पर 4 लाख 90 हजार रुपए इकठा होगा, जो एक महीने के लिए गोसदन को चलाने के लिए जरूरत से भी ज्यादा राशि होगी । सभी 49 पंचायतों में गो सदन का एक सदस्य बनाया जाएगा और यह 49 सदस्य पैसे एकत्रित करने के साथ-साथ गोसदन के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी पंचायत में बेसहारा घूम रहे गोवंश को गोसदन तक पहुंचाएंगे । इस कार्य में रिटायर्ड कर्मियों ,स्वयंसेवियों की मदद ली जा सकती। अगर यह मॉडल यहां सफल रहता है तो प्रदेश के अन्य गो सदनों में भी इस मॉडल को अपनाया जा सकता है।

**सुभाष चंद मिश्रा**
**गांव गंदड़ मरेरा**
**जिला कांगड़ा।**

**दैनिक** अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने सांस्कृतिक राजधानी मंडी की संस्कृति और विरासत को सहेजने वाले समाचारों के अलावा पौराणिक रीति-रिवाजों को बखूबी स्थान दिया है। होस्ट एंकर सीरीज मंडी में काफी लोकप्रिय है, जिसने सबको पछाड़ा है। बहुत ही कम समय में अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र ने बहुत सी उपलब्धियां हासिल की हैं। अस्पताल में पर्ची का मामला हो या वल्लभ कॉलेज में हॉस्टल का मुद्दा, भ्रष्टाचार की बात हो या फिर संतुलित और सच्ची रिपोर्टिंग की, तो अनंत ज्ञान ने मामलों को बहुत ही संवेदनशीलता के साथ उठाया है। एक बात सबसे अच्छी रही है कि सनसनी फैलाने की बजाय हर समस्या के समाधान की बात भी समाचारों और लेखों में देखने को मिली है। यह सब अनुभवी रिपोर्टिंग टीम ने कर दिखाया है। हमारी ओर से संपादकीय विभाग और रिपोर्टिंग टीम को हार्दिक शुभकामनाएं।

**अनुराधा, सरकाघाट।**

**मैं** जिला ऊना के खड्ड ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में जंगली जानवरों की समस्या है। गांव के अधिकांश लोग कृषि पर आधारित हैं। सड़क हादसों में जंगली जानवर और लावारिस पशु मुख्य कारण हैं। इस क्षेत्र के साथ लगते जंगली क्षेत्र है। इसके साथ बंदरों की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो पंडोगा से ढक्की आदि रूट पर समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

**चमन लाल**
**खड्ड, ऊना।**

**मैं** जिला ऊना के रायपुर ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में वन माफिया की समस्या प्रमुख रही है। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी हैं। लोगों की भूमि से खैर के पेड़ चोरी के मामले भी हुए हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र जिला के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो मंदली, तलाई और प्रोइयां आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। यहां जंगली जानवरों की वजह से किसानों की फसलों का भी नुकसान होता है। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

**पवन कुमार**
**रायपुर, ऊना**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. :* 88945-21702**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### कर चोरों से वसूला 1,11,740 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राज्य कर व आबकारी विभाग ऊना ने विभागीय नाका गगरेट और साथ लगते क्षेत्र में गत दिनों विशेष चेकिंग के दौरान विभिन्न वाहनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो मामलों में बिना बिल के स्वर्ण/चांदी के आभूषण और आयरन स्क्रैप मिलने पर जीएसटी अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई। यह जानकारी उप आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी ऊना विनोद सिंह डोगरा ने दी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पकड़े गए सोने/चांदी के आभूषणों का कुल मूल्य 5,30,295 रुपए और आयरन स्क्रैप का मूल्य 2,22,000 रुपए बनता है। उन्होंने बताया कि विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 1,11,740 रुपए का अर्थदंड लगाया, जो कि मौके पर वसूला गया। इस विशेष चेकिंग में विभाग के ओर से एएसटीइओ नरेंद्र पठानिया, सहायक बालकृष्ण और चालक जितेंद्र शामिल रहे। विनोद सिंह डोगरा ने कहा कि विभाग प्रदेश के बाहर से लाए जाने वाले सामान पर कड़ी नज़र रखे हुए है। उन्होंने बताया कि जीएसटी अधिनियम की धारा 30 के तहत 200 रुपऐ से अधिक मूल्य की वस्तुओं की बिक्री पर बिल जारी करना अनिवार्य है।

### जड़ी-बूटी दिवस पर बांटे एलोवेरा व नीम के पौधे



**गोंदपुर बनेहड़ा, आशीष शर्मा।** गगरेट क्षेत्र के गांव गोंदपुर बनेहड़ा में जड़ी-बूटी दिवस मनाया गया । इस मौके पर पातंजलि के भारत स्वभाविमान ट्रस्ट के तहसील प्रभारी राजेंद्र कुमार और उनके साथियों ने आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया। उन्होनें कहा हमारे जीवन मे जड़ी-बूटी और औषधीय पौधों का बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि आचार्य बाल कृष्ण अपने ज्ञान से प्राचीन जड़ी-बूटी, औषधीय पौधों के प्राचीन दुर्लभ ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के कार्य से निरोगी विश्व की कल्पना साकार होने की तरफ अग्रसर है। वहीं, क्षेत्र में एक गांव एक पौधा व एक स्कूल एक पौधा अभियान में जुटी स्थानीय सामाजिक संस्था मां सरस्वती दिव्यांशी शिक्षा समिति, सागर वेलफेयर सोसायटी संस्थाओं के सदस्यों द्वारा पत्थरचट्ट, तुलसी, अर्जुन, नीम के पौधे लगाने को हर परिवार से आह्वान किया। इस मौके पर विश्वदीप कौशल, आशीष, सुखविंद्र सिंह, संजीव कुमार, अनुराधा, राजकुमारी शर्मा, राजिंद्र कुमार, नरेश आदि लोगों ने औषधीय पौधे लगाने के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### तलपी चौक पर युवाओं ने लगाया खीर का लंगर



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** जिला ऊना की कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की सोहलासिंगी धार पर स्थित तलपी नामक स्थान पर जिला ऊना के पिपलु तथा जिला हमीरपुर के धनेटा की सीमा पर स्थित तलपी नामक स्थान पर धनेटा तथा पिपलु के युवा क्लब के युवाओं द्वारा श्रावण माह के तीसरे सोमवार को मिष्ठान सहित खीर का लंगर लगाया। इसमें सैकड़ों शिव भक्तजनों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष रिशू बनियाल, सचिव विशाल राणा, विपन कुमार, राजेंद्र ठाकुर, अजय कुमार, शशि पॉल, स्वर्ण गुलेरिया, निखिल ठाकुर, संदीप ठाकुर, कमलदेव सिंह, सुमित कुमार, अभिषेक कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य युवाओं ने अपना सहयोग दिया।

## अध्यात्म व मानसिक शांति का संगम शिव वाटिका शिव भक्तों को समर्पित

सन्नी पुरी, गगरेट



द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी अंबोटा में शिव वाटिका का शुभारंभ करते राकेश कालिया।

अपनी नैसर्गिक सुंदरता के लिए वशिष्ठ पहचान रखने वाले सुप्रसिद्ध द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी अंबोटा अब अपनी दिलकश सुंदरता से हर किसी को अपनी ओर खींचने के लिए भी जाना जाएगा। मंदिर प्रशासन के प्रयासों से यहां ऐसी मनमोहक शिव वाटिका तैयार की गई है, जो बरबस हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। सोमवार को विधायक राकेश कालिया ने शिव वाटिका का विधिवत उद्घाटन कर इसे श्रद्धालुओं व पर्यटकों को समर्पित किया। खास बात यह है कि शिव वाटिका को तैयार करने के लिए मंदिर प्रशासन ने शिव भक्तों का ही ज्यादातर सहारा लिया है।

द्रोण महादेव शिव मंदिर इससे पहले घने जंगल से घिरा होने के कारण ही उत्तर भारत में एक विशेष पहचान रखता था। घने जंगल से घिरे इस मंदिर के आसपास पेड़ों से लटकी लताएं बेहद दिलकश नजारा पेश करती हैं। मान्यता है कि यहां की लकड़ी सिर्फ मुर्दे जलाने के काम आती है, जबकि इसकी लकड़ी तो क्या बल्कि दातुन तक काट कर लोग घर नहीं ले जा सकते। सावन माह में यहां इन दिनों शिव भक्तों की खूब भीड़ उमड़ रही है। अपने अंदर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के गुण रखने वाले द्रोण महादेव शिव मंदिर की सुंदरता को चार चांद लगाने के लिए युवा एचएएस अधिकारी सौमिल गौतम को उस समय यहां शिव वाटिका को मूर्तरूप देने का ख्याल आया।

अहम बात यह है कि शिव वाटिका को अस्तित्व में लाने के लिए ज्यादातर शिव भक्तों से ही दान लिया गया। यहां खूबसूरत गार्डन ग्रास लगाया गया। विधायक राकेश कालिया वे मंदिर प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऐसे सफल प्रयोग बेहद जरूरी हैं। उन्होंने शिवबाड़ी मेले को भी जिला स्तरीय मेला घोषित करवाने के लिए यह मामला प्रदेश सरकार के समक्ष उठाने का ऐलान किया। (अनंत ज्ञान)

# कुटलैहड़ विस क्षेत्र का समग्र विकास करवाना मेरी पहली प्राथमिकता : विवेक

## विधायक ने जोगीपंगा में सुनी जनसमस्याएं, समाधान के लिए प्रशासन को दिए आदेश

अनंत ज्ञान, बंगाणा



लोगों की समस्याएं सुनते कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में जनता की हर समस्या का समाधान होगा और राज्य सरकार समयबद्ध रहते जनता के साथ सीधा संपर्क करके उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। ये शब्द कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ के मुख्य कार्यलय जोगिपंगा में जन समस्याओं को सुनने के दौरान कहे।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ में जनता की सड़क रास्ते पानी जैसी छोटी-छोटी समस्याएं हैं और उन समस्याओं को सुचारु रूप से समाधान करने के प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए है। हमने प्रशासनिक अधिकारियों को ये भी आदेश दिए हैं कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति अपना निजी कार्य लेकर सरकारी कार्यालय में आए तो उनका काम उसी समय हो जाना चहिए, बार-बार उक्त व्यक्ति को कार्यालय के चक्कर न लगाना पड़े। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों को सरकार है और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में राज्य के गरीब, अहसाय, अनाथ एवं गरीबी रेखा से नीचे परिवारों के बच्चों के लिए सुख आश्रय योजना को धरातल पर उतार कर उन्हें सीधा लाभ दिया जा रहा है, ताकि यह बच्चे भी अपना भविष्य तराश सकें।

उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश जी का बड़ा आशीर्वाद बना हुआ है और कुटलैहड़ की जनता को बड़े प्रोजेक्ट मिलने जा रहे हैं। कुटलैहड़ में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए हमने धरातल पर अधिकारियों को कार्य करने के आदेश दिए हैं, ताकि कुटलैहड़ की जनता को कोई समस्या न हो।

विवेक शर्मा ने कहा कि चार जून को परिणाम निकलने के बाद हमने पहली बैठक जल शक्ति विभाग से की थी और गर्मियों में कुटलैहड़ विस क्षेत्र में पानी की समस्या न हो, इस पर अधिकारियों को फील्ड के जाकर काम करने के आदेश दिए थे और इस वर्ष जून-जुलाई में बारिश नहीं होने पर भी कुटलैहड़ में पानी की कोई समस्या नहीं आई। शर्मा ने कहा कि अब कुटलैहड़ में हर पंचायत हर वार्ड स्तर से जनता की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा और जिस भी पंचायत में जो भी विकास कार्य जनता द्वारा बताए जाएंगे, उन्हें धरातल पर उतार दिया जाएगा।

कुटलैहड़ के समग्र विकास को प्राथमिकता से बिना किसी राजनीति द्वेष भाव से करवाना ही हमारी प्राथमिकताओं में शुमार है। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र हमारा परिवार है और जिस परिवार ने हमें कुटलैहड़ का नेतृत्व करने का मौका दिया है, उस कुटलैहड़ के परिवार के विश्वास को कभी ठेस नहीं पहुंचने देंगे।

इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा,खंड बिकास अधिकारी सुशील कुमार एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विधायक बबलू ने जरूरतमंदों को बांटे राहत राशि के चेक



लोगों को सहायता राशि के चेक वितरित करते विधायक सुदर्शन सिंह बबलू।

अनंत ज्ञान, अंब

चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने सोमवार को पंजोआ में जनता दरबार कार्यक्रम के दौरान ऐच्छिक निधि व जरूरतमंद लोगों को 1223300 रुपए सहायता राशि के चेक वितरित किए।

विधायक बबलू ने ऐच्छिक निधि से 473300 रुपए, मंदिर न्यास चिंतपूर्णी की तरफ से मेडिकल बिलों की भरपाई के लिए 4,50000 रुपए व मुख्यमंत्री राहत कोष से तीन लाख रुपए सहायता राशि भेंट की। इस मौके पर विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि सुक्खू सरकार प्रदेश के गरीब व असहाय लोगों के उत्थान के लिए बचनबद्ध है। उन्होंने सरकार से चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के तहत ही पौने दो वर्ष के कार्यकाल में करोड़ों रुपए की सहायता राशि जारी करवाकर जरूरतमंद लोगों को मदद पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि पैसों के आभाव में किसी जरूरतमंद व्यक्ति को परेशानी न आए, इसके लिए वह हर समय प्रयत्नशील रहे हैं। भविष्य में भी ऐसे ही अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता की आवाज सरकार के समक्ष उठाई जाएगी और उन्हें हर संभव सहायता पहुंचाई जाएगी।

इस मौके पर तहसीलदार अंब प्रेम धीमान, कानूनगो बशीर मोहम्मद, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र, आतमा प्रोजेक्ट ब्लॉक अंब के चेयरमैन स्वर्ण सिंह ढिल्लों, पूर्व प्रधान चुरूडू रघुदत्त, राजिंद्र कुमार, डॉ. नरेश कुमार शर्मा, राम कुमार सोनी, राकेश सोनी, जितेंद्र कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बेटे की सर्पदंश से हुई मौत पर लठियाणी क्लब ने की गरीब परिवार की सहायता

अनंत ज्ञान, बंगाणा



प्रभावित परिवार के परिजनों को सांत्वना देते क्लब के सदस्य

उपमंडल बंगाणा क्षेत्र में शनिवार दोपहर को 18 वर्षीय धीरज को जहरीले सांप ने काट लिया था, जिसकी अस्पताल पहुंचने से पहले ही मृत्यु हो गई थी। वहीं, गरीब व पीड़ित प्रवासी परिवार की मदद को आगे आए शहीद भगत सिंह मैमोरियल क्लब लठियाणी के युवाओं ने प्रवासी मजदूर के बेटे का अंतिम संस्कार किया।

प्रवासी धीरज कुमार को सर्पदंश हुआ तथा उसकी मृत्यु हो गई, ऐसे में परिवार के पास खाने तक के पैसे नहीं थे, तब शहीद भगत सिंह मैमोरियल क्लब लठियाणी के युवाओं ने यह फैसला लिया कि अंतिम संस्कार क्लब ही करवाएगा और ऐसा ही किया। संस्कार के बाद क्लब के सदस्य परिवार के पास गए तथा आर्थिक सहयोग के रूप में 10 हजार रुपए दिए तथा कुछ सदस्यों ने अपनी अपनी तरफ से भी परिवार की आर्थिक तथा शारीरिक सहायता की, ताकि परिवार विसर्जन आदि करवा पाए। इस मौके पर शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब लठियाणी के अध्यक्ष दिनेश शर्मा, सचिव शांतनु, अतुल दत्त, मिट्ठू, शशि,आंशु, सर्वेश तथा अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब लठियाणी के युवाओं ने पेश की मसाल**

## प्रदेश सरकार ने निर्णय वापस न लिया तो भाजपा करेगी आंदोलन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जो की एक कृषि प्रधान प्रदेश है, उसी प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की 112 हेक्टेयर भूमि को पर्यटन गांव के लिए हस्तांतरित करने का निर्णय सरासर गलत है और यह निर्णय न तो किसानों के हित में है और न ही विद्यार्थिओं के हित में है। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से प्रदेश सरकार द्वारा जिला कांगड़ा को पर्यटन की राजधानी बनाए जाने का भाजपा किसान मोर्चा स्वागत करता है लेकिन इसके एवज में उक्त निर्णय गलत है। सरकार को इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। प्रदेश सरकार ने अपने इस फैसले को जल्द वापस नहीं लिया तो जल्द ही भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश सरकार के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेवारी प्रदेश सरकार की होगी।

## सावन मास में शिव का नाम लेने से मिलता है मोक्ष : महाराज

राजेश ठाकुर, बंगाणा



सदाशिव मंदिर में हेमानंद महाराज के साथ विधायक और अन्य।

उपमंडल बंगाणा के धौमेश्वर मंदिर तलमेहड़ा में सावन मास के उपलक्ष्य पर तीसरी संध्या पर बाबा सुग्रीवानंद की महाराज आश्रम से श्री श्री 1008 बाबा सुग्रीवानंद जी महाराज के परम शिष्य एवं डेरा बाबा सुग्रीवानंद जी महाराज के बनने वाले पीठासीन श्री श्री हेमानंद जी महाराज ने शिरकत करके सदाशिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। वहीं, मंदिर पहुंचने पर कमेटी के चेयरमैन प्रवीण शर्मा ने श्री महाराज जी का भव्य स्वागत किया।

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने भी धार्मिक संध्या पर सदाशिव मंदिर में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और भगवान भोलेनाथ और श्री महाराज जी का आशीर्वाद लिया। मंच से श्री महाराज जी ने प्रवचन करके भक्तों को सावन मास का महत्व बताया। श्री महराज ने कहा कि आज के युग में इंसान को मोक्ष पाने के लिए सावन मास में भगवान भोलेनाथ की भक्ति और निरंतर सुबह शिवलिंग पर जल चढ़ाना चाहिए, ताकि इंसान को मोक्ष की प्राप्ति हो सके। श्री महाराज ने करीब अढ़ाई घंटे प्रवचन करते भक्तों को सावन मास का महत्व एवं भक्ति का सदमार्ग बताया।

वहीं, विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि जिला ऊना और कुटलैहड़ का सौभाग्य है कि हमें वे संत पुरुष मिले हैं, जो साक्षात प्रभु मूर्त हैं और हमें हमेशा सदमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। विधायक विवेक शर्मा ने धौमेश्वर मंदिर तलमेहड़ा में पूजा अर्चना एवम शिवलिंग पर रुद्राभिषेक करने के बाद कहा कि सदाशिव मंदिर की बागडोर जब से प्रधान प्रवीण शर्मा के हाथों में आई है, तब से सदाशिव मंदिर में विकास की झड़ी लगी है।

मंदिर परिसर में हर प्रकार का विकास हुआ है। वहीं, सदाशिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष एवं चेयरमैन प्रवीण शर्मा एवं समस्त कमेटी सदस्यों ने श्री महाराज को मंच से भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा देकर सम्मानित किया और विधायक विवेक शर्मा को शाल टोपी एवं भोलेनाथ की प्रतिमा देकर समानित किया।

इसके उपरांत हिमाचल की शान गायक धीरज शर्मा ने भगवान भोलेनाथ की महिमा का गुणगान किया। मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, वहीं मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया था। इस मौके पर सभी कमेटी सदस्यों एवम गणमान्य लोगों ने अपनी सेवाए दीं। (अनंत ज्ञान)

## अस्वस्थ होने के बावजूद विधायक बबलू विकास कार्यों को दे रहे प्राथमिकता

विवेक शर्मा, अंब



बलराम बबलू की जांच करते चिकित्सक

स्वास्थ्य प्रतिकूल रहने के बावजूद भी स्थानीय विधायक बबलू पिछले लंबे समय से जनसेवा के कार्यों से पीछे नहीं हट रहे हैं, हालांकि अब चिकित्सकों ने परामर्श दिया है कि बबलू को कुछ समय के लिए विश्राम की आवश्यकता है और उन्हें सफर और तनाव से भी दूर रहना होगा क्योंकि लगातार सार्वजानिक क्षेत्र में सक्रियता के कारण उनकी सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

रविवार रात बबलू की तबियत अचानक बिगड़ गई और उन्हें अंब के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। उसके बाद प्राथमिक उपचार डाक्टरों द्वारा किया गया और सुबह छुट्टी दे दी गई। सोमवार सुबह जब चिंतपूर्णी विधानसभा के कई लोग अपने कार्यों के लिए विधायक के कार्यालय पहुंचे तो उन्होंने स्थानीय वासियों को निराश नहीं किया और उनकी समस्याओं को जानने के लिए कार्यालय में पहुंच गए। इसके बाद बबलू की तबीयत फिर से बिगड़ गई और पुनः उनका डाक्टरों द्वारा चेकअप किया गया और डॉक्टर ने उन्हें आराम की सख्त सलाह दी है।

बता दें कि गत 26 फरवरी को बबलू की शिमला जाते समय तबीयत उस वक्त खराब हो गई थी, जब उन्होंने राज्यसभा चुनाव में वोटिंग करनी थी। विधायक के कार्यालय में समस्या लेकर पहुंचे रिपोह मिसरां निवासी जागीर संधू का कहना है कि बबलू जनसेवक हैं और चिंतपूर्णी क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन उन्हें अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना होगा। वहीं, पोलियां जसवालां निवासी शरीफ दीन का कहना था कि वह बबलू के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना मां चिंतपूर्णी से करते हैं।

उधर, अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात विकास ठाकुर ने कहा कि हाई ब्लडप्रेशर के कारण विधायक की तबरीयत बिगड़ने पर रविवार रात को अस्पताल में भर्ती कुछ शारीरिक टेस्ट करवाए गए थे, जो सामान्य पाए गए हैं। अभी उनकी हालत स्थिर है, लेकिन अभी उनकों आराम करने का परामर्श दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## सुशील ने संभाला बीडीओ बंगाणा का कार्यभार, बोले-विकास को देंगे गति

अनंत ज्ञान, बंगाणा



उपमंडल बंगाणा में सुशील कुमार ने बीडीओ का पदभार संभाल लिया है और कहा कि वह बंगाणा ब्लॉक में होने वाले कार्यों को गति प्रदान करेंगे।

आपको बता दें कि उन्होंने वर्ष 2013 से 2016 तक विकास खंड बंगाणा में एसईबीपीओ के पद पर अपनी सेवाएं दी हैं, तत्पश्चात उन्होंने वर्ष 2017 से 2018 तक विकास खंड ऊना में एसईबीपीओ के पद पर और वर्ष 2019 से 2022 तक विकास खंड हरोली में एसईबीपीओ तक अपनी सेवाएं दीं हैं। उसके उपरांत सुशील कुमार पदोन्नत होकर सितंबर 2022 से 31 दिसंबर 2022 तक कांगड़ा जिला के डाडासीबा में बीडीओ के पद पर आसीन रहे। तत्पश्चात मार्च 2023 से सितंबर 2023 तक जिला ऊना के अंब में बीडीओ के पद पर रहे। अंब में सेवाएं देने के बाद उन्होंने अक्तूबर और नवंबर माह में शिमला स्थित विभागीय मुख्यालय में सेवाएं दीं।

इसके उपरांत दिसंबर 2023 से जुलाई 2024 तक वह जिला बिलासपुर सदर के बीडीओ रहे। अब वह जिला ऊना के बंगाणा में बतौर बीडीओ अपनी सेवाएं देंगे।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं चैन सिंह** आयु 67 वर्ष पुत्र वीर सिंह निवासी वार्ड नंबर 5, गांव व डाकघर कुनेरन निचला, तहसील घनारी, जिला ऊना (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र केवल कृष्ण व उसकी पत्नी श्रीमति शशी बाला मेरे कहने-सुनने से बाहर है। वह मुझसे व मेरी पत्नी से लड़ाई-झगड़ा करते हैं। इसलिए मैं अपने पुत्र केवल कृष्ण व उसकी पत्नी श्रीमति शशी बाला को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी सबंधित नोट करें।

**आयोजन** जिला प्रशासन का ऊना कॉलेज में विशेष मार्गदर्शन और काउंसिलिंग सत्र

## डीसी ने युवाओं को दिए आईएएस बनने के टिप्स

अनंत ज्ञान, ऊना



डीसी जतिन लाल ऊना कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों के साथ।

ऊना जिला प्रशासन ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सोमवार को डिग्री कॉलेज ऊना में विशेष मार्गदर्शन और काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया।

इस सत्र में उपायुक्त जतिन लाल ने स्वयं विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया और उन्हें सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए बहुमूल्य टिप्स दिए। उपायुक्त जतिन लाल ने विद्यार्थियों को विषय चयन, सिलेबस और तैयारी की रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी दी।

अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने युवाओं का मनोबल बढ़ाया और परीक्षा से जुड़ी जिज्ञासाओं और शंकाओं का समाधान भी किया। उन्होंने युवाओं को लक्ष्य तय कर जुनून के साथ तैयारी करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा व्यक्ति के धैर्य की परख करती है, इसलिए सफलता के मार्ग पर गति से अधिक निरंतरता और सही दिशा में प्रयास आवश्यक है। दूसरों की नकारात्मक बातों में न आएं और फिटनेस पर ध्यान दें।

इस सत्र के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए जतिन लाल ने कहा कि यूपीएससी परीक्षा को लेकर अक्सर युवाओं को कई महत्वपूर्ण जानकारियों का अभाव होता है, जिससे उन्हें अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

हमारा प्रयास है कि ऐसे आयोजनों से युवाओं का सही मार्गदर्शन हो और उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। उन्होंने आगे भी इस प्रकार के और सत्र आयोजित करने का आश्वासन दिया।

इस दौरान डिग्री कॉलेज ऊना की प्रिंसिपल डॉ. मीता शर्मा, प्राध्यापक डॉ. राज कुमार सहित अन्य प्राध्यापक तथा कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## संतोषी माता मंदिर लदरौर कमेटी के प्रधान बने बलवंत

**एसके शर्मा, जाहू।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध संतोषी माता मंदिर लदरौर में कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कमेटी का गठन भौंखर पंचायत प्रधान वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ।



मंदिर कमेटी का प्रधान सर्वसम्मति से बलवंत सिंह को चुना गया। मंदिर कमेटी के चुनाव को शांतिपूर्वक करवाने के लिए भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप के द्वारा कानूनगो धर्मचंद की ड्यूटी लगाई गई थी। मंदिर कमेटी के नवनियुक्त प्रधान बलवंत सिंह ने बताया कि कमेटी का उपप्रधान विद्यासागर को चुना गया।

इसके अतिरिक्त सदस्य अनिल कुमार, भागीरथ, कमलजीत, बलविंद्र सिंह, देशराज, कश्मीर सिंह, वतन सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया। नवनियुक्त कमेटी के प्रधान बलवंत सिंह ने बताया कि मंदिर का विकास करना बस श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### पतलीकूहल और डोभी में लगाया खीर का भंडारा



**पतलीकूहल।** पतलीकूहल में स्थित शिव मंदिर और डोभी में स्थित माता कालीओडी व शिव मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार भी श्रावण मास के तृतीय सोमवार को भक्तों ने खीर भंडारे का आयोजन किया। माता कालीओडी के कारदार जय चंद (जोनू) ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष होता है और सैकड़ों की संख्या में भक्त आते हैं। इस दौरान पतलीकूहल शिव मंदिर में सुबह से ही शिव भक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर पाठ, हवन व सुंदर कांड के उपरांत खीर भंडारे का आयोजन शुरू किया। पतलीकूहल मंदिर कमेटी के प्रधान अर्जुन देव गौतम ने बताया कि 1990 से यह आयोजन किया जाता है, जिसमें शिव और काली ओडी मां के आशीर्वाद से भक्तों की मुराद पूरी होती है। इस आयोजन में संजय, मनीष गौतम, सोमेश गौतम, भोला, अभिनव, शिव कुमार, चंद्र किरण, संसार चंद, राजीव अंगरूप, मयूर, ऋषि अवस्थी, पंकज शर्मा, अमित मल्होत्रा, चंद्र किरण, आकाश उपाध्याय, चांद नेगी, अनिल शर्मा, आंगदी, मान सिंह आदि मौजूद रहे।

### हलाण-दो के युवाओं ने किया पौधरोपण



**पतलीकूहल।** हलाण-दो के युवाओं ने सुंदरीबाग से शिला तक देवदार के पौधे लगाए। धर्मवीर ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए वनों का बढ़ाना आवश्यक है। पूरे देश में जो प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं, इसका सबसे बड़ा कारण वनों का घटना है। भविष्य की पीढ़ी के लिए पौधे लगाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। वनों से पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में मदद मिलेगी। हलाण के युवा हर वर्ष वन विभाग के सहयोग से पौधरोपण करते हैं। धर्मवीर ने आग्रह किया कि वन संपदा को बचाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए तथा सरकार, प्रशासन और वन विभाग की ओर से पौधरोपण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। पौधरोपण में कर्म चंद, धर्म वीर, कुलतार, विक्रांत, गोपाल, नीरज, नरेंदर, विजय कुमार ने पेड़ लगाने में अपना योगदान दिया।

### स्वतंत्रता दिवस पर हर्षवर्धन फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज



**केलांग।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर डीसी राहुल कुमार की अध्यक्षता में केलांग मुख्यालय में बैठक आयोजित की गई। डीसी ने बताया कि जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर हर्षवर्धन चौहान, उद्योग, संसदीय कार्य, श्रम और रोजगार मंत्री अध्यक्षता करेंगे व राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर परेड की सलामी लेंगे और जिला वासियों को संबोधित करेंगे। इसे पूर्व मंत्री हर्षवर्धन चौहान तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय उत्सव के लिए 14 को शुभारंभ अवसर पर भी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। बैठक में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की गरिमा के अनुरूप विभिन्न प्रबंध व्यवस्थाओं को सुनिश्चित बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। समारोह में पुलिस, होमगार्ड, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस, एनसीसी और स्काउट एंड गाइड की टुकड़ियां मार्च पास्ट करेंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। डीसी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियों को शामिल करने के निर्देश दिए। साथ में यह भी कहा कि विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों व अन्य उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह के आयोजन से जुड़े विभागीय अधिकारियों को डीसी ने कहा कि वे समय रहते अपने प्रबंधों को पूरा करें।

### शिक्षा के महत्व को विस्तार से समझाया



**बंजार।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा सोमवार को कॉलेज के सम्मेलन कक्ष से सेवा, सद्भाव और सैहार्द मातृभूमि के संदर्भ में विषय पर विशेष आभासी व्याख्यान आयोजित किया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार डॉ. श्रवण कुमार ने बताया कि इस दौरान मुख्यातिथि तथा मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश के वाराणसी के सारनाथ स्थित केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान (डीम्ड विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) वांगचुक दोरजे नेगी ने आभासी माध्यम से शिरकत की। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत स्वयंसेवी संध्या देवी द्वारा की गई। सर्वप्रथम माता सरस्वती वंदना ओर दीप प्रज्वलित कर किया। उसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बंजार के स्वयंसेवी की ओर से एनएसएस गीत गाया और स्वयंसेवी अक्षता द्वारा मुख्यातिथि का औपचारिक स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. रेणुका थपलियाल ने स्वयं सेवियों को संबोधित किया और कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। मुख्यातिथि ने शिक्षा के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा को त्रिनेत्र के रूप में देखा जाता है। शिक्षा ही जीवन में आने वाली समस्याओं के समक्ष संघर्ष करने का हौंसला देती है। उन्होंने नैतिकता क्या है और नैतिकता जीवन में क्या भूमिका रखता है। इसके उपरांत स्वयंसेवियों ने मुख्यातिथि से प्रश्न किए, जिनका उत्तर देकर मुख्यातिथि ने स्वयं सेवियों का मार्गदर्शन किया।

### वर्तमान स्थिति से सदस्यों को करवाया अवगत



**कुल्लू।** जिला मुख्यालय ढालपुर में एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन कुल्लू की मासिक बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता संगठन की महिला अध्यक्ष धनवंती ठाकुर ने की, जबकि ऑल इंडिया गुरिल्ला संगठन के चेयरमैन प्रीतम सिंह विशेष तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में गुरिल्लाओं के सुप्रीम न्यायालय में चल रहे मामले पर चर्चा की गई और मामले की वर्तमान स्थिति से सदस्यों को अवगत करवाया। इस मौके पर प्रीतम सिंह ने कहा कि एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन कुल्लू में 700 सदस्य पंजीकृत हैं, लेकिन मासिक बैठक में हर बार 40 से 60 सदस्य शामिल हो रहे हैं। संगठन की बैठक से बिना बताए नदारद रहने वाले सदस्यों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रीतम ने कहा कि 11 को दिल्ली में संगठन की बैठक रखी गई है। इसमें संगठन के अधिवक्ता विवेक गुप्ता विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। इस राष्ट्र स्तरीय बैठक में देश के विभिन्न राज्यों के गुरिल्ला संगठनों के पदाधिकारियों के साथ मामले की जानकारी साझा की जाएगी। कुल्लू के संगठन में सैकड़ों सदस्य हैं, लेकिन बैठक में संख्या 100 से कम रहना चिंता का विषय है।

# सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़ा जनसैलाब

## भोले के भक्तों ने जिलेभर में जगह-जगह लगाए खीर के भंडारे, शिवालयों में भजन-कीर्तन का दौर लगातार जारी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

भगवान शिव के प्रिय सावन माह के तीसरे सोमवार को भोले के दरबार में श्रद्धालुओं की खूब भीड़ उमड़ी। सावन माह शुरू होते ही जहां रोजाना जिलेभर में जगह-जगह श्रद्धालुओं की ओर से खीर के भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, भजन-कीर्तन का दौर भी लगातार जारी है। सावन माह के तीसरे सोमवार को शिवालयों में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने महादेव के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर दूध, दही-पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया। सोमवार को जिले के प्रसिद्ध शिवालय बिजली महादेव, भूतनाथ मंदिर, बजौरा स्थित शिवालय, शमशरी महादेव, नीलकंठ महादेव मंदिर, सियाली महादेव, मणिकर्ण के प्राचीन शिव मंदिर, पिरड़ी महादेव, जुआणी महादेव, बुंगडू महादेव, शंगचूल महादेव, लंराई महादेव, शिव मंदिर बजौरा सहित जिले के अन्य सभी शिवालय भोले के जयकारों से गूंज उठे और सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालु महादेव के दर्शन के लिए पहुंचे। वहीं, लाहौल-स्पीति के त्रिलोकीनाथ, मेलिंग महादेव व अन्य शिवालयों में भी प्रदेशभर के श्रद्धालुओं ने भोले का आशीर्वाद लिया। सभी शिवालयों में दूर-दूर से भक्तों का खूब तांता लगा रहा, भक्त कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए नजर आए। बिजली महादेव के पुजारी मदन ने कहा कि सावन माह के तीसरे सोमवार को स्थानीय लोगों सहित सैलानियों ने भोलेनाथ के दर्शन किए। बिजली महादेव में हर साल सावन माह में पूरा माह भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है और दूर-दूर से भोले के दरबार में श्रद्धालु आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। मंदिर में हर रोज भोले के भक्त खीर के भंडारे का आयोजन भी कर रहे हैं।



बिजली महादेव के दर्शन कर आशीर्वाद लेते भोले के भक्त।



### कलाकेंद्र में समाजसेवी रंगारंग ने लगाया भंडारा

**सोमवार** को जहां जिलेभर में भोले के भक्तों ने खीर बांटी। वहीं, जिला मुख्यालय कुल्लू के कलाकेंद्र के समीप समाजसेवी रंगारंग सिंह ने लोगों के लिए भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान भारी संख्या में लोगों ने मटर-चावल के साथ दही का लुत्फ उठाया। रंगारंग सिंह ने बताया कि उनकी ओर से सावन माह व गुरु पर्व दोनों के उपलक्ष्य पर इस भंडारे का आयोजन किया गया।

### रानी ढाबा के मालिकों ने बांटी खीर

**भुंतर** स्थित हाथीथान में सावन माह के पावन अवसर पर रानी ढाबा के मालिकों की ओर से खीर भंडारा लगाया गया। पर्यटकों व बाजार की जनता सहित क्षेत्रवासियों ने खीर भंडारे का लुत्फ उठाया। साथ ही आयोजकों ने फोरलेन व नेशनल हाईवे से गुजरने वाली गाड़ियों में सवार लोगों को भी खीर, चने व पुरी वितरित की। यह भंडारा सुबह से शुरु था और देर शाम तक चला, जिसमें हजारों लोगों ने लंगर ग्रहण किया। रानी ढाबा के मालिक राजा ने बताया कि सावन के महीने में खीर भंडारे का आयोजन किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस महीने में खीर खिलाने से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। राजा हर वर्ष खीर भंडारे का आयोजन करते हैं।



रानी ढाबा के लगाए खीर भंडारे के दौरान खीर बांटते आयोजक।

## कलैहली में दिनदहाड़े हार्डवेयर की दुकान में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

सोमवार को कलैहली में दिनदहाड़े एक हार्डवेयर की दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

सीसीटीवी में साफ दिखाई दे रहा था कि दो शख्स दुकान के अंदर आए, जिनके पीठ पर बैग भी हैं, चोरों ने दुकान से लैपटॉप उठाया और चलते बने। इस घटना को चोरों ने बड़े ही आराम से अंजाम दिया, जबकि जो व्यक्ति पहले दुकान में घुसा उसने दूसरे शख्स के पास कुछ और भी सामान दिया, जो सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दे रहा था। इस घटना को इन्होंने तब अंजाम दिया, जब जय गुग्गा जहार पीर हार्डवेयर के मालिक कमरे के अंदर काम पर लगे मिस्त्रियों से कुछ बात करने के लिए गए थे, जब वह बाहर आए तो उन्होंने देखा की दुकान से लैपटॉप गायब है। उसके बाद उन्होंने इधर-उधर साथ की दुकान के दुकानदारों को भी बताया। वहीं, चोरों को ढूंढने की भी कोशिश जारी रही। उसके बाद उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली। साथ ही थाना भुंतर में भी इस घटना की जानकारी दी। पुलिस थाना भुंतर के जवानों ने तुरंत इस पर कार्रवाई करते हुए चंद घंटों के अंदर ही इस घटना को अंजाम देने वाले नेपाली मूल के दो चोरों को धर दबोचा और सामान भी बरामद कर लिया। वहीं, थाना प्रभारी भुंतर दया राम ने बताया कि पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर, पुलिस की इस तुरंत कार्रवाई पर स्थानीय लोगों ने जहां पुलिस की प्रशंसा की है। वहीं,, गुग्गा जाहरपीर हार्डवेयर के मालिक रोशन लाल ने पुलिस और जनता का सहयोग देने के लिए धन्यवाद किया है।

**पुलिस ने चंद घंटो में धर दबोचे चोर, जनता कर रही पुलिस की प्रशंसा**



## मलाणा में फंसे पर्यटकों का किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मणिकर्ण घाटी के मलाणा में फंसे नौ पर्यटकों को जान जोखिम में डालकर सुरक्षित रेस्क्यू किया है। सोमवार को पंचायत प्रतिनिधियों, पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से सैलानियों को जरी के रास्ते निकाला।

बादल फटने के बाद मलाणा गांव में करीब 15 सैलानी फंसे थे, जिनमें कुछ सैलानी मजदूरों के साथ सुरक्षित निकल आए थे, जबकि दो सैलानी रविवार शाम को रेस्क्यू किए गए। ये सैलानी रास्ता भटक गए थे, जिन्हें पुलिस ने ढूंढ कर सुरक्षित निकाला। रास्ता भटकने के बाद इन ट्रैकर ने पुलिस विभाग से 112 नंबर पर संपर्क साधकर सहायता मांगी। इस पर जरी पुलिस चौकी से पुलिस की टीम को इलाके में रवाना किया गया। इस क्षेत्र में कुछ दिन पहले बाढ़ भी आई है और जन जीवन अस्त-व्यस्त है। ऐसे में यह दोनों ट्रैकर मलाणा से जरी के लिए निकले रास्ता भटक गए। पुलिस की टीम ने इन्हें रेस्क्यू किया। इनमें एक युवक व एक युवती शामिल है। युवती चल नहीं पा रही थी। पुलिस जवानों ने युवती को पीठ में उठाकर लाया और जरी अस्पताल में इनका उपचार करवाया गया। एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने कहा कि अब दोनों ट्रैकर स्वस्थ हैं। बड़ी मशक्कत के बाद पर्यटकों को मलाणा से लेकर सड़क तक पहुंचाया गया। सभी पर्यटकों ने रेस्क्यू के लिए सभी का आभार जताया। पंचायत के प्रधान राजू राम व उपप्रधान रामजी ने कहा कि आपदा के बाद कुल 15 पर्यटक यहां पर फंसे थे, जिन्हें अब सुरक्षित निकाल दिया गया है। एसडीएम सदर विकास शुक्ला ने कहा कि प्रशासन लगातार ग्रामीणों से संपर्क बनाए हुए है। राहत कार्यों को तेजी से अंजाम दिया जा रहा है।



मणिकर्ण घाटी के मलाणा में फंसे पर्यटकों को रेस्क्यू कर निकालती पुलिस।

### सीपीएस राहत-बचाव अभियान को दे रहे दिशा-निर्देश

कुल्लू में आपदा से निपटने में जहां प्रशासन की मुस्तैदी, तत्परता तथा त्वरित राहत-बचाव अभियान की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं, सीपीएस ऊर्जा, वन, पर्यटन एवं परिवहन सुंदर सिंह भी लगातार प्रभावित स्थलों पर स्वयं जाकर राहत-बचाव अभियान को दिशा-निर्देश देते रहे। मलाणा नाले में आई बाढ़ की सूचना मिलते ही सीपीएस सुबह ही प्रभावित क्षेत्रों की ओर रवाना हो गए थे। बलाधी, चौकी से लेकर तोष तक का दौरा करते हुए सीपीएस ने बताया कि गत वर्ष आपदा के दौरान जिन स्थानों पर सड़कों को सुरक्षित करने के लिए डंगे लगाए गए थे, उन स्थानों का इस वर्ष बचाव हुआ है और यही कारण है कि मणिकर्ण घाटी की सड़क कहीं पर भी क्षतिग्रस्त नहीं हुई तथा पूरे मणिकर्ण घाटी में वाहनों की आवाजाही सुचारू बनी रही। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग करने के लिए एनडीआरएएफ, होमगार्ड्स, पुलिस विभाग तथा स्थानीय रेस्क्यू दल लिटल रेबल आदि का आभार प्रकट किया।

## मार्च पास्ट में मडग्रा स्कूल प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति में 52वें अंडर 19 लड़कों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ रावमा पाठशाला त्रिलोकनाथ में हुआ। एसडीएम नागरिक उदयपुर केशवराम ने इसका विधिवत शुभारंभ किया।

इस प्रतियोगिता में जिले के 13 स्कूलों के 116 बच्चे भाग ले रहे हैं। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में मार्च पास्ट वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, योगा, चेस, एथलेटिक्स, लोकनृत्य में अपना जौहर दिखाएंगे। केशवराम ने कहा कि जिले के विभिन्न स्कूलों के 116 प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलों का मानव जीवन में बहुत महत्व है और खेलों से जहां एक ओर जहां मानव शरीर स्वस्थ्य रहता है। वहीं, इससे खिलाड़ी नशे से भी दूर रहते है। पहले दिन मार्च पास्ट प्रतियोगिता में मडग्रा स्कूल ने पहला व त्रिलोकनाथ स्कूल ने दूसरा स्थान हासिल किया। कबड्डी में मडग्रा की टीम ने गोंदला व शकोली टीम ने त्रिलोकनाथ को हराया, खो-खो में मडग्रा की टीम ने उदयपुर, शकोली ने शांशा को हराया, जबकि वॉलीबाल में जाहलमा की टीम ने सलग्रा को हराया व उदयपुर की टीम ने तिंदी की टीम व शांशा की टीम ने थिरोट को हराया।



### बलादी को झूला पुल से जोड़ा जाएगा

**कुल्लू।** डीसी कुल्लू ने कहा कि सरकार व प्रशासन की मुस्तैदी, तत्परता तथा त्वरित राहत-बचाव अभियान के कारण आपदा से निपटने तथा नुकसान को कम करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही। कुल्लू के पार्वती घाटी के मलाणा नाले में आई बाढ़ के कारण जहां पिछले दिनों मलाणा-1 तथा मलाणा-2 परियोजना में डैम साइट पर पानी भरने के कारण नाले में जलस्तर बढ़ गया था। बलादी गांव को जोड़ने के लिए झूला पुल का निर्माण करने के लिए संबंधित विभाग को एस्टीमेट बनाने के लिए निर्देश दिए हैं।

## यूथ कांग्रेस की नई कार्यकारिणी जल्द होगी गठित : नवदीप हुड्डा




यूथ कांग्रेस के जोनल इंचार्ज नवदीप हुड्डा प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रदेश युवा कांग्रेस के जोनल इंचार्ज नवदीप हुड्डा ने कहा कि प्रदेश यूथ कांग्रेस की नई कार्यकारिणी शीघ्र गठित होगी।

कुल्लू के ढालपुर स्थित प्रेस क्लब भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि प्रदेश युवा कांग्रेस की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है और अब प्रदेश स्तर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसके लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त तक नामांकन भी किया जा सकता है, जो कि मतदान ऐप के जरिये होगा। 20 को नॉमिनेशन प्रकिया पूरी हो जाएगी। नवदीप ने बताया कि एक कार्यकर्ता छह वोट डालेगा, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष, महासचिव, जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव सहित विधानसभा अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष का चयन होगा। इस मतदान में यूथ कांग्रेस के 18 से 35 साल के युवा वोटिंग में हिस्सा ले सकते हैं। इस मौके पर उनके साथ अभिशान ठाकुर, मनीष ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


### नेशनल हाईवे को बाढ़ से बचाने के लिए उचित कदम उठाए जाने जरूरी : दिनेश सेन

## बाशिंग बिहाल में खतरे की जद में एनएच व वामतट मार्ग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

फोरलेन संघर्ष समिति के अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि ब्यास नदी में बार-बार बाढ़ आने के कारण काफी नुकसान हो रहा है, इससे बचने के लिए शीघ्र उचित कदम उठाने की जरूरत है।

यह बात उन्होंने सोमवार को बाशिंग में फोरलेन संघर्ष समिति एवं कुल्लू फल उत्पादक मंडल की संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कही। ब्यास नदी के तटीकरण का कार्य जो प्रस्तावित है, उसे युद्धस्तर पर पूरा किया जाना आवश्यक है क्योंकि हर वर्ष यहां बाढ़ के कारण भारी मात्रा में हानि होती है और इसके लिए जहां-जहां बाढ़ नियंत्रण का कार्य हुआ है, उससे बहुत राहत मिली है। पुलिस लाइन बाशिंग से लेकर रामाबाई नाले तक ब्यास को गहरा किया जाए। साथ ही वामतट पर छरूडू में बाढ़ आने से बंद हो रही सड़क का स्थायी समाधान किया जाए। ब्यास के तटीकरण को लेकर प्रपोजल बनी है। ब्यास की बाढ़ से नेशनल हाईवे-तीन प्रभावित हो रहा है। यदि बरसात में बाढ़ आने पर बाशिंग के समीप नेशनल हाईवे को क्षति पहुंचती है, तो लेह-लद्दाख तक के लिए कोई सुविधा नहीं है। वैष्णो माता मंदिर के समीप नेशनल हाईवे बचाया जाना बहुत जरूरी है। इसके लिए सरकार जल्द प्रयास करे। इसको लेकर अनेक बैठकें हो चुकी हैं और उसके साथ-साथ यहां बाशिंग में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने यहां स्वयं आकर मुआयना किया है। उसके बाद दो बार यहां मनाली सदर के विधायक भुवनेश्वर गौड़ भी स्थिति का जायजा ले चुके हैं। इस क्षेत्र की सुरक्षा के लिए छह करोड़ की राशि स्वीकृत हो चुकी है। बाशिंग बिहाल में जहां ब्यास से खतरा बढ़ा है, वहां पुलिस लाइन, सार्वजनिक मैदान, जल शक्ति विभाग का परिसर, भारतीय खाद्य निगम का गौदाम, परिवहन निगम का क्षेत्रीय कार्यालय और कार्यशाला, एलपीजी गैस प्लांट, राफ्टिंग एंड प्वाइंट है। करोड़ों की लागत से बनने वाले जल शक्ति विभाग का विश्राम गृह, पंचायतीराज विभाग का प्रशिक्षण केंद्र तथा सीवरेज प्लांट बनना प्रस्तावित हैं। सामरिक दृष्टि से यह राष्ट्रीय उच्च मार्ग-3 अति महत्वपूर्ण है, इसको भी खतरा पैदा हो चुका है। रामशिला से लेकर मनाली तक जो पर्यटन है और अन्य लोकल जरूरतें हैं, उसके साथ-साथ यह सामरिक दृष्टि से जो लेह-लद्दाख का रोड है इसके लिए सुरक्षा का होना अति आवश्यक है और इसके लिए छह करोड़ की राशि अपर्याप्त है।



फोरलेन संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष दिनेश सेन प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।






**आमदनी** — सरकार की सब्सिडी का भी उठा रहे फायदा, बाजार में महिलाएं इसकी बढ़ती मांग को पूरा कर अच्छी आमदनी भी कमा रहीं

# नग्गर के बागवान प्रोमिला व देवेंद्र प्राकृतिक खेती को दे रहे बढ़ावा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

आज के युग में जहां फल सब्जियों एवं खाद्यान्न में रसायनों का प्रयोग बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते कैंसर, टीबी, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों का भी प्रकोप बढ़ रहा है रसायनों के अधिक प्रयोग के दुष्प्रभावों को देखते हुए आज प्राकृतिक कृषि एवं बागवानी की बहुत अधिक आवश्यकता महसूस की गई है। सरकार ने जहां प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हैं।

वहीं, पर कुल्लू की कृषक महिलाएं प्राकृतिक कृषि की तकनीक का उत्पाद कर खेती-बागवानी की तरफ कदम बढ़ा रही हैं, बल्कि बाजार में इसकी बढ़ती मांग को पूरा कर अच्छी आमदनी भी कमा रही हैं। नग्गर ब्लॉक की महिला बागवान प्रोमिला शर्मा का कहना है कि वे दो साल से प्राकृतिक खेती कर रही हैं तथा विभाग की सहायता से गोबर व गोमूत्र से वे स्वयं ही जीवामृत, वीजामृत आदि बनाते हैं तथा उनका प्रयोग करते हैं। सभी घटकों जीवामृत, घन जीवामृत आदि का प्रयोग प्राकृतिक रूप से कृषि करने के लिए कर रहे है। इसके लिए उन्हें सरकार की तरफ से भी सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने अपने खेत में एम-नौ पर सेब गाला की विभिन्न किस्में लगा रखी हैं, जिन पर वे प्राकृतिक रूप से बागवानी कर रही हैं। सेब के बीच में ही उन्होंने अपने खेत में सरसों, मेथी, धनिया, पालक, मटर आदि की खेती लगाई हैं। वहीं, एक अन्य बागवान देवेंदर शर्मा ने भी कृषि बागवानी प्राकृतिक रूप से शुरू की है, जिसमें रसायनों का प्रयोग नहीं होता है। इससे प्राकृतिक उत्पाद जो बाजार में जाता है, उससे काफी अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं तथा जहर मुक्त कृषि उत्पादन से स्वस्थ जीवन शैली की ओर बढ़ रहे हैं। इसके उन्हें बहुत बढ़िया परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने प्रशिक्षण ग्रहण किया इसके पश्चात उन्होंने प्राकृतिक खेती आरंभ क। यह सेब की बागवानी में भी प्राकृतिक कृषि की तकनीक का प्रयोग कर रहे हैं।

उन्होंने जीवामृत का अपना एक बड़ा टैंक तैयार कर रखा है, जिससे वे आसानी से पाइपों के माध्यम से निकाल कर प्रयोग करते हैं। इसलिए विभाग की ओर से उन्हें अनुदान एवं प्रशिक्षण आदि के रूप में भी सहायता मिली है। लिहाजा, नग्गर ब्लॉक के बागवान प्रोमिला व देवेंद्र प्राकृतिक खेती कर जहां अच्छी आमदनी कमा रहे हैं। वहीं, बाजार में प्राकृतिक खेती की बढ़ती मांग को भी पूरा कर रहे हैं।



सेब के बीच में ही सरसों, मेथी, धनिया, पालक, मटर की खेती लगाई।








## न्यूज ब्रीफ

### शाह का चंडीगढ़ दौरा निराशाजनक : लक्की

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़ ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हाल ही में चंडीगढ़ दौरा पूरी तरह से निराशाजनक और महत्वहीन रहा, क्योंकि यह शहर के निवासियों को कुछ भी राहत देने में विफल रहा, जो इस यात्रा से कुछ राहत की उम्मीद कर रहे थे। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष एचएस लक्की ने यह बात आज एक बयान जारी कर कही। लक्की ने कहा वास्तव में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अपने घोषणापत्र में चंडीगढ़ के निवासियों से किए गए तीन प्रमुख वादों से पूरी तरह पलटी मार ली है। सबसे पहले, चंडीगढ़ में औद्योगिक और वाणिज्यिक संपत्तियों को लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड में बदलने की किसी भी नीति से इनकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा प्रस्तुत किया गया। दूसरे, चंडीगढ़ से कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी द्वारा लोकसभा में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में कहा गया कि हाउसिंग बोर्ड की आवासीय इकाइयों के निवासियों द्वारा किए गए आवश्यकता अनुसार परिवर्तनों को राहत देने की कोई योजना नहीं है। अंत में, अब कांग्रेस पार्टी के संज्ञान में आया है कि चंडीगढ़ प्रशासन ने एक उत्तर तैयार किया है, जिसमें उसने पुष्टि की है कि कॉलोनियों के आवंटियों को कोई मालिकाना हक नहीं दिया जाएगा। इससे भाजपा का असली चेहरा सामने आ गया है, जिसने चंडीगढ़ के निवासियों से झूठे वादे किए और उनकी भावनाओं के साथ खेला। (अनंत ज्ञान)



### निवेशकों के 15.32 लाख करोड़ रुपए डूबे

**नई दिल्ली ।** वैश्विक गिरावट के असर में घरेलू शेयर बाजार में मची अफरातफरी के बीच सोमवार को निवेशकों की 15.32 लाख करोड़ रुपए की बड़ी पूंजी डूब गई। बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स में 2,222.55 अंक यानी 2.74 प्रतिशत की भारी गिरावट आई और यह एक महीने के निचले स्तर 78,759.40 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में आई इस बड़ी गिरावट से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का सम्मिलित रूप से बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप)15,32,796.1 करोड़ रुपये का गोता लगा गया। इस तरह इन कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण घटकर 4,41,84,150.03 करोड़ रुपए (5.27 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में नरमी की आहट और जापान के सूचकांक निक्की में 14 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आने से दुनिया भर के शेयर बाजारों में चौतरफा गिरावट दर्ज की गई। भारतीय बाजार भी इसकी चपेट में आए।

### चीन ने सीमा पर भेजे 9 सैन्य विमान और पोत

**तैपेई।** ताइवान और चीन के बीच लगातार तनाव जारी है। एक बार फिर बीजिंग की सेना ने ताइवान में घुसपैठ की कोशिश की। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने कहा कि सोमवार सुबह छह बजे 9 चीनी सैन्य विमान और 9 नौसैनिक जहाज रविवार सुबह ताइवान के पास परिचालन कर रहे थे। इसके अलावा, मंत्रालय ने कहा कि 9 पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) विमानों में से 6 ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में एंट्री की।

### इंडिगो करेगी बिजनेस श्रेणी की शुरुआत

**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी इंडिगो नवंबर के मध्य में 12 घरेलू मार्गों पर उड़ानों में बिजनेस क्लास सीट की सेवा शुरू करेगी। इंडिगो उड़ान सेवा के 18 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने यह बात कही। एल्बर्स ने कहा कि सीट के लिए बुकिंग मंगलवार से शुरू होगी। बिजनेस क्लास सीट की सेवाएं व्यस्ततम मार्गों के साथ-साथ व्यावसायिक मार्गों पर भी उपलब्ध होंगी, जिनमें राष्ट्रीय राजधानी से चुनिंदा उड़ानें भी शामिल हैं। सीईओ ने कहा कि नवंबर के मध्य से 12 घरेलू मार्गों पर बिजनेस क्लास सीट की सेवा उपलब्ध होंगी। वर्तमान में, टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया, एअर इंडिया एक्सप्रेस और विस्तारा बिजनेस क्लास सीट की सेवाएं प्रदान करती हैं।




### एलआईसी ने खरीदे 17 हजार करोड़ के शेयर

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 17 हजार करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। एलआईसी घरेलू शेयर बाजार में सबसे बड़ा संस्थागत निवेशक है। अप्रैल-जून की अवधि में म्यूचुअल फंडों ने 1.1 लाख करोड़ , बीमा कंपनियों ने 5,035 करोड़ और बैंकों ने 628 करोड़ रुपए की शुद्ध खरीदारी की।

### मुफ्ती ने किया नजरबंद करने का दावा

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और कई अन्य क्षेत्रीय दलों के नेताओं ने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद-370 को निरस्त करने के पांच साल पूरे होने पर बढ़ाई गई सुरक्षा के बीच उन्हें घर में नजरबंद रखा गया है।मुफ्ती ने कहा कि मुझे घर में नजरबंद रखा गया है जबकि पीडीपी कार्यालय को बंद कर दिया गया है।

# बीएसएफ ने बांग्लादेश से लगी सीमा पर जारी किया 'हाई अलर्ट'

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सोमवार को बांग्लादेश में हुए घटनाक्रम के मद्देनजर 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी सभी यूनिट के लिए सोमवार को 'हाई अलर्ट' जारी किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के कार्यवाहक महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी और अन्य वरिष्ठ कमांडर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए कोलकाता पहुंच गए हैं। महानिदेशक ने 'उत्तर 24 परगना' जिला और सुंदरबन इलाके में तैयारियों की समीक्षा की।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''बीएसएफ ने अपने सभी 'फील्ड कमांडर' को निर्देश दिया है कि वह सभी कर्मियों को सीमा पर ड्यूटी पर तुरंत तैनात करें।



कोलकाता स्थित मुख्यालय में बीएसएफ के दक्षिण बंगाल 'फ्रंटियर' के प्रवक्ता ने कहा, ''बांग्लादेश में बदली स्थिति के मद्देनजर बीएसएफ ने पूरे भारत-बांग्लादेश सीमा पर अलर्ट जारी कर दिया है और सीमा पर तैनात जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है।'' उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में व्यापक स्तर पर हो रहे विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर पिछले कुछ हफ्तों के दौरान इस पड़ोसी देश से लगी सीमा पर तैनात सभी कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई थीं और अब सभी यूनिट को 'पूरी तरह सतर्क रहने' के लिए कहा गया है। बीएसएफ देश की पूर्वी सीमा पर भारतीय सरहद की रक्षा करता है। देश की पूर्वी सीमा को पांच राज्य साझा करते हैं।

पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश के साथ कुल 2,217 किलोमीटर की सीमा साझा करता है, इसके अलावा त्रिपुरा (856 किमी), मेघालय (443 किमी), असम (262 किमी) और मिजोरम (318 किमी) सीमा साझा करते हैं।

### संकट के बीच भारत-बांग्लादेश व्यापार रोका

कोलकाता । भारत-बांग्लादेश व्यापार सोमवार दोपहर से रोक दिया गया। कारोबारियों ने बताया कि पड़ोसी देश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के कारण अशांति के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया, जिसके चलते यह कदम उठाया गया।

पश्चिम बंगाल निर्यातक समन्वय समिति के सचिव उज्जल साहा ने कहा कि उनके भूमि बंदरगाहों पर बांग्लादेशी सीमा शुल्क से मंजूरी नहीं मिलने के कारण सभी निर्यात और आयात गतिविधियां ठप हो गई हैं।

## जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेंगे : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख के लोगों को विश्वास दिलाया कि केंद्र सरकार उनके लिए काम करती रहेगी और आने वाले समय में उनकी आकांक्षाओं को पूरा करेगी।



प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि देश की संसद द्वारा पांच साल पहले आज ही के दिन संविधान के अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त कर दिया गया था जो हमारे देश के इतिहास में एक 'ऐतिहासिक क्षण' था। उन्होंने कहा, ''यह जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख में प्रगति और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत थी। इसका मतलब था कि भारत के संविधान को इन स्थानों पर, संविधान बनाने वाले महान पुरुषों और महिलाओं की दृष्टि के अनुरूप अक्षरशः लागू किया गया।''

## विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नए नेता चुने गए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता को पार्टी ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा में विपक्ष का नया नेता घोषित किया। एक बयान में यह जानकारी दी गई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष गुप्ता, रामवीर सिंह बिधूड़ी की जगह लेंगे। बिधूडी ने लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद, विधानसभा अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

पार्टी के बयान के अनुसार, प्रदेश भाजपा कार्यालय में विधायक दल की बैठक में गुप्ता को विपक्ष का नया नेता चुना गया। गुप्ता रोहिणी से पार्टी के विधायक हैं। वह 2015 से 2020 तक विपक्ष के नेता रहे थे।

## केदारघाटी में 5वें दिन भी रेस्क्यू अभियान जारी

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के परिवेक्षण में श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर रेस्क्यू एवं सर्च अभियान पांचवे दिन भी जारी है।



सोमवार को केदार घाटी का मौसम साफ होने के साथ ही एमआई 17 और चिनूक से एयरलिफ्ट रेस्क्यू शुरू हो गया है। एमआई चारधाम हेलीपैड पर यात्रियों को उतार रहा है जबकि चिनूक गौचर हवाई पट्टी पर यात्रियों को उतरेगा।

सुबह 9 बजे तक 133 लोगों को केदारनाथ से एमआई एवं चिनूक एवं छोटे हेलीकॉप्टर की मदद से सुरक्षित एयर लिफ्ट कर रेस्क्यू किए जा चुके हैं।

रविवार देर शाम तक स्निफर डॉग की मदद से सर्च अभियान जारी रहा। वर्तमान में लिनचोली से रामबाड़ा क्षेत्र तक सर्च अभियान पूरा किया जा चुका है जिसमें अब तक किसी व्यक्ति के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं सोमवार सुबह 100 लोगों को सुरक्षा बलों की देखरेख में श्री केदारनाथ धाम से लिनचोली हेलीपैड के लिए रवाना कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### केदारघाटी प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया

सचिव आपदा प्रबंधन विनोद सुमन, सचिव पीडब्लूडी पंकज पांडे, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, मुख्य अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग दयानंद पहुंचे केदारघाटी प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण एवं पैदल निरीक्षण सचिव लोक निर्माण विभाग उत्तराखंड शासन पंकज पांडे, सचिव आपदा विनोद सुमन, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, मुख्य अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग दयानंद ने आज सोमवार को केदारघाटी के प्रभावित क्षेत्रों का पैदल निरीक्षण एव हवाई सर्वेक्षण किया।

उन्होंने क्षतिग्रस्त मार्गोंका जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच वाशआउट सड़क मार्ग को पुर्नस्थापित करने के लिए प्राथमिकता से प्लानिंग तैयार कर अविलंब कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

## आतंकवाद : कश्मीर में कुचला दहशतगर्दों का फन, जम्मू संभाग में फिर सिर उठा रहा

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

जम्मू -कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद बीते पांच वर्ष में सुरक्षाबलों ने कश्मीर में आतंकवाद पर नकेल कसने में कामयाबी हासिल की है। हालांकि जम्मू में आतंकवाद अब नई चुनौती बनकर उभरा है। कश्मीर में ठिकाने बनाने में असफल आतंकी जम्मू के जंगलों में पनाह लिए हुए हैं।

बीते तीन वर्ष में 119 जवान आतंकियों से लोहा लेते बलिदान हुए, इनमें से 51 जम्मू में बलिदान हुए। इस वर्ष में कश्मीर में 5 आतंकी वारदातों में दो जवान, जबकि जम्मू में 6 वारदातों में 12 जवान बलिदान हो गए। जम्मू में 12 नागरिकों की भी हत्या की गई।



जम्मू संभाग के राजोरी, पुंछ, कठुआ, डोडा, किश्तवाड़, रामबन, उधमपुर व रियासी जिलों में आतंकी जंगलों में छिपे हैं। वर्ष 2019 से लेकर अगस्त 2024 तक जम्मू कश्मीर में 901 आतंकी मारे गए। हालांकि 2019 से लेकर अगस्त तक 2024 तक 258 जवान भी आतंकियों से लड़ते हुए बलिदान हुए। आतंकी हमलों में 170 आम नागरिक भी मारे गए।

अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में लगभग 200 आतंकी कमांडर मारे गए। अब कश्मीर में कोई नामी आतंकी कमांडर नहीं है। मारे गए कमांडरों में रियाज नायकू, साजिद जट्ट, हाफिज भाई, तल्हा यासिर, बाबर भाई, कफील, हैदर, अबू हर्सलान, पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड इस्माइल अल्वी, गनी ख्वाजा, मुदसिर पंडित, खुर्शीद मीर, अबू असरार, अबू हुरैरा, इशफाक डार आदि हैं।

## 10 साल में स्वास्थ्य बजट आवंटन में 164 फीसदी वृद्धि : नड्डा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार जीडीपी का अढ़ाई प्रतिशत बजट स्वास्थ्य क्षेत्र में आवंटित करने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रही है और उसने पिछले दस साल में स्वास्थ्य बजट आवंटन में 164 प्रतिशत की वृद्धि की है।



नड्डा ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने पूरी ईमानदारी, पूरी ताकत के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है और दुनिया ने माना है कि भारत स्वास्थ्य क्षेत्र में एक उदाहरण बन गया है। दुनिया के सारे लोग आयुष्मान भारत के मॉडल का अध्ययन कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री के जवाब के बाद सदन ने कुछ विपक्षी सांसदों के कटौती प्रस्तावों को अस्वीकृत करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान मांगों को पारित कर दिया। नड्डा ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट आवंटन कम होने के विपक्षी सदस्यों के दावों के संदर्भ में कहा कि वर्ष 2013-14 में स्वास्थ्य बजट 33,278 करोड़ रुपए का था, जो आज 90,958 करोड़ रुपए का हो गया है। उन्होंने कहा कि बजट में पिछले दस वर्ष में 164 प्रतिशत की यह बढ़ोतरी दर्शाती है कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को कितनी प्राथमिकता और कितना महत्व देती है।

### सहारा समूह से जुड़े मामले की जांच कर रहा एसएफआईओ : सीतारमण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि 'गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय' (एसएफआईओ) सहारा समूह की कंपनियों से संबंधित मामले की विस्तृत जांच कर रहा है और इसकी रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए सीतारमण ने कहा कि सहारा समूह के पूरे मामलों की निगरानी उच्चतम न्यायालय की ओर से की जा रही है और सरकार उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सच है कि केवल छोटे निवेशक ही रिफंड का दावा करने के लिए आगे आए हैं। एसएफआईओ पूरे मामले की जांच कर रहा है।

यह भी देख रहा है कि सभी निवेशक रिफंड का दावा करने के लिए आगे क्यों नहीं आए और वे कहां हैं। मंत्री ने कहा कि एसएफआईओ के विस्तृत विश्लेषण के बाद पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी और कार्रवाई की जा सकेगी। सहारा समूह की कंपनियों में 3.7 करोड़ निवेशक हैं और अब तक 19,650 लोग रिफंड का दावा करने के लिए आगे आए हैं। 17,250 दावों का निपटारा किया, जबकि अन्य आवेदकों को और कागजात उपलब्ध करवाने को कहा है।

## प्रसारण विधेयक से डिजिटल मीडिया पर 'ताला लगाना चाहती' भाजपा : प्रियंका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक के माध्यम से डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया और निजी हैसियत में लिखने-बोलने वालों की 'जुबान पर ताला लगाना चाहती' है।



सरकार का यह प्रयास पूरी तरह अस्वीकार्य है। प्रियंका ने महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रेस की आजादी से जुड़े कथनों का हवाला देते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया कि ये दो उदाहरण बताते हैं कि हमारे नागरिकों को अभिव्यक्ति और प्रेस की स्वतंत्रता यूं ही नहीं मिली है। इसके लिए वर्षों तक लाखों लोगों ने लड़ाई लड़ी है। नागरिक स्वतंत्रता और प्रेस की आजादी शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की महान विरासत है और आजाद भारत के इतिहास में कभी कोई सरकार नागरिकों को मिली स्वतंत्रता को कुचलने के बारे में सोच भी नहीं सकती थी। प्रियंका ने कहा कि आज एक तरफ सत्ता के जोर से पूरे मीडिया को सरकारी भोंपू बना दिया गया है। दूसरी तरफ, भाजपा सरकार प्रसारण विधेयक लाकर डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया, ओटीटी मंचों और यहां तक कि निजी हैसियत में लिखने-बोलने वालों की जुबान पर ताला लगाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। देश ऐसी हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

## वक्फ अधिनियम संशोधन विधेयक का विरोध करेगी सपा: अखिलेश

**एजेंसी, लखनऊ**

**समाजवादी** पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी पार्टी संसद में वक्फ अधिनियम संशोधन विधेयक का विरोध करेगी।



समाजवादी नेता जनेश्वर मिश्र की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद प्रेसवार्ता में अखिलेश ने कहा कि हम लोग इसके (वक्फ अधिनियम में संशोधन संबंधी विधेयक) खिलाफ रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास हिंदू-मुस्लिम करने या मुसलमान भाइयों के अधिकारों को छीनने के अलावा कोई काम नहीं है।

## बिहार में करंट लगने से नौ कांवड़ियों की मौत, दो झुलसे

**एजेंसी, हाजीपुर**

**बिहार** के वैशाली जिले में कांवड़ियों का एक वाहन हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया, जिससे उसमें सवार कम से कम नौ कांवड़ियों की मौत हो गई और दो अन्य झुलस गए।

वैशाली के जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने बताया कि यह घटना रविवार रात करीब 11.15 बजे उस समय हुई, जब कांवड़िये जलाभिषेक करने के लिए सोनपुर में बाबा हरिहर नाथ मंदिर जा रहे थे। मीणा के अनुसार, शुरुआती जांच में पता चला है कि कांवड़िये उनके लिए तय किए गए यात्रा मार्ग का पालन नहीं कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कांवड़िये जलाभिषेक करने के लिए बाबा हरिहर नाथ मंदिर जा रहे थे, तभी उनका वाहन हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने प्रत्येक मृतक के परिवार के सदस्यों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि का चेक सौंप दिया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और अगर कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। इससे पहले, हाजीपुर-सदर के उपमंडलीय अधिकारी रामबाबू बैठा ने पत्रकारों को बताया कि सुल्तानपुर गांव के इंडस्ट्रियल पुलिस थाना क्षेत्र में हुई इस घटना में नौ कांवड़ियों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। उन्होंने कहा कि तीनों घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## पश्चिम बंगाल से पिछड़ेपन पर परिणामात्मक आंकड़े मांगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- क्या ओबीसी के उपवर्गीकरण के लिए परामर्श किया था।**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार से सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन व सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों में पिछड़ी जातियों के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व पर परिणामात्मक आंकड़े उपलब्ध कराने को कहा।



पश्चिम बंगाल सरकार ने कई जातियों को आरक्षण का लाभ देने के लिए उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सूची में शामिल किया था। उच्चतम न्यायालय ने उन निजी वादियों को भी नोटिस जारी किया, जिन्होंने 77 जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में शामिल करने के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। जिन 77 जातियों को ओबीसी सूची में शामिल किया गया, उनमें ज्यादातर मुस्लिम हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि स्थगन आवेदन सहित नोटिस जारी करें। पीठ ने यह भी पूछा कि क्या ओबीसी के उप-वर्गीकरण के लिए राज्य द्वारा कोई परामर्श किया गया था।

**इजाफा** उद्योग निकाय फाडा के अुनसार, वाहन खुदरा बिक्री बढ़कर 3,20,129 इकाई हुई

## यात्री वाहनों की जुलाई माह में 10% बिक्री बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**नए** मॉडल की पेशकश और बढ़ी हुई छूट से भारत में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री जुलाई में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़ी है। उद्योग निकाय फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, जुलाई में कुल यात्री वाहन खुदरा बिक्री बढ़कर 3,20,129 इकाई हो गई, जबकि जुलाई 2023 में यह 2,90,564 इकाई थी। फाडा के उपाध्यक्ष सीएस विग्नेश्वर ने कहा कि डीलरों ने बताया कि उन्हें अच्छे उत्पाद उपलब्ध होने, आकर्षक योजनाओं और उत्पादों की व्यापक श्रृंखला से लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश, उपभोक्ता भावना में कमी और तीव्र प्रतिस्पर्धा के कारण चुनौतियां उत्पन्न हुईं, लेकिन अधिक प्रचार तथा बढ़ी छूट के जरिए बिक्री को बनाए रखने में कामयाबी हासिल हुई। जुलाई में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 14,43,463 इकाई रही, जो जुलाई 2023 में 12,31,930 इकाई थी। विग्नेश्वर ने बताया कि संपन्न ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सकारात्मक मानसून प्रभाव तथा ग्रामीण आय बढ़ाने वाले सरकारी सहायता कार्यक्रमों से इस क्षेत्र में उल्लेखनीय उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले महीने सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 80,057 इकाई हो गई।



हालांकि, जुलाई में ट्रैक्टर की बिक्री सालाना आधार पर 12 प्रतिशत घटकर 79,970 इकाई रह गई। फाडा ने जुलाई महीने की रिपोर्ट तैयार करने के लिए वाहन पंजीकरण आंकड़े देशभर के 1,645 आरटीओ में से 1,568 से एकत्र किए।

**आशा किरण आश्रय गृह में मौतों का मामला**

## हाईकोर्ट ने पानी की गुणवत्ता की जांच करने का दिया आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**समाज कल्याण विभाग के सचिव आज करें रिपोर्ट दाखिल**

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने कहा कि विक्षिप्त लोगों के लिए शहर की सरकार की ओर से संचालित आशा किरण आश्रय गृह में रह रहे 14 लोगों की हाल में हुई मौत एक अजब संयोग है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की पीठ ने कहा कि लगभग सभी मृतक टीबी से पीड़ित थे। पीठ ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को आश्रय गृह में पानी की गुणवत्ता और सीवर पाइपलाइन की स्थिति की जांच करने तथा इस संबंध में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने समाज कल्याण विभाग के सचिव को भी छह अगस्त को आश्रय गृह का दौरा करने और एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि मामले में सुधारात्मक उपाय किए जाने की जरूरत है और अगर आश्रय गृह में क्षमता से ज्यादा लोग रहे हैं, तो प्राधिकारी कुछ लोगों को दूसरे प्रतिष्ठानों में स्थानांतरित करेंगे। जुलाई माह में आशा किरण आश्रय गृह में एक बच्चे सहित 14 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले की अगली सुनवाई सात अगस्त को होगी।

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | चीन | 21 | 17 | 12 | 50 |
| 02. | अमेरिका | 19 | 27 | 26 | 72 |
| 03. | फ्रांस | 12 | 14 | 18 | 44 |
| 04. | ऑस्ट्रेलिया | 12 | 11 | 08 | 31 |
| 05. | कोरिया | 11 | 08 | 07 | 26 |
| 06. | ग्रेट ब्रिटेन | 10 | 12 | 16 | 38 |
| 07. | जापान | 09 | 05 | 11 | 25 |
| 08. | इटली | 08 | 10 | 06 | 24 |
| 09. | नीदरलैंड | 06 | 05 | 04 | 15 |
| 10. | जर्मनी | 06 | 05 | 02 | 13 |
| 57. | भारत | 00 | 00 | 03 | 03 |

## पेरिस ब्रीफ

### समापन समारोह में भाकर होगी ध्वजवाहक

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक खेलों में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाली निशानेबाज मनु भाकर रविवार को यहां होने वाले समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होंगी। मनु ने 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीत कर पेरिस ओलंपिक में भारत का खाता खोला था। इस तरह से वह ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय निशानेबाज बनी थी।



इसके बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल में मिश्रित टीम का कांस्य पदक भी जीता। भारतीय ओलंपिक संघ के एक अधिकारी ने कहा, ''मनु को ध्वजवाहक के रूप में चुना गया है। उन्होंने बेजोड़ प्रदर्शन किया और वह इसकी हकदार हैं।'' हरियाणा की इस 22 वर्षीय निशानेबाज ने इससे पहले कहा था कि भारत का ध्वजवाहक बनना सम्मान की बात होगी।

### सीन नदी में तैरने के बाद बीमार पड़ी खिलाड़ी

**पेरिस ।** बेल्जियम की एक खिलाड़ी सीन नदी में तैरने के बाद बीमार पड़ गई जिस कारण उसकी टीम पेरिस ओलंपिक खेलों की मिश्रित रिले ट्रायथलॉन से हट गई। बेल्जियम ओलंपिक समिति ने बयान में कहा कि बुधवार को महिला ट्रायथलॉन में भाग लेने वाली उसकी खिलाड़ी क्लेयर मिशेल दुर्भाग्य से बीमार पड़ गई है, जिसके कारण उनकी टीम को मिश्रित रिले ट्रायथलॉन से हटना होगा।
पेरिस ओलंपिक खेलों के आयोजकों ने मिशेल की बीमारी को लेकर तत्काल कोई बयान जारी नहीं किया, लेकिन कहा कि यह प्रतियोगिता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। बेल्जियम की ओलंपिक समिति ने भी उनकी बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। सीन नदी के पानी की गुणवत्ता पर शुरू से ही चिंता व्यक्त की जा रही है। इस कारण पहले ट्रायथलॉन के अभ्यास सत्र रद्द करने पड़े थे।

### शुभंकर शर्मा संयुक्त 40वें स्थान पर रहे



**पेरिस।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक पुरुष गोल्फ स्पर्धा के चौथे और अंतिम दौर में 72 का कार्ड खेलकर संयुक्त 40वें और गगनजीत भुल्लर संयुक्त 45वें स्थान पर रहे। शुभंकर का कुल स्कोर 283 और भुल्लर का कुल स्कोर 285 रहा। भुल्लर ने अंतिम दौर में 70 का कार्ड खेला। अमेरिका के स्कॉटी शेफलर ने स्वर्ण पदक जीता।

### बलराज ने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की मांग की



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की एकल स्कल स्पर्धा में 23वें स्थान पर रहे भारतीय नौकायन खिलाड़ी बलराज पंवार ने देश में नौकायन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जूनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धाएं बढ़ाने की मांग की है ताकि भविष्य में भारत का प्रदर्शन बेहतर हो सके। पेरिस ओलंपिक में एकमात्र भारतीय नौकायन खिलाड़ी पंवार रेपेचेज के जरिये क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे और फिर ग्रुप सी और डी में सेमीफाइनल खेलकर 23वें स्थान पर रहे। पंवार ने कहा ,''हमें नौकायन में बुनियाी ढांचा मजबूत करना होगा। जूनियर स्तर पर अधिक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देना होगा और उस स्तर पर प्रतिस्पर्धाएं भी बढ़ानी होगी। '' उन्होंने कहा ,'' हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीन-चार क्लबों की जरुरत है और जूनियर स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धाएं चाहिए।'' ओलंपिक में अपने प्रदर्शन पर उन्होंने कहा ,'' मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा। हमारे राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में फाइनल तक तीन रेस होती है लेकिन यहां पांच रेस थी और मैंने सभी में अच्छा किया। भविष्य में यह अनुभव मेरे काम आएगा।''

### पदक नहीं जीत पाए घुड़सवार अनुष

**पेरिस ।** पेरिस ओलंपिक में भारत के एकमात्र राइडर अनुष अग्रवाल अपने घोड़े सर कारमेलो ओल्ड के साथ ड्रेसेज ग्रांड प्रिक्स इंडिविज़ुअल क्वालीफायर राउंड में 9वें स्थान पर रहे। इससे 24 वर्षीय कोलकाता के सवार का ओलंपिक सफर पहले ही राउंड में समाप्त हो गया। अनुष ने जर्मनी में 17 साल की उम्र से ही प्रशिक्षण शुरू किया था। वह ओलंपिक में ड्रेसेज में हिस्सा लेने वाले पहले भारतीय हैं। उन्होंने न्यूनतम योग्यता मानक (एमईआर) चार बार हासिल कर देश के लिए कोटा पक्का किया था।

# भारत महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, पेरिस**

स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा की अगुवाई में भारत ने सोमवार को यहां पेरिस ओलंपिक की महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा में अपने से ऊंची रैंकिंग वाले रोमानिया को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारत 2-0 से आगे चल रहा था, लेकिन रोमानिया ने वापसी करते हुए 2-2 से बराबरी हासिल कर ली, लेकिन निर्णायक मैच में मनिका ने जीत दर्ज करने टीम को जीत दिला दी।
श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ ने युगल मैच में एडिना डायकोनू और एलिजाबेटा समारा पर 11-9, 12-10, 11-7 से जीत दर्ज करके मुकाबले की शुरुआत की। मनिका ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली बर्नाडेट जोक्स को 11-5, 11-7, 11-7 से हराया जिससे भारत ने अपने चौथे वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 2-0 की बढ़त हासिल की। प्रतियोगिता में भारत को 11वीं वरीयता दी गई है। दूसरे एकल में पहला गेम जीतने के बाद श्रीजा यूरोपीय चैंपियन समारा से 2-3 (11-8 4-11 11-7 6-11 8-11) से हार गईं। श्रीजा की हार के बाद अर्चना और बर्नाडेट के बीच मुकाबला हुआ। बर्नाडेट ने पहला गेम 11-5 से जीत लिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने दूसरा गेम 11-8 से जीतकर बराबरी हासिल कर ली। बर्नाडेट ने अगले दो गेम 11-7, 11-9 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया और मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया।
इसके बाद मनिका ने एडिना को 3-0 (11-5, 11-9, 11-9) से हराकर भारत को अंतिम आठ में जगह दिलाई। क्वार्टर फाइनल में भारत का मुकाबला अमेरिका या जर्मनी से होगा।
पिछले हफ्ते मनिका और श्रीजा दोनों ने ओलंपिक में व्यक्तिगत स्पर्धा में राउंड ऑफ 16 तक पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर टेबल टेनिस में इतिहास रचा था। हालांकि दोनों ही खिलाड़ी इसके बाद आगे नहीं बढ़ सकीं और अपने से बेहतर रैंकिंग वाली खिलाड़ियों से हार गईं।



मनिका बत्रा

# भारत को नीरज चोपड़ा के पेरिस में चमकने का इंतजार

**एजेंसी, पेरिस**

भारतीय एथलेटिक्स के लिए कई कीर्तिमान रच चुके नीरज चोपड़ा अपने दूसरे ओलंपिक में एक बार फिर अपने भाले से इतिहास रचना चाहेंगे चूंकि 140 करोड़ भारतीयों को उनसे एक बार फिर पीले तमगे की उम्मीद है ।
उनकी अप्रतिम निरंतरता की एक बार फिर परीक्षा होगी क्योंकि पूरे सत्र में वह जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में (एडक्टर) परेशानी से जूझते आये हैं। वह मंगलवार को क्वालीफिकेशन दौर में उतरेंगे और फाइनल आठ अगस्त को खेला जाएगा।
चोपड़ा अगर स्वर्ण जीतते हैं तो ओलंपिक के इतिहास में खिताब बरकरार रखने वाले 5वें खिलाड़ी हो जाएंगे। इसके साथ ही ओलंपिक व्यक्तिगत वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय भी बनेंगे। ओलंपिक की पुरुष भालाफेंक स्पर्धा में अभी तक एरिक लेमिंग (स्वीडन 1908 और 1912), जोन्नी माइरा (फिनलैंड 1920 और 1924), चोपड़ा के आदर्श जान जेलेंजी (चेक गणराज्य 1992 और 1996) और आंद्रियास टी (नॉर्वे 2004 और 2008) की ओलंपिक में भालाफेंक स्पर्धा में खिताब बरकरार रख सके हैं ।
इस साल चोपड़ा ने सिर्फ तीन स्पर्धाओ में भाग लिया लेकिन उनके बाकी प्रतिस्पर्धी भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।



## महेश्वरी-नरूका स्कीट मिश्रित टीम में कांस्य पदक के मुकाबले में

**एजेंसी, शेटराउ**

भारतीय निशानेबाजों महेश्वरी चौहान और अनंत जीत सिंह नरूका ने पेरिस ओलंपिक स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक के मुकाबले के लिए क्वालीफाई कर लिया। भारतीय जोड़ी ने क्वालीफिकेशन में 146 स्कोर किया। अब कांस्य पदक के लिये उनका मुकाबला चीन से होगा। भारतीय जोड़ी क्वालीफिकेशन के पहले चरण के बाद 49 अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर थी। पहले दौर में नरूका ने 25 में से 25 और महेश्वरी ने 24 अंक बनाए। दूसरे दौर में महेश्वरी ने 25 अंक बनाए लेकिन नरूका दूसरी और पांचवीं सीरिज में चूककर 23 अंक ही बना सके। तीसरे दौर में महेश्वरी ने 25 और नरूका ने 24 अंक बनाए।



## कांस्य के मुकाबले में ली से हारे लक्ष्य

पेरिस । लक्ष्य सेन पहला गेम जीतने और दूसरे में बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन की पुरुष एकल स्पर्धा के कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में सोमवार को यहां मलेशिया के ली जी जिया के खिलाफ तीन गेम में हारकर इस स्पर्धा में पदक जीतने वाला पहला भारतीय खिलाड़ी बनने से चूक गए। सेमीफाइनल की तरह कांस्य पदक के प्लेऑफ में भी दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने बढ़त गंवाई और उन्हें 71 मिनट चले मुकाबले में दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी ली के खिलाफ 21-13, 16-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।
इस हार के साथ लक्ष्य साइना नेहवाल और पीवी सिंधू के बाद ओलंपिक पदक जीतने वाला तीसरा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बनने से भी चूक गए।

# स्वर्ण से दो जीत दूर भारतीय हॉकी टीम के सामने जर्मनी की चुनौती

**एजेंसी, पेरिस**

ओलंपिक में 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने की राह पर भारतीय हॉकी टीम के सामने मंगलवार को सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन जर्मनी की चुनौती होगी और इस बाधा को पार करके टीम 'संकटमोचक' पीआर श्रीजेश को शानदार विदाई देने के अपने मिशन की अगला कदम रखेगी।
भारत ने 8 ओलंपिक स्वर्ण में से आखिरी 1980 में मॉस्को में जीता था और अब पेरिस में उसके पास 44 साल बाद इतिहास रचने का मौका है। सेमीफाइनल जीतने पर भारत का रजत तो पक्का हो जाएगा जो आखिरी बार उसने 1960 में रोम में जीता था। अमित रोहिदास की गैर-मौजूदगी भारत को पेनल्टी कॉर्नर में भी खलेगी क्योंकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह के बाद वह भारत के ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ हैं। विश्व रैंकिंग और एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड को देखें तो मौजूदा विश्व चैंपियन और चार बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता जर्मनी और भारत में ज्यादा फर्क नहीं है। जर्मनी विश्व रैंकिंग में चौथे और भारत 5वें स्थान पर है।
वहीं भारतीय हॉकी टीम के प्रमुख डिफेंडर अमित रोहिदास जर्मनी के खिलाफ मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उन पर लगाए गए एक मैच के निलंबन के खिलाफ दायर की गई हॉकी इंडिया की अपील को इस खेल की विश्व संस्था एफआईएच ने खारिज कर दिया।




मैच रात 10 :30 बजे खेला जाएगा

### स्त्रोन देवता शनोल मेला को देखने के लिए उमड़ा जनसैलाब

# पंजाब के लाली गामा को हराकर चंडीगढ़ के आशीष ने जीती माली

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ क्षेत्र का पारंपरिक स्त्रोन देवता शनोल मेला रविवार को चुरवाधार के समीप कूफर जोहड़ में सपंन हुआ। विशाल दंगल और सांस्कृतिक कार्यक्रम मेले में लोगों के आकर्षण का केद्र रहा। कुश्ती में उत्तरी भारत के नामी पहलवानों ने अपने जौहर दिखाए।
प्रमुख माली चंडीगढ़ के नामी पहलवान आशीष ने पंजाब के लाली गामा को फाइनल में हराया, जबकि छोटी माली मरयोग के वीरसिंह ने चंडीगढ़ क्के चेतन हो हरा कर जीती। मेला समिति ने बड़ी माली जीतने वाले आशीष पहलवान को 41 हजार की नकद राशि और ट्रॉफी प्रदान करके सम्मानित किया गया। मेले में वर्मा ज्वैलर्ज सोलन के मालिक नरेश चंद वर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। दिल्ली के आढ़ती प्रमेश चौहान ने समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की।
मेला कमेटी के प्रधान शेखर शर्मा ने मुख्य अतिथि सहित मेले में आए सभी लोगों का स्वागत किया मेला समिति के उप प्रधान सुभाष अत्री और सचिव वेदप्रकाश सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे। दंगल में कुंडु, रामलाल, ओमप्रकाश और रमेश ने निर्णायक की भूमिका निभाई । मेले में विभिन्न सांस्कृतिक दलों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके लोगों का भरपूर मनोरंजन करवाया। (अनंत ज्ञान)



## इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थोर्प का निधन

**लंदन।** इंग्लैंड और सरे के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थोर्प का 2022 से गंभीर बीमारी से जूझने के बाद निधन हो गया है। वह 55 वर्ष के थे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने यह जानकारी दी। इंग्लैंड की तरफ से 1993 से 2005 तक 100 टेस्ट मैच खेलने वाले थोर्प 2022 में अफगानिस्तान का मुख्य कोच नियुक्त किए जाने के कुछ दिन बाद गंभीर रूप से बीमार हो गए थे लेकिन उनकी चिकित्सा स्थिति का विवरण ज्ञात नहीं है।
इस बल्लेबाज ने टेस्ट क्रिकेट में 44.66 की औसत से 6,744 रन बनाए, जिसमें 16 शतक भी शामिल हैं। थोर्प ने 1993 में एशेज सीरीज में शतक बनाकर अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की।
बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2000-01 सत्र के दौरान पाकिस्तान और श्रीलंका में इंग्लैंड की लगातार दो सीरीज में जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## अश्विन ने डिंडीगुल ड्रैगंस को पहला टीएनपीएल खिताब दिलाया



विजयी ट्रॉफी के साथ पोज देते डिंडीगुल ड्रैगंस के खिलाड़ी।

**एजेंसी, चेन्नई**

भारतीय स्टार रविचंद्रन अश्विन की कप्तानी पारी की बदौलत डिंडीगुल ड्रैगंस ने लाइका कोवई किंग्स को छह विकेट से हराकर तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में अपना पहला खिताब जीता। डिंडिगुल ड्रैगंस ने गत चैंपियन लाइका कोवई किंग्स के खिलाफ फाइनल में अश्विन के 46 गेंद में 52 रन की मदद से 130 रन के लक्ष्य का पीछा किया। अश्विन ने एक चौके और तीन छक्के जड़े और बाबा इंदरजीत (32 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी निभाई।

# धर्मपुर अकादमी में हुई कराटे ग्रेडिंग में 16 खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

**अनंत ज्ञान, सोलन**

समुराई कराटे शितोरियू इंडिया स्टाइल की ओर से धर्मपुर कराटे अकादमी में सालाना कराटे ग्रेडिंग (परीक्षा) का आयोजन किया गया, जिसमें 16 खिलाड़ियों ने अलग-अलग रंगों की कराटे बेल्ट हासिल की। धर्मपुर अकादमी के कुल 40 खिलाड़ियों ने साल भर इस ग्रेडिंग को क्वालिफाई करने के लिए पसीना बहाया।
अंत में केवल 16 खिलाड़ियों ने ग्रेडिंग में सफलता हासिल की, जिसमें रक्षित ठाकुर ने सीनियर ब्राउन बेल्ट, नीरज ठाकुर, कोमल और शारवी गुप्ता ने ब्राउन बेल्ट, गायत्री राणा, प्रणय मुंशी और आरुषि ने पर्पल बेल्ट प्राप्त की। जागृति व शौर्य ने ब्लू बेल्ट, सावी गुप्ता, लक्ष्मी, दिव्यांश और उदित ने ग्रीन बेल्ट, हर्षाली, शास्वत ने ऑरेंज बेल्ट जबकि ओम सिंगला ने येलो बेल्ट प्राप्त की। ग्रेडिंग समुराई कराटे शितोरियू इंडिया के टेक्निकल डायरेक्टर 6 डिग्री ब्लैक बेल्ट रेन्शी संजीव ठाकुर ने ली। इस अवसर पर कोच अनिल सकलानी, विशाल ठाकुर, अक्षय ठाकुर व अब्बू मौजूद रहे।



### कांगड़ा के पवन को मिली थर्ड डिग्री ब्लैक बेल्ट

ग्रेडिंग में कांगड़ा जिला के डाडासीबा से आए पवन ने अपनी कला के अद्भुत प्रदर्शन से उपस्थित खिलाड़ियों में जोश भर दिया। हालांकि ग्रेडिंग सिर्फ धर्मपुर अकादमी की थी, लेकिन कई सालों से कड़ी मेहनत कर रहे पवन कुमार ने इस ग्रेडिंग में भाग लेने की इच्छा जताई। जिस कारण स्टायल हेड ने पवन का थर्ड डिग्री ब्लैक बेल्ट टेस्ट लिया। इस टेस्ट में पवन ने कराटे कला का अलग-अलग तकनीकों का नमूना पेश किया। बेहद हार्ड टेस्ट के बाद पवन ने ग्रेडिंग में सफलता हासिल की।

## गर्भवती होने के बावजूद ओलंपिक में दम दिखा रही हैं कुछ खिलाड़ी

**एजेंसी, पेरिस**

ओलंपिक में भाग ले रहे कई खिलाड़ी अपनी जीत और हार की खबरें इंस्टाग्राम पर साझा करते हैं लेकिन पिछले सप्ताह तलवारबाजी में भाग लेने वाली मिस्र की नाडा हाफिज ने कुछ और ही साझा किया। उन्होंने खुलासा किया कि वह अकेले तलवारबाजी नहीं कर रही थी, कोई और भी उनके साथ था। हाफिज सात महीने की गर्भवती है। हाफिज ने मैच के दौरान की अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ''मंच पर आपको दो खिलाड़ी दिखाई दे रहे हैं लेकिन वह असल में तीन हैं। मैं, मेरी प्रतिद्वंदी और मेरा होने वाला बच्चा।''
वह इस प्रतियोगिता में 16वें स्थान पर रही जो तीन ओलंपिक खेलों में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।
इसके एक दिन बाद अजरबेजान की तीरंदाज ने भी खुलासा किया कि वह साढ़े छह महीने की गर्भवती है। यायलागुल रमाजानोवा ने सिन्हुआ न्यूज को बताया कि शॉट लेने से पहले उसे अपने बच्चे की किक महसूस हुई थी और फिर उसने 10 का स्कोर किया, जो अधिकतम अंक है।
ओलंपिक में इससे पहले भी गर्भवती महिलाएं भाग लेती रही हैं। ओलंपिक से इतर देखें तो दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने 2017 में गर्भवती होने के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था और तब वह खिताब जीतने में सफल रही थी।



यायलागुल रमाजानोवा

